# समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 100
लखनऊ, बुधवार 27 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





कांग्रेस ने संविधान के स्वरूप को बदलने का किया प्रयास : मुख्यमंत्री योगी 03

कांग्रेस ने संविधान की आत्मा को कमजोर किया : नड्डा 12


## संक्षिप्त समाचार

### एक करोड़ रुपये के स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना नानौता पुलिस ने दो कथित नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 531 ग्राम स्मैक बरामद हुई है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ छह लाख रुपये आंकी गयी है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि मिली एक सूचना पर सोमवार की शाम को थाना नानौता पुलिस ने एएनटीएफ टीम की मदद से हमाम नहर पुल से अभियुक्त नौशाद एवं शारिक को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से 531 ग्राम स्मैक, दो मोबाइल व एक बाइक बरामद हुई। पुलिस अधिकारी के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दोनों अपने एक अन्य साथी के कहने पर बरेली से स्मैक लाकर उसे देते हैं। इसके एवज में उन्हें अच्छे पैसे मिलते हैं। वे यह काम काफी दिनों से कर रहे हैं, जिसमे उन्हें फायदा होता हैं। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

### ईडी ने चिटफंड घोटाले की जांच के सिलसिले में मारा छापा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित चिटफंड घोटाले की जांच को आगे बढ़ाते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज सुबह कोलकाता और आसपास के इलाकों में कई जगह छापा मारा है। यह कार्रवाई फर्जी निवेश कंपनी प्रयाग से जुड़े वित्तीय घोटाले की जांच के तहत की जा रही है। ईडी की चार टीमें कंपनी निदेशक के घर और कार्यालयों की तलाशी ले रही हैं। यह कार्रवाई दक्षिण कोलकाता और उसके आसपास के क्षेत्र में चल रही है। यह छानबीन सात साल पुराने मामले से जुड़ी है, जिसमें प्रयाग चिटफंड कंपनी के मालिक और उनके बेटे को वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ईडी की टीमें सुबह प्रयाग कंपनी के निदेशक अभीक बागची के न्यू अलीपुर स्थित घर पर पहुंचीं और तलाशी अभियान शुरू किया। इसके अलावा जोका में कंपनी के कार्यालय पर भी छापा मारा गया। इस समूह से जुड़े कुछ अन्य ठिकानों पर भी जांच की जा रही है।

### संविधान पर ऑनलाइन हिंदी पाठ्यक्रम होगा शुरू : मंत्री

**नई दिल्ली।** कानून और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान दिवस के अवसर पर भारत के संविधान पर ऑनलाइन हिंदी पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की। विधि एवं न्याय मंत्रालय के अनुसार इस पहल का उद्देश्य हमारे संविधान के ज्ञान को प्रत्येक नागरिक के लिए सुलभ बनाना है, चाहे उनकी शैक्षिक और सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। ऑनलाइन पाठ्यक्रम में 15 वीडियो में हमारे संविधान के महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम संविधान के सार, इसकी ऐतिहासिक यात्रा और आधुनिक भारत को आकार देने में इसकी भूमिका के बारे में लोगों को गहरी समझ प्रदान करने के लिए बनाया गया है।

## छापेमारी में कई ओवर ग्राउंड वर्कर्स व आतंकी संदिग्धों की गिरफ्तारी

**जम्मू।** पुलिस ने प्रतिबंधित संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े आतंकवादी नेटवर्क पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। इस दौरान जम्मू सभाग के चार जिलों में विभिन्न स्थानों पर 56 छापे मारे गए और तलाशी ली गई है। बड़े पैमाने पर किए गए ऑपरेशन के परिणामस्वरूप कई ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और आतंकी संदिग्धों की गिरफ्तारी हुई है और साथ ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, दस्तावेजों, बेहिसाब नकदी, हथियारों और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन ने कहा कि छापे के दौरान एकत्र की गई सामग्री और सूचनाओं के आधार पर जांच जारी रहेगी। क्षेत्र में शांति को बाधित करने का प्रयास करने वाले किसी भी शेष तत्व को लक्षित करने के लिए आगे के ऑपरेशन की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई में आतंकी नेटवर्क को निशाना बनाया गया और जम्मू क्षेत्र में 56 छापे मारे गए और तलाशी ली गई।

## राज्य सभा की छह सीटों के लिए उपचुनाव 20 दिसंबर को

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने राज्य सभा की छह रिक्त सीटों के लिये उपचुनाव 20 दिसंबर को कराने की घोषणा की है और इसके लिए अधिसूचना तीन दिसंबर को जारी की जायेगी।

आयोग की ओर से मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इनमें आन्ध्र प्रदेश से तीन सीटें, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और हरियाणा से एक-एक सीट के चुनाव कराये जाने हैं। चुनाव आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, इन छह सीटों पर उपचुनाव के लिये अधिसूचना आगामी तीन दिसंबर को जारी की जाएगी और उसी के साथ नामांकन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। नामांकन 10 दिसंबर तक दाखिल किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 11 दिसंबर को की जाएगी और 13 दिसंबर तक वापस लिये जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर 20 दिसंबर को सुबह नौ से शाम चार बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतगणना उसी दिन, पांच बजे करायी जाएगी। उप-चुनाव की पूरी प्रक्रिया 24 दिसंबर तक संपन्न हो जाएगी।

# श्रद्धालुओं को स्वच्छ कुंभ के साथ डिजिटल कुंभ के भी होंगे दर्शन

**13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा प्रयागराज महाकुंभ**

समृद्धि न्यूज




13 जनवरी को पौष पूर्णिमा का स्नान 14 को मकर संक्रांति का शाही स्नान 29 को मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी 3 फरवरी, 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा व 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का स्नान होगा। इस बार 45 दिन का होगा प्रयागराज कुंभ का आयोजन

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को कहा कि प्रयागराज में अगले साल जनवरी में शुरू होने वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं को स्वच्छ कुंभ के साथ डिजिटल कुंभ के भी दर्शन होंगे।

सीएम योगी ने कहा कि पहले कुंभ मेले के प्रभारी मंत्री का दायित्व ऐसे लोगों को मिलता था, जिनके भीतर श्रद्धा तक नहीं थी। हम सबने कुंभ को गंदगी, भगदड़ व अव्यवस्था का पर्याय बना दिया था। कुंभ मेले के प्रभारी मंत्री का दायित्व भी ऐसे लोगों को दिया जाता था, जिन लोगों में श्रद्धा, परंपरा, संस्कृति व विरासत के प्रति का सम्मान नहीं था, लेकिन हमने विरासत के प्रति सम्मान, श्रद्धा का भाव रखा। प्रयागराज कुंभ की व्यवस्था को देखकर 2019 में यूनेस्को ने मानवता के अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में कुंभ को मान्यता दी है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा का स्नान होगा। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का शाही स्नान होगा। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी 3 फरवरी, 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा व 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का स्नान होगा। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक आयोजन में से एक प्रयागराज कुंभ का आयोजन इस बार 45 दिन का होगा।

**सनातन धर्म की परंपरा को नई पहचान देगा महाकुंभ : योगी**

योगी ने विकास, विरासत व महाकुंभ को लेकर हो रहे मीडिया समूह के इस कार्यक्रम को सकारात्मक सोच का परिचायक बताया। उन्होने महाकुंभ-2025 को लेकर सरकार की तैयारियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही है। 2019 कुंभ में 23-24 करोड़ श्रद्धालु आए थे। इस बार 45 दिन में 35-40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। वायु, रेल के साथ ही सड़क मार्ग के जरिए प्रयागराज फोर व सिक्स लेन से जुड़ सके। इसकी तैयारी भी युद्ध स्तर पर चल रही है। कुंभ के क्षेत्रफल में भी विस्तार किया गया है। 2025 महाकुंभ में डेढ़ लाख शौचालय बनाए जा रहे हैं। स्वच्छ कुंभ के साथ डिजिटल कुंभ के भी दर्शन होंगे। डिजिटल स्वच्छता, सुरक्षा, डिजिटल पार्किंग व कुंभ की पूरी मैपिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मिलेगी।

# संविधान ने लोकतंत्र के सामने आई चुनौती का किया सामना

**पीएम ने संविधान दिवस पर न्यायपालिका की वार्षिक रिपोर्ट की जारी**

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार शाम सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने यहां भारतीय न्यायपालिका की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 जारी की। पीएम ने अपने



संबोधन में कहा- हमने देश में आपातकाल देखा है। हमारे संविधान ने लोकतंत्र के सामने आई इस चुनौती का सामना किया है। ये संविधान की ही ताकत है कि आज जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब अंबेडकर का संविधान पूरी तरह से लागू हो रहा है। आज पहली बार जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये भारतीय संविधान का 75वां वर्ष है। ये देश के लिए बहुत गर्व की बात है। मैं संविधान और संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करता हूं। हम यह नहीं भूल सकते कि आज मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है। पीएम ने कहा- जिन लोगों ने इस हमले में अपनी जान गंवाई। मैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं देश के संकल्प को भी दोहराना चाहता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले सभी आतंकवादी संगठनों को करारा जवाब मिलेगा।

**अब संस्कृत और मैथिली में भी पढ़ेंगे संविधान**

मंगलवार को ही देश के संविधान के 75 साल पूरे होने पर पुरानी संसद के सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम हुआ। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी मौजूद रहे थे। आयोजन की थीम हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान रखी गई थी। आयोजन में पहली बार पीएम नरेंद्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक साथ एक ही मंच पर बैठे नजर आए। इनके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, राज्यसभा के डिप्टी स्पीकर हरिवंश भी थे। संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया गया। संस्कृत और मैथिली में संविधान की प्रतियां भी जारी की गईं। 2 किताबों भारतीय संविधान का निर्माण : एक झलक और भारतीय संविधान का निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्रा का विमोचन किया गया।

**मुंबई आतंकवादी हमले में जान गंवाने वालों को दी गई श्रद्धांजलि**

मुंबई आतंकवादी हमलों की मंगलवार को 16वीं बरसी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत तमाम दिग्गजों ने इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अमित शाह ने सोशल मीडिया पर लिखा, आतंकवाद समूची मानव सभ्यता के लिए कलंक है। आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरे विश्व ने सराहा है और आज भारत आतंक विरोधी पहलों में विश्व में अग्रणी बना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शाह ने एक्स पर लिखा, साल 2008 में आज ही के दिन मुंबई में कायर आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की हत्या कर मानवता को शर्मसार किया था। 26/11 के मुंबई हमलों में आतंकियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त होने वाले जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

## कुंभ : चार एक्सप्रेस ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त अनारक्षित कोच

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि कुम्भ मेला-2025 को ध्यान में रखते हुए रेलगाड़ी संख्या 14308/14307 बरेली-प्रयागराज संगम-बरेली एक्सप्रेस एवं 14229/14230 प्रयागराज संगम-योगनगरी ऋषिकेश- प्रयागराज संगम एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से अतिरिक्त अनारक्षित (सामान्य ) कोच लगाये जाएंगे। सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि गाड़ी संख्या 14308 बरेली-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस में बरेली स्टेशन से चार सामान्य (अनारक्षित ) कोच आगामी 10 जनवरी से 28 फरवरी तक तथा गाड़ी संख्या14307 प्रयागराज संगम-बरेली एक्सप्रेस में प्रयागराज संगम स्टेशन से चार सामान्य (अनारक्षित ) कोच 13 जनवरी से 3 मार्च तक लगाये जाएंगे। सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि गाड़ी संख्या 14229 प्रयागराज संगम-योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस में प्रयागराज संगम स्टेशन से छह सामान्य (अनारक्षित) कोच 12 जनवरी से 27 फरवरी तक तथा रेलगाड़ी संख्या 14230 योगनगरी ऋषिकेश-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस में योगनगरी ऋषिकेश स्टेशन से 13 जनवरी से 28 फरवरी तक छह सामान्य (अनारक्षित ) कोच लगाये जाएंगे।

## हादसा : ट्रक-ई-रिक्शा की भिड़ंत में जीजा-साली की मौत, सात गंभीर

**रायबरेली के गुरबख्शगंज क्षेत्र का मामला, ड्राइवर की तलाश में जुटी पुलिस**

समृद्धि न्यूज

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसके चलते ई-रिक्शा सवार जीजा-साली की मौत हो गई। वहीं सात लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक मौके से फरार है। इलाके की पुलिस ट्रक ड्राईवर की तलाश में जुट गई है। पूरा मामला रायबरेली के गुरबख्शगंज थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।

गुरुबख्शगंज के जगतपुर बिजखौरा गांव निवासी राम सजीवन अपनी पत्नी सुमन, बच्चों और साली कंचन के साथ रायबरेली से अपने गांव के लिए सुबह करीब पांच बजे ई रिक्शा से निकले। रास्ते में कोहरा काफी घना था। जिसके चलते सामने से आ रहे ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में राम सजीवन और उसकी साली कंचन की मौत हो गई। वहीं सुमन, आदित्य (13), राशी (5), अरुण (14) समेत सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां से आदित्य और राशी को एम्स रेफर कर दिया गया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बरा हाल है। एक ही परिवार के दो लोगों की मौत से सभी गांव वाले सदमे में हैं। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। आपको बता दें कि नवविवाहित कंचन अपने जेवर का बैग साथ लिए हुए थी। घटना के बाद जेवर बैग से गायब हैं। परिदनों ने एंबुलेंस चालक और पुलिस पर चोरी का आरोप लगाया है। जेवर बैग से गायब होने की वजह से परिजन काफी आक्रोश में हैं।

### मकान में विस्फोट, चार की मौत, पांच लोग घायल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुरैना शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में दो मंजिला मकान में जबरदस्त विस्फोट हो गया। इस धमाके में कुल तीन मकान धराशायी हो गए और चार महिलाओं की मौत हो गई। इनमें दो महिलाओं के शव रात में ही मिल गए थे, जबकि मलबे में दबी दो महिलाओं के शव करीब 11 घंटे बाद मंगलवार को दोपहर में निकाले जा सके। दोनों के बीच मां-बेटी का रिश्ता है। वहीं, हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं।

## सात बार के भाजपा विधायक श्याम देव राय का निधन

**वाराणसी।** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और शहर दक्षिणी से सात बार विधायक रहे श्यामदेव राय चौधरी दादा का पार्थिव शरीर मंगलवार शाम पंचतत्व में विलीन हो गया। मोक्षतीर्थ मणिकर्णिकाघाट पर उनका अन्तिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र स्वप्रकाश राय चौधरी ने दी। इसके पहले बड़ादेव कोदईचौकी स्थित आवास पर दादा को श्रद्धांजलि देने के लिए विभिन्न दलों के नेता जुटे रहे। बड़ादेव आवास पर राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल, राज्यमंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु, प्रदेश के पूर्व मंत्री और शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, पूर्व महापौर मृदुला जायसवाल, भाजपा काशी क्षेत्र के पदाधिकारी, सपा नेता व पूर्व मंत्री सुरेन्द्र पटेल, पूजा यादव आदि ने पार्थिव शरीर को नमन किया। आवास से शाम को दादा की अंतिम यात्रा निकली।

## केन्द्र सरकार ने आपदा न्यूनीकरण परियोजनाओं के लिए 1115 करोड़ रुपए की राशि को दी मंजूरी

**गृह मंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समिति की बैठक**

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने विभिन्न राज्यों के लिए आपदा न्यूनीकरण और क्षमता निर्माण परियोजनाओं के लिए 1115.67 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति की बैठक में इस राशि को मंजूरी दी गयी।

गृह मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष की सदस्यता वाली समिति ने राष्ट्रीय आपदा शमन निधि से 15 राज्यों में भूस्खलन के जोखिम को कम करने के प्रस्ताव के वित्त पोषण और राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के फंडिंग विंडो से तैयारी और क्षमता निर्माण के तहत सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के प्रस्ताव पर विचार किया। उच्चस्तरीय समिति ने 15 राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 1000 करोड़ रुपये की कुल लागत से राष्ट्रीय भूस्खलन जोखिम न्यूनीकरण परियोजना को मंजूरी दी है। समिति ने उत्तराखंड के लिए 139 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 139 करोड़ रुपये, पूर्वोत्तर के 8 राज्यों के लिए 378 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र के लिए 100 करोड़ रुपये, कर्नाटक के लिए 72 करोड़ रुपये, केरल के लिए 72 करोड़ रुपए, तमिलनाडु के लिए 50 करोड़ और पश्चिम बंगाल के लिए 50 करोड़ रुपए को मंजूरी दी। उच्चस्तरीय समिति ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सिविल डिफेंस के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए 115.67 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली एक अन्य परियोजना को भी मंजूरी दी है।

## फैसला : अपराध से अर्जित प्रॉपर्टी अब पीड़ितों को बांटेगी योगी सरकार

**डीजीपी प्रशांत कुमार की तरफ से एसओपी भी हुई जारी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार गरीबों और जरूरतमंदों के आराम के लिए नए-नए नियम और स्कीमें निकालती रहती है। अपराध से जुटाई गई संपत्ति पर योगी सरकार का बुल्डोजर चलता रहता है। अब प्रदेश सरकार ने नया नियम निकाला है। अपराध से जुटाई गई संपत्ति कुर्क कर पीड़ितों को बांटा जाएगा। इसके लिए डीजीपी प्रशांत कुमार की तरफ से एसओपी भी जारी कर दी गई है।

बता दें कि यह एसओपी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 107, 107(6) के तहत जारी की गई है। इस धारा के तहत कुर्क की गई संपत्ति के संबंध में अगर आरोपी 14 दिन में कोई जवाब नहीं देता है तो कोर्ट एक पक्षीय आदेश दे सकता है। ऐसी संपत्ति अपराध से प्रभावित लोगों को बांटी जा सकती है। इस मामले में डीएम जल्द ही आदेश दे सकते हैं। पीड़ितों के बीच संपत्ति बांटने के लिए डीएम को निर्देश जारी करने होंगे। एसओपी के मुताबिक, कोर्ट के आदेश पर डीएम ऐसी कुर्क संपत्तियों को नीलाम कर सकते हैं, या फिर अपराध से प्रभावित पीड़ितों के बीच 2 महीने में बांट सकते हैं। पुलिस को ऐसे मामलों में कप्तान या पुलिस कमिश्नर की इजाजत लेकर कोर्ट में प्रार्थना पत्र देना होगा।

### बिलासपुर-कटनी रेल रूट पर बड़ा रेल हादसा

**गौरेला।** पेंड्रा मरवाही बिलासपुर से कटनी की ओर जा रही एक मालगाड़ी, जिसमें कोयला लदा हुआ था, पेंड्रा के भनवारटंक रेलवे स्टेशन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में मालगाड़ी के इंजन सहित 23 डिब्बे पलट गए। इस घटना के परिणामस्वरूप ओएचई (ऑर्डिनरी हाई इलेक्ट्रिक) तार और सिग्नल के खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे रेलवे नेटवर्क पर भारी असर पड़ा है। इस हादसे के बाद अप और डाउन दोनों रूट्स पर ट्रेन आवागमन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। रेलवे को करोड़ों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। रेलवे बचाव दल और स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गए हैं और राहत कार्य चलाए जा रहे हैं। अधिकारी स्थिति का जायजा ले रहे हैं और जल्द ही ट्रेन सेवा को बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ट्रेन में कोयला ज्यादा होने की वजह से हादसा हुआ है।

## मुख्यमंत्री के फरमान से फेसलेस हो रहीं अधिकाधिक सेवाएं : दयाशंकर

**सारथी पोर्टल पर 16 सेवाएं हुईं फेसलेस**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश की योगी-02 सरकार प्रदेश के लोगों को बेहतर सेवायें सरल एवं सुलभ तरीके से मुहैया कराने का कार्य कर रही है। प्रदेश के लोगों को अधिक से अधिक सेवायें उनके द्वार पर ही उपलब्ध हो, इस दिशा में आगे बढ़ते हुए परिवहन विभाग द्वारा अब तक 22 सेवाओं को फेसलेस कर दिया है। 22 सेवाओं में से 16 सेवायें मंगलवार को फेसलेस की गई हैं।

उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग की वाहन पोर्टल की 15 एवं सारथी पोर्टल की 22 सेवाओं सहित कुल 37 सेवायें फेसलेस हो चुकी है।केंद्र सरकार ने अधिसूचित 58 सेवाओं में से 50 सेवाओं को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से कांट्रैक्लेस रूप में प्राप्त किये जाने हेतु जनमानस को एक विकल्प प्रदान किया है। आवेदक को 50 सेवाओं हेतु संबंधित परिवहन कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदक अपने आधार नम्बर का प्रयोग कर आधार नम्बर से लिंक मोबाइल नम्बर से प्राप्त ओटीपी के माध्यम से घर बैठे ही सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकता है।

**चर्चा** | **सेना प्रमुख जनरल उपेंद द्विवेदी ने युवा सैन्य कमांडरों व अगली पीढ़ी के सैन्य अफसरों से की बात**

# बदलते परिवेश में नई तकनीक व हथियार अपनाएं सैन्य कमांडर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को भारतीय सेना के युवा सैन्य कमांडरों और अगली पीढ़ी के सैन्य अधिकारियों से युद्ध के उभरते तौर-तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने भारत के संदर्भ में उभरते



खतरों और चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए परिवर्तन की निरंतर गति और समय के साथ आगे चलने की आवश्यकता पर जोर दिया। सैन्य सोच में बड़े बदलाव का आह्वान करते हुए सीओएएस ने अधिकारियों से युद्ध के हथियारों और नई तकनीक अपनाने का आग्रह किया।

जनरल द्विवेदी ने पुणे के रक्षा सेवा तकनीकी स्टाफ कोर्स (डीएसटीएससी) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों को गिरिनगर स्थित सैन्य प्रौद्योगिकी संस्थान (एमआईएलआईटी) के मेहरा ऑडिटोरियम में भारतीय सेना के युवा सैन्य कमांडरों और अगली पीढ़ी के सैन्य अधिकारियों को संबोधित किया तो माहौल जीवंत हो उठा। सेना प्रमुख के दूरदर्शी शब्दों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों पर अमिट प्रभाव छोड़ा, जिससे उन्हें दृढ़ संकल्प और अथक उत्साह के साथ आधुनिक युद्ध की चुनौतियों का सामना करने की ऊर्जा मिली। अपने भावपूर्ण संबोधन में जनरल द्विवेदी ने युद्ध के उभरते तौर तरीकों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने परिवर्तन की निरंतर गति और समय के साथ आगे चलने की आवश्यकता पर जोर दिया। सेना प्रमुख ने रक्षा तैयारियों को केवल एक आवश्यकता नहीं, बल्कि कला, रणनीति और सटीकता का संयोजन बताया। भारत के संदर्भ में उभरते खतरों और चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए जनरल द्विवेदी ने भारतीय सेना की परिवर्तनकारी पहलों पर जोर दिया।

**राष्ट्र निर्माण में सेना का योगदान महत्वपूर्ण**

सेना प्रमुख ने राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मानवीय सहायता प्रदान करने, निराशा के समय में सांत्वना और आशा जगाने में सेना की बेजोड़ भूमिका के बारे में गर्व के साथ बात की। उन्होंने खतरनाक लड़ाई वाले क्षेत्रों से भारतीयों को निकालने में सेना के साहस की भी सराहना की, जिसमें सामरिक प्रतिभा और मानवीय करुणा का परिचय दिया गया। सैन्य कूटनीतिक तालमेल के महत्व पर जोर देते हुए सेना प्रमुख ने बाहरी खतरों का मुकाबला करने के लिए एकता की शक्ति को रेखांकित किया। सेना प्रमुख ने न केवल भारतीय सशस्त्र बलों के लिए, बल्कि मित्र देशों के लिए भी सैन्य अधिकारियों को तैयार करने में एमआईएलआईटी की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि एमआईएलआईटी ऐसा केंद्र है, जहां भविष्य के सैन्य अधिकारियों को बुद्धि, चरित्र और उद्देश्य के साथ गढ़ा जाता है।

# संविधान दिवस के अवसर पर स्कूलों व पालिका परिषद में हुए विविध आयोजन

**संविधान दिवस पर भाषण, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन, मेधावी पुरस्कृत**



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

गुरु हरिकिशन महाविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर समस्त छात्र छात्राओं ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा। कि हम सभी को संविधान का अक्षरशः पालन करना चाहिए। डॉ. आदर्श दीक्षित ने विद्यार्थियों को बताया कि संविधान कैसे और किन परिस्थितियों में बना, साथ ही विद्यार्थियों से आग्रह किया। कि वह अपने मूल कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें। भाषण प्रतियोगिता में दिव्या दीक्षित प्रथम, काजल मिश्रा द्वितीय, नेहा तृतीय रही। रंगोली प्रतियोगिता में अंजली चौधरी, श्वेता वर्मा, जैनिश, तृषा की टीम को प्रथम पायल, काजल, इशिका व अमरीन की टीम को द्वितीय आरती राठौर व नेहा शर्मा की टीम को तृतीय एवं पायल वर्मा, अंकिता वर्मा, जूली देवी, अंशी निगम, ममता देवी, स्वाती पटेल को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। पेंटिंग प्रतियोगिता में रागिनी वर्मा प्रथम, अनुष्का वर्मा द्वितीय, सुषमा गुप्ता को तृतीय स्थान एवं सौम्या सिंह तोमर व नुजहत खातून को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

इस मौके पर शिक्षक अशोक कुमार वर्मा, पदुमकांत मिश्रा, अरुण शुक्ला, श्वेतांक सक्सेना, आकाश शर्मा, सुधाकर मिश्रा, जितेंद्र सिंह, कन्हैयालाल मिश्र, वेदिका पुरवार, शांति वर्मा, श्वेता गुप्ता, अर्चना वर्मा, ऋषि मिश्रा, विनीत मोहन मिश्रा, दीपक मिश्रा मौजूद रहे। उधर नगर पालिका परिषद में संविधान दिवस पर कार्यक्रम हुआ। जिसकी शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्रधानमंत्री के लाइव संबोधन को सुना गया। संविधान में वर्णित अपने अधिकारों, कर्तव्यों एवं दिशानिर्देश का पालन करने की नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शपथ दिलाई। कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। भारतीय संविधान देश के मौलिक कानून के रूप में हमारे मूल्यों, सिद्धांतों और शासन के ढांचे का प्रतीक है। यह भारत की सर्वोच्च विधि के रूप में भूमिका निभाता है, तथा राज्यों के कामकाज का भी मार्गदर्शन करता है। अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि भारतीय समाज को एकरूपता, समरसता तथा स्वतंत्रता का अधिकार देता है। इस मौके पर सभासद हरिओम वर्मा, हर्ष अवस्थी, राजेश वर्मा, मोहित कनौजिया, धर्मेन्द्र तिवारी, रियाजुद्दीन, सुफियान खान, आनंद सोनी, रज्जन खान, दानिश अंसारी खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी सहित पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## उचक्का होटल व्यापारी से नकदी व मोबाइल छीनकर फरार

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** शहर की मिल रोड स्थित एक होटल संचालक से दिनदहाडे एक उचक्का नगदी व मोबाइल लूट ले गया। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। बता दे कि मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी आकाश शाह पुत्र कृष्णा शाह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि सोमवार को 11 बजे एक व्यक्ति उसके होटल पर मिठाई लेने के लिए आया। और अचानक उसके हाथ पर झपटटा मारकर 35 सौ रूपये, मोबाइल छीनकर भाग निकला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** पुलिस ने वाछिंत अभियुक्त अमित तिवारी उर्फ राज को एक मोबाइल सहित नगदी व एक तंमचा जिन्दा कारतूस सहित बरामद कर चालान भेजा है। गोला पुलिस ने वांछित अभियुक्त अमित तिवारी उर्फ राज पुत्र रामकिशन तिवारी निवासी गुटैया बाग थाना कोतवाली सदर को एक मोबाइल, 2400 रुपये और एक तंमचा 12 बोर एक जिन्दा कारतूस के साथ कोटवारा मोड से हिरासत में लिया गया। जिसका चालान भेज दिया है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना में कई मुकदमे दर्ज हैं।

## मामूली विवाद में मारपीट

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** मामूली विवाद में दो पक्षो में मारपीट हो गई। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के ग्राम जलालपुर निवासी दुन्ने पुत्र अब्दुलगनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया। कि 23 नवंबर को वह बाजार में मूंगफली खरीदने गया था। उसी दौरान गांव निवासी जितेन्द्र पुत्र छोटेलाल से विवाद हो गया। जिसके बाद जितेन्द्र ने उसे लात घूंसो से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

## पति के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** महिला ने अपने पति पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। जिसमें ग्राम खोजियापुर निवासी आरती देवी पत्नी भूपेंद्र ने बताया। कि उसका पति भूपेंद्र शराब के नशे में कमरे में बंद कर उसे लात घूसों से मारता पीटता है। विरोध करने पर उसने जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# दो बाइकों की भिड़ंत, हादसे में एक किशोर की मौत

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



निघासन में हाईवे पर दो बाईकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार एक किशोर की मौत हो गई। हादसा निघासन कोतवाली क्षेत्र के निघासन ढखेरवा स्टेट हाईवे पर हुआ। पीतमपुरवा गांव निवासी जलालुद्दीन का 14 वर्षीय पुत्र सखावत और जाकिर का 16 वर्षीय पुत्र शहबाज निघासन कस्बे में एक बाइक मिस्त्री के यहां काम करते थे। दोनों दुकान से बाइक लेकर कस्बे से कुछ सामान लेने जा रहे थे। इसी बीच पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक उनकी बाइक से भिड़ गई। दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे में बाइक चला रहे सखावत को ज्यादा गंभीर चोटें आईं। दोनों को निघासन सीएचसी लाया गया जहां शहबाज की मरहम-पट्टी कर घर भेज दिया गया। हालत गंभीर होने के चलते सखावत को लखीमपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। लखीमपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। किशोर की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

> निघासन कोतवाल महेश चंद्र ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अनफिट वाहनों को एआरटीओ ने सीज कर किया पुलिस के सुपुर्द

**सड़क सुरक्षा अभियान के तहत अवैध तरीके से चले रहे वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई रहेगी जारी: डॉ. कौशलेन्द्र**

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत एआरटीओ ने निघासन पहुंचकर करीब दर्जन भर वाहनों के खिलाफ सीज की कार्यवाही करते हुए निघासन पुलिस के सुपर्द कर दिया, जिससे ओवर लोड और ओवर हाइट सहित बगैर परमिट, बीमा और फिटनेस वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। आपको बताते चलें कि निघासन कोतवाली क्षेत्र के ढखेरवा निघासन मार्ग पर एआरटीओ कौशलेंद्र यादव अचानक पहुंच गए। जहां उन्होंने निघासन कोतवाल महेश चंद्र के साथ क्षमता से अधिक गन्ना लेकर चीनी मिल जा रहे एक गन्ना भरी ट्रक, पांच मारुति वैन, केवल कृषि कार्य के लिए प्रयोग होने वाले दो ईंट भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियों, पांच ऑटो, सहित एक यात्री बस को सीज करते हुए निघासन कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। एआरटीओ डॉ. कौशलेन्द्र यादव ने बताया कि अवैध सड़क सुरक्षा अभियान के तरह के सड़कों पर अवैध तरीके से चले रहे वाहनों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और नाबालिग बच्चों से वहां चलाने, ओवरलोडिंग, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट आदि गतिविधियों पर अंकुश लगे और भविष्य में होने वाले सड़क हादसों पर भी रोक लगाई जा सके। अब सवाल यह उठता है कि जब सड़क सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन विभाग के द्वारा यह बड़ी कार्यवाही की गई है, तब निघासन इलाके से प्रतिदिन दर्जनों डग्गामार डबल डेकर बसे ओवर सवारियां भरकर हरिद्वार, देहरादून, दिल्ली हरियाणा,आदि के लिए रवाना होती हैं, तो क्या किसी जिम्मेदार अधिकारी की इनपर नजर नहीं पड़ती है, या केवल दिखावे के तौर पर कुछ वाहनों पर कार्यवाही करते हुए सड़क सुरक्षा अभियान का दिखावा किया जाता है।

# अचानक लगी आग, एक-एक कर चार गैस सिलेंडर फटे

**देखते-ही-देखते पूरे गांव में फैल गई आग**

**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



इनायतचीफ के मजरा नयापुरवा में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। 24 घरों वाले गांव के अधिकांश लोग खेतों में काम कर रहे थे। अचानक घरों से धुंआ उठता देख जबतक लोग गांव पहुंचे तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। एक-एक कर 4 गैस सिलेंडर फटने से देखते-ही-देखते पूरे गांव में आग फ़ैल गई। किसी को कुछ भी सामान बचाने का मौका तक नहीं मिला। विनोद साहनी, राजेंद्र कुमार, चंद्रपाल, ध्रुव कुमार, रामकरण, मनोज कुमार, धीरेंद्र कुमार, बद्री प्रसाद, शेषनाथ, विनय कुमार, सत्येंद्र, अनिल कुमार, राम कुमार, योगेंद्र, श्याम कुमार, रामसरण, अंगद कुमार, शंभू नाथ, हरेनाथ, अनूप कुमार, खुशाल आदि का जेवर, एक लाख की नकदी, एक बाइक, चारा मशीन, सिलाई मशीन, साइकिल, सोलर पैनल, बैट्री, 4 गैस सिलेंडर, टीन शेड, कुर्सी, आनाज सहित सब कुछ आग की लपटों में समा गया। आग की चपेट में आने से स्नेहा चौहान के सभी शैक्षिक दस्तावेजों सहित कई लोगों के जरूरी कागज भी जलकर खाक हो गए हैं। अग्निशमन के पहुंचने के पहले ही सारा गांव अग्नि की भेंट चढ़ गया। सूचना पर नायब तहसीलदार अखिलेश मौर्या, एसएचओ राजू राव, लेखपाल रमेश कुमार, कानूनगो प्रेम प्रकाश रस्तोगी मौके पर पहुंचे। एसडीएम विनीत उपाध्याय ने बताया कि अग्नि पीड़ितों को शासन की ओर से दो-दो कम्बल व राशन उपलब्ध कराया गया है। वहीं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर ने सभी अग्नि पीड़ितों को एक-एक हजार की नकदी दी है।

# तराई की मिट्टी का उत्सव, लखीमपुर महोत्सव में दिखा विरासत और संस्कृति का संगम

**पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने किया लखीमपुर महोत्सव-24 का उद्घाटन**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी की धरती पर पहले तराई की मिट्टी का उत्सव बी प्राक के गीतों से गूंज उठा। दर्शकों की डिमांड पर बी प्राक ने दिल तोड़ के हंसती हो मेरा, बफाएं मेरी याद करोगी.. गाया तो दर्शक बेकाबू हो उठे। इसके बाद पंजाबी सिंगर ने पंजाबी गीतों से समां बांध दिया।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले की विरासत, संस्कृति और पौराणिक धरोहर के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लखीमपुर खीरी में पहली बार लखीमपुर महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने विधायक सदर योगेश वर्मा, एमएलसी अनूप गुप्ता, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ दीप जलाकर किया।

# चहेतों को ठेका देने के कारण गोला ब्लॉक में गुपचुप प्रकाशित हो रहे टेंडर

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

**लगभग छह वर्ष से ब्लॉक कुंभी में कार्यरत जेई मनीष**

लखीमपुर खीरी के कुंभी गोला ब्लॉक में टेंडर को समाचार पत्रों में प्रकाशन को लेकर जमकर अनियमितताएं सामने आ रही है। बता दे कुछ दिन पूर्व बीडीओ लखीमपुर खीरी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने पक्के कार्यों के टेंडर राष्ट्रीय कृत दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराए जाने को लेकर एक पत्र जारी किया था। लेकिन ब्लाक कुंभी गोला में टेंडर प्रकाशन को लेकर किसी भी प्रकार के मानकों को ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि ब्लॉक के जन प्रतिनिधि और अधिकारी की मिली भगत के चलते टेंडर बिना प्रसार वाले गुमनाम अखबारों में प्रकाशित करवा दिया जाता है जिससे आमजन तक टेंडर के बारे में जानकारी नहीं पहुंच पाती ऐसे में जन प्रतिनिधि और अधिकारी अपने चहेतों को टेंडर में कराए जा रहे कार्यों के ठेकों को आसानी से दे देते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसे अखबारों में टेंडर को प्रकाशित करवाने के बाद निर्धारित शासकीय दर से अधिक बिल के अनुसार भुगतान करवा कर बंदर बाट कर लिया जाता है। सूत्रों की माने तो टेंडर और ठेके के काम में ब्लॉक प्रमुख और जे ई की महत्वपूर्ण संलिप्त रहती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले लगभग 6 वर्षों से अधिक कार्य काल से जे ई मनीष गिरी कुंभी ब्लॉक गोला में कार्यरत है। हालांकि कुछ समय पूर्व जे ई मनीष गिरी का स्थानांतरण ब्लॉक बांकेगंज व ब्लॉक बिजुआ में भी हुआ था लेकिन फिर कुछ ही समय बाद पुनः मनीष गिरी को गोला ब्लॉक का फिर से जे ई बना दिया गया। इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए बीडीओ कुंभी गोला हनुमान प्रसाद के नंबर पर संपर्क किया तो उन्होंने किसी कार्यक्रम में होने की व्यवस्था बताई। जे ई मनीष गिरी ने बताया कि अभी मार्च से तो टेंडर नहीं लगे हैं लेकिन भुगतान अभी हुआ है तो एक बार दिखवा लेता हूं।

# हिंसक वन्य जंतुओं पर लगाम न लगाने से किसान संगठन आक्रोशित

**कार्रवाई न होने पर किसान संगठन करेगा वन रेंज का घेराव**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



वन रेंज क्षेत्र महेशपुर के गांव मूड़ा जवाहर में मंगलवार को गन्ना छिलाई करते समय खेतों में बाघ देखा गया। जिससे इलाके में दहशत फैल गई। मुड़ा जवाहर में गन्ना छिलाई कर रहे किसान रामकिशोर, अनिल ने खेत में बाघ देखा। इसके बाद वहा से शोर मचाकर किसी तरह भागे। वन विभाग को सूचना के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा। कि अजान क्षेत्र के गाँव इमलिया के अमरीश भारती, मूड़ा अस्सी के जाकिर अली को बाघ अपना निवाला बना चुका है। वन विभाग इंसान की कम कीमत आंक कर बाघ को पकड़ने के लिए तैयार नहीं है। अमरीश, जाकिर अली को बाघ के निवाला बनाये जाने के बाद राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के द्वारा वन रेंज महेशपुर का घेराव करने के बाद वन विभाग जागा था। बाघ की लोकेशन के लिए ड्रोन कैमरा की मदद ली गई थी और लोकेशन भी मिली थी, किंतु ट्रेकुलाइज नहीं कर सके थे, फिर हाथी भी लगाए गए। कुल मिलाकर लाखों रुपए खत्म कर दिए, किंतु बाघ नहीं पकड़ा गया। अब गन्ने की छिलाई और रवी फसल की बुवाई चल रही है। किसान न ही गन्ने की छिलाई करा पा रहे हैं और न ही गेहूं, मसूर, लाही आदि फसलों की बुवाई कर पा रहे हैं। संगठन के किसानों ने कार्रवाई न होने पर बडी संख्या में वन रेंज के घेराव की चेतावनी दी है।

# वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ दहशत का पर्याय बना तेंदुआ

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर खीरी जिले में दहशत का पर्याय बना तेंदुआ आखिर कार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। आपको बता दे पूरा मामला दक्षिण निघासन वन रेंज इलाके का है जहां वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए खड़रिया फार्म निवासी बिट्टू सिंह के गन्ने के खेत में पिंजरा लगाया था जिस पिंजरे में मंगलवार सुबह एक तेंदुआ कैद हो गया।

**कई गांवों में दहशत का पर्याय बना था तेंदुआ:** तेंदुआ कई दिनों से गोविंद पुर फार्म, बरुही फार्म व खडरिया फार्म आदि गांवों के आसपास चहल कदमी करता हुआ देखा जा रहा था, दौलतापुर गांव निवासी एक महिला पर हमला भी कर चुका था वहीं एक बछड़े को भी निवाला बना चुका था। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने बरुही फार्म के पास गन्ने के खेत में पिंजरे लगाए थे, सुबह वन विभाग के पिंजरे में तेंदुआ कैद हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम उसे अपने साथ ले गई हैं।

> रेंजर गजेंद्र सिंह ने बताया कि एक तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ है, उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अब उसे जंगल में छोड़ा जाएगा।

# किसान संगठन ने बीस सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**गन्ना मूल्य पांच रुपये प्रति क्विंटल किए जाने को लेकर गरजे किसान**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




गन्ने का समर्थन मूल्य, एमएसपी समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित 20 सूत्रीय ज्ञापन डीएम को दिया गया है। भारतीय किसान यूनियन अमन संधू ने मुख्यमंत्री को संबोधित डीएम को दिए ज्ञापन में मांग की है। किसान समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनके तत्काल समाधान की जरुरत है। बढ़ती महंगाई व खेती की लागत में बढ़ोत्तरी को देखते हुए गन्ने का समर्थन मूल्य कम से कम 500 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए, फसल खरीद के लिए कानूनी रूप से स्वामीनाथ रिपोर्ट के मुताबिक न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दी जाए, बजाज समूह द्वारा गन्ने का भुगतान न करने से किसानों को अपने बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह, बीमारी व अन्य खर्चों के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। नया सत्र प्रारम्भ हो चुका है, पर अभी तक पिछले सत्र का भुगतान बकाया है। उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार, गन्ने की आपूर्ति के 14 दिनों के अन्दर गन्ना भुगतान करना मिल मालिकों की जिम्मेदारी है। भुगतान न होने पर 15प्रतिशत की दर से ब्याज दिया जाना चाहिए। परन्तु उपरोक्त मे से किसी भी शर्त का पालन नही किया जा रहा है।

जंगली हिंसक पशुओं के आतंक से किसानो की जान को खतरा बना है। बाघ, तेन्दुआ, भेड़िया आदि के हमले में तमाम किसान अपनी जान गवां चुके हैं। साथ ही साथ किसानी के काम करने के लिए खेतों में जाने पर जान का खतरा होने से फसलें खराब हो रही है। इन सबके तत्काल मुआवजा व राहत देने का कम प्राथमिकता से होना चाहिए। बाढ़ के प्रकोप से भी किसान अत्यधिक पीढ़ित है। कर्ज लेकर जो फसल खेतों में बोई थी व सब बाढ़ में नष्ट हो गयी। हजारो एकड़ फसल बरबाद हो गयी है। सैकड़ो एकड़ खेती की जमीन नदी की कटान में समा गई, तमाम घर बाढ़ की भेंट चढ़ गये है। परन्तु अभी तक किसानों की कोई मदद नहीं मिल पा रही है। संगठन माँग है कि शीघ्र नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को नुकसान की भरपाई की जाए। कम्प्यूटरीकृत खतौनी (रियल टाइम खतौनी) में बड़ी गड़बड़ी सामने आ रही है एक ही गाटा संख्या में यदि कई खातेदार है तो उनको बराबर- बराबर जमीन दे दी गयी है जबकि वास्तविक में मालिको के पास कम या ज्यादा जमीन है। यह शुद्ध रूप से प्रशासनिक गलती का मामला है। जिससे किसान परेशान होकर तहसील के चक्कर लगा रहा है। प्रशासन से माँग है कि तत्काल ही इस भूल को सुधारकर कम्प्यूटरीकृत खतौनी में यथोचित सुधार किया जाए। यूरिया आदि उर्वरक पदार्थो की बढ़ती कीमतो पर रोक लगाई जाये, खाद्य की आपूर्ति सुचारू रूप से की जाए। जिससे गरीब किसान को खेती करने मे सहूलियत हो। सख्त कानून के बावजूद भी मिलावटी खाद बनने व बिक्री धड़ल्ले से हो रही है जिसको रोक लागाने की व्यवस्था की जाये। सरकारी विभागों में आवेदन पत्र के निराकरण को समय सीमा के साथ जिम्मेदारी तय की जाये और समय सीमा पर कार्यवाही ना होने पर सम्बन्धित अधिकारी पर कार्यवाही हो। प्रदेश में जहाँ भी कारखाने/फैक्ट्री लगायी जाये 80 प्रतिशत रोजगार स्थानीय लोगों को दिये जाये जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू, जिला अध्यक्ष हरदेव सिंह जिला प्रभारी सरबजीत सिंह प्रदेश प्रवक्ता कमल किशोर वर्मा युवा जिला प्रभारी राजीव पटेल युवा जिला अध्यक्ष जितेंद्र पटेल युवा जिला उपाध्यक्ष उत्तम यादव जिला सचिव अमर वर्मा, गुरदीप सिंह, विधानसभा अध्यक्ष श्रीनगर अमरदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष रकेश वर्मा, गुरचरण सिंह, मनोज राज, जिला प्रवक्ता मुरारी यादव, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मदी सुखपाल सिंह, विधानसभा अध्यक्ष मनप्रीत सिंह, जीत सिंह, ताज मोहम्मद, विधानसभा अध्यक्ष पलिया रामकुमार वर्मा, रमेश वर्मा, चमनप्रीत सिंह, हरनेक सिंह, हरजिंदर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बांकेगंज पवन पटेल, शिव भगवान यादव आदि किसान मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं अपने ग्राहक आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की शाखा रायबरेली ऑफिस नंबर 563/1 जमीर कॉम्प्लेक्स फर्स्ट फ्लोर खसरा नंबर 21 अहमदपुर नजूल रोड, नियर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, जनपद रायबरेली 229001, उत्तर प्रदेश की तरफ से सर्वसाधारण को यह सूचित करता हूं कि मेरे ग्राहक सुनील कुमार शुक्ला पुत्र बाल किशोर शुक्ला संपत्ति आराजी नंबर 71/1 मी ग्राम गोड़वा गद्यानी रायबरेली का जुज भाग रकबा 142.97 वर्ग मीटर को बंधक रखकर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड कि रायबरेली शाखा से उक्त संपत्ति को विनोद कुमार से क्रय कर रहे हैं यह कि उक्त संपत्ति की खतौनी में खातेदार विनोद कुमार के साथ-साथ कृष्ण कुमार, महेश कुमार पुत्र सरजू प्रसाद व अन्य सह खातेदार के नाम भी खतौनी में खातेदार के रूप में दर्ज हैं यदि संबंधित व्यक्ति व व्यक्तियों, बैंक या वित्तीय संस्था को इस संपत्ति के हस्तांतरण एवं आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक रखने में यदि कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के अंदर नीचे दिए गए पते पर संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज कराए अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है एवं दिए गए समय के बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

**चौहद्दी**
पूर्व - खड़ंजा रास्ता 20 फीट चौड़ा
पश्चिम - सीवर प्लांट
उत्तर - शेष भूमि सह खातेदार
दक्षिण - भूमि राजेश यादव

**एडवोकेट**
संजीव कुमार शुक्ला
2nd फ्लोर एन एन कॉम्प्लेक्स
केनरा बैंक के ऊपर सुपर मार्केट
रायबरेली 229001
मोबाइल नंबर - 09415190904

# संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में गठित समिति में लखनऊ विवि के कुलपति बने सदस्य

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा गठित समिति में सदस्य के रूप में लखनऊ विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय का चयन किया गया है। इसकी अध्यक्षता गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। यह उच्च-स्तरीय समिति डॉ. हरेकृष्ण महताब की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में गठित की गई है।

डॉ. हरेकृष्ण महताब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख व्यक्तित्व, और ओडिशा के मुख्यमंत्री (1946 से 1950 और 1956 से 1961 तक) रहे हैं। उन्हें उत्कल केसरी के नाम से लोकप्रिय रूप से जाना जाता है। समिति की जिम्मेदारियों में इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के लिए कार्यक्रमों की योजना बनाना, उनकी निगरानी करना, और उनके सफल क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन व निरीक्षण प्रदान करना शामिल है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ, प्रोफेसर आलोक कुमार राय को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की महासभा के सदस्य के रूप में भी नामित किया गया है। यह कार्यकाल 5 नवंबर से शुरू होकर तीन वर्षों तक चलेगा। यह नामांकन भारत सरकार के शिक्षा मंत्री द्वारा संघ के नियम 3(i1) और 3(1iii) के प्रावधानों के तहत किया गया है। प्रोफेसर आलोक कुमार राय के दूरदर्शी नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय श्रेणी में 97वां स्थान प्राप्त किया है। राज्य-वित्तपोषित सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में इसे 32वां स्थान और विधि के क्षेत्र में प्रभावशाली 23वां स्थान प्राप्त हुआ है।

# नागरिक सुविधा दिवस में आईं 55 शिकायतें, 12 का निस्तारण

**▸ शेष मामलों में विभागीय अफसरों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश**



**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के लालबाग स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय में मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया गया।

मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। जनसुनवाई के दौरान कुल 55 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 12 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शेष मामलों में विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एक शिकायतकर्ता ने बताया कि फैजुल्लागंज में खसरा नंबर 256 की 10 मीटर चौड़ी नाले की जमीन पर अतिक्रमण कर प्लाटिंग की गई है। मंडलायुक्त ने राजस्व टीम भेजकर अवैध कब्जा हटाने और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। एक शिकायत में बताया गया कि ठाकुरगंज में गैंगस्टर संजय साहू ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर सार्वजनिक रास्ता बंद कर दिया है।

मंडलायुक्त ने अवैध कब्जा हटाकर एफआईआर दर्ज कराने और सही पैमाइश कराने का आदेश दिया। वहीं चौक में महावीर मंदिर गली में बिना मानचित्र स्वीकृति के 7000 वर्ग फुट क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माण की शिकायत पर एलडीए सचिव को स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। नागरिक सुविधा दिवस में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) में 32, नगर निगम में 14, पीडब्ल्यूडी में 1, विद्युत विभाग में 3, आवास विकास में 2, जल निगम में 2 और पुलिस विभाग की एक शिकायत मिली।

मंडलायुक्त ने बताया कि नागरिक सुविधा दिवस का उद्देश्य विभिन्न विभागों के समन्वय से जनता की समस्याओं का समाधान करना है। हर माह के अंतिम मंगलवार को आयोजित होने वाले इस दिवस में एक से अधिक विभागों से जुड़ी समस्याओं का संयुक्त टीम बनाकर निस्तारण किया जाएगा। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने लोकभवन में आयोजित समारोह में संविधान को दुनिया का सबसे सशक्त संविधान बताते हुए कहा

# कांग्रेस ने संविधान के स्वरूप को बदलने का किया प्रयास

**कांग्रेस ने घोंटा संविधान का गला, पहले नहीं थे 'सेक्युलर' व 'समाजवादी' शब्द : मुख्यमंत्री योगी**

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ।** कांग्रेस पर संविधान का गला घोंटने का आरोप लगाते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस ने संविधान के मूल स्वरूप को बदलने का प्रयास किया और देश की जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाई। संविधान दिवस के अवसर पर लोकभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने भारत के संविधान को दुनिया का सबसे विस्तृत और सशक्त संविधान बताते हुए कहा कि बाबा साहब ने सबसे पहले संविधान के रूप में एक भारत श्रेष्ठ भारत की आधारशिला रखी।

उन्होंने कहा कि संविधान की उद्देशिका से छेड़छाड़ कर कांग्रेस ने भारत के संविधान का गला घोंटा है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान 26 नवंबर 1949 को दिया था, उसमें 'सेक्युलर' और 'समाजवादी' शब्द नहीं थे। मुख्यमंत्री ने संविधान दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह दिन हमें अपने लोकतंत्र और संविधान की महानता का स्मरण कराता है।उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत का सच्चा सपूत बताते हुए कहा कि उनकी अगुवाई में बनी संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी ने न्याय, समता और बंधुता जैसे मूल्यों को संविधान में शामिल कर देश को एक सशक्त भविष्य दिया। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद 1946 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मांग पर संविधान सभा का गठन हुआ था। संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर 1946 को हुई, जिसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद को अध्यक्ष चुना गया। 13 समितियों के माध्यम से संविधान निर्माण का कार्य किया गया, जिसमें ड्राफ्टिंग कमेटी का नेतृत्व बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने किया। संविधान निर्माण के लिए 13 कमेटियों के बहस और फिर उसके महत्वपूर्ण अंशों को संविधान में शामिल किया गया, मुख्यमंत्री ने इन बहसों को संविधान का सार बताते हुए कहा कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को इनसे मार्गदर्शन लेना चाहिए। योगी ने भारत के लोकतंत्र की तारीफ करते हुए कहा कि भारत का संविधान हर जाति, मत और मजहब के व्यक्ति को समान मताधिकार देता है। जब दुनिया के अन्य लोकतंत्रों में भेदभाव जारी था, भारत ने पहले ही आम चुनाव में हर वयस्क नागरिक को वोट देने का अधिकार दिया। यह बाबा साहब अंबेडकर और संविधान सभा की दूरदर्शिता का परिणाम है। संविधान दिवस का यह आयोजन प्रदेशवासियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों की महत्ता को समझाने और लोकतंत्र के प्रति उनकी आस्था को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि संविधान की उद्देशिका से छेड़छाड़ कर कांग्रेस ने संविधान का गला घोंटा है। कांग्रेस ने संविधान के मूल स्वरूप को बदलने का प्रयास किया और देश की जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाई। यह भाजपा की सरकार है जिसने संविधान के प्रति लोगों की आस्था को मजबूत किया। योगी ने कहा कि जिन लोगों ने भारत के संविधान का गला घोंटने का काम किया था जनता ने उनको भी सबक सिखाने में कोई कोताही नहीं बरती है।

## संविधान के दिखाए रास्ते पर चलना ही सबसे बड़ा उत्सव



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान ही संजीवनी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तंज कसते हुए लिखा, संविधान को मानना और उसके दिखाए रास्ते पर चलना ही सबसे बड़ा उत्सव है। ये हर दिन सच्चे मन से निभाने वाला फर्ज है, कोई दिखावटी सालाना जलसा नहीं। एक तरफ भाजपा संविधान को ताक पर रखकर मनमानी करना चाहती है, तो दूसरी तरफदिखावा करना चाहती है। भाजपा का ये राजनीतिक दोहरापन देश और देशवासियों के लिए घातक है। जब संविधान के मान-सम्मान और उसे व्यवहार में लाने के संबंध में हालात बद से बदतर हो रहे हैं, संविधान का हर दिन तिरस्कार-अपमान हो रहा है, ऐसे में उत्सव मनाना हमारे सिद्धांतों के खिलाफहै। उत्सव में ढोंग नहीं होना चाहिए। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर अपने संदेश में कहा, भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं। संविधान दिवस भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस दिन 1949 में भारत की संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था, जो 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ। साल 2015 में बाबा साहब अंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुंबई में स्टैच्यू ऑफइक्वेलिटी की आधारशिला रखते हुए हर साल संविधान दिवस मनाने घोषणा की गई थी।

## संविधान के प्रस्तावना-संक्षिप्त विवरण की प्रतियां वितरित

**लखनऊ।** आज संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर शिया पीजी कॉलेज के छात्र छात्राओं को संविधान के प्रति जागरूकता अभियान के माध्यम से संविधान की प्रस्तावना की प्रतियां और संविधान का संक्षिप्त विवरण युक्त पुस्तिका का वितरण डॉ. रॉबिन वर्मा द्वारा किया गया। डॉ0 वर्मा ने छात्र-छात्राओं को संविधान दिवस को एक पर्व के रूप में मनाए जाने की बात कही और कहा कि आज संविधान दिवस है, हर जिंदा, इंसाफ-परस्त और स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के सपनों के भारत के निर्माण में योगदान देने वालों के लिए प्रेरणा का दिन है। आज ही के दिन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सही मायनों में द्वितीय आजादी मिली थी।

# हमारा स्वाभिमान है हमारे देश का संविधान : धर्मपाल सिंह

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में जिला स्तर पर संविधान दिवस मनाकर संविधान के प्रति प्रतिबद्धता के साथ बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को नमन किया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सभी को संविधान दिवस की बधाई देते हुए संविधान का पूजन कर नमन किया।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान है। संविधान भारत में सभी नागरिकों के लिए दिग्दर्शक तत्व है। आज भारत का आधुनिक लोकतंत्र 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पूर्ण करके आगे बढ़ रहा है। आज ही के दिन 1949 में संविधान देश की जनता को समर्पित किया गया। गणतंत्र, पंथनिरपेक्षता, सशक्त निर्वाचन पद्धति, संघीय ढांचा, मौलिक अधिकार, मूलभूत कर्तव्य, सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय संविधान के कीर्तिमान है। प्रदेश महामंत्री संगठन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के संविधान के सिद्धान्तों और आदर्शों से सदैव प्रेरणा ली है और संविधान के मूल्यों को सभी लोककल्याणकारी योजनाओं में समाहित किया है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक देश-एक संविधान के संकल्प को सिद्ध किया है। संविधान के निर्माता डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के जीवन से जुड़े पंचतीर्थों का निर्माण कराकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। हमारा संविधान हमारे लिए पवित्र ग्रन्थ है। संविधान दिवस पर संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए विकसित भारत की ओर देश अग्रसर है। सभी को संविधान दिवस की बधाई। गोष्ठी में प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित तथा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर वासित अली ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन कमल ज्योति पत्रिका के प्रबंध संपादक राजकुमार ने किया।



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शिष्टाचार भेंट की।**

## खबरें एक नजर में

### पूर्व राज्यपाल की पुत्रवधु चम्पा देवी की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** स्वर्गीय राम नरेश यादव फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में, ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय सी 1/706 विशाल खंड गोमतीनगर- लखनऊ में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय राम नरेश यादव की पुत्रवधु - स्वर्गीय चम्पा देवी यादव (पूर्व प्रधानाचार्य गोपी नाथ लक्ष्मण दास रस्तोगी इंटर ऐशबाग लखनऊ पत्नी कमलेश यादव पूर्व महासचिव यूपी कांग्रेस कमेटी, की तृतीय पुण्यतिथि पर स्मृति कार्यक्रम और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य रूप से ट्रस्ट के चेयरमैन कमलेश यादव, कोषाध्यक्ष सिद्धांत सिंह यादव, सचिव रोशनी यादव महामंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी, नन्द किशोर यादव वरिष्ठ पत्रकार, योगेश श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार, ज़ुबैर अहमद पूर्व सदस्य राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति, आईपी सिंह वरिष्ठ अधिवक्ता, जीवन यादव अधिवक्ता, एडवोकेट अजीत यादव, ड्राइवर कल्याण समिति से हरीश एवं विपिन यादव, हरीश चंद्र यादव समाजसेवी, अभिराम यादव बीडीसी, सुनील यादव बाराबंकी सहित शिक्षाविदों, अध्यापकों और गणमान्य व्यक्तियों तथा समस्त समाज के लोगो ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कमलेश यादव ने आए हुए सम्मानित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया एवम् स्वर्गीय चम्पा देवी यादव के अधूरे कार्यों और सोच को आगे बढ़ाने के लिए संकल्प दिलाया।

### जमीन अधिग्रहण पर एलडीए के खिलाफ प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन ने राष्ट्रपति के नाम 10 मांगों को लेकर जिलाधिकारी लखनऊ को ज्ञापन सौंपा है। इसमें किसानों ने एलडीए और आवास विकास के खिलाफ मनमौजी जमीन का अधिग्रहण करने के खिलाफसवाल उठाया है। किसानों ने ज्ञापन में खाद, बिजली, पानी की समस्याओं का निदान कराने की मांग की है। जिला अध्यक्ष आलोक वर्मा ने कहा किसानों की समस्याओं का समाधान जल्द होना चाहिए। हम अपनी मांगें शांतिपूर्ण तरीके से रखते हैं। प्रशासन से उचित कार्रवाई की उम्मीद करते हैं। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि समस्या संबंधित विभाग तक पहुंचाई जाएगी। अगर निराकरण नहीं होता तो जिम्मेदार अधिकारी से भी मामलों को समझा जाएगा। मंडल अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री आशु चौधरी, जिला संरक्षक किशोरी लाल पटेल, महिला जिला अध्यक्ष उर्मिला मौर्य, और अन्य किसान नेता मौजूद रहे। सैकड़ों किसान कार्यकर्ता भी इस विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बने।

### 15 लाख की कीमत के 51 मोबाइल बरामद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ उत्तरी जोन की सर्विलांस टीम ने 51 खोए हुए मोबाइल बरामद कर उनके ऑनर को वापस किया। इन मोबाइलों की कीमत करीब 15 लाख की है। चोरी हुए मोबाइलों को खोजने का अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपने मोबाइल वापस पाकर मोबाइल ऑनर काफी खुश हुए। मंगलवार को अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी के कार्यालय में एडीसीपी जितेंद्र कुमार दुबे ने करीब 51 खोए हुए मोबाइलों को रिकवर कर उनके मालिकों को सौंपा। इस दौरान सर्विलांस टीम के एसआई विश्वनाथ प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

### इजरायल भर्ती का ट्रायल शुरू, पहले दिन कैंडिडेट्स की लगी भीड़

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में इजरायल जाने के लिए श्रमिकों की भर्ती मंगलवार से फिर शुरू हो गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आईटीआई अलीगंज में 4 ट्रेड में भर्ती के लिए ट्रायल हुआ। इस दौरान इजराइल के एक्सपर्ट्स भी मौजूद रहे। इस बार जिनका पहले से रजिस्ट्रेशन है और एडमिट कार्ड दिया गया है, वहीं कैंडिडेट्स को एंट्री मिली है। स्किल टेस्ट का जायजा लेने निदेशक आईएएस अफसर नेहा प्रकाश भी पहुंची। केंद्र सरकार और इजरायल गवर्नमेंट के बीच हुए करार के तहत सिलेक्शन प्रक्रिया में स्किल टेस्ट शामिल किया गया था।

### आजीविका की रक्षा के लिए कुलियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय श्रम संगठनों द्वारा आयोजित विरोध दिवस के अवसर पर चारबाग स्टेशन पर कुलियों ने अपनी आजीविका की रक्षा के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व राष्ट्रीय कुली मोर्चा के संयोजक राम सुरेश यादव ने किया। कुलियों ने सरकार से मांग की है कि शीतकालीन संसद के सत्र में कुलियों को रेलवे की नौकरी में समायोजित करने का निर्णय लिया जाए। हस्ताक्षर अभियान में कुलियों ने कहा कि रेलवे में आधुनिकरण और निजीकरण के नाम पर किए जा रहे बदलाव के कारण कुलियों के सामने आजीविका का जबरदस्त संकट खड़ा हो गया है। स्टेशन पर बैटरी रिक्शा का संचालन हो रहा है जो सामान्य यात्रीगणों को ले जा रही है। जबकि रेलवे के आदेश के अनुसार उसे सिर्फवृद्ध, विकलांग और बीमार लोगों को ले जाने की ही अनुमति है।

# लखनऊ में मोती झील और जमुना झील को नवजीवन देने की तैयारी



**▸ मंडलायुक्त ने अफसरों ने झीलों की स्थिति का निरीक्षण किया**

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रसिद्ध झीलों में शामिल मोती झील और जमुना झील को नवजीवन देने की तैयारी की जा रही है। मंगलवार को लखनऊ के प्रमुख अधिकारियों ने झीलों की मौजूदा स्थिति का निरीक्षण किया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, मंडलायुक्त डॉ. रौशन जैकब, नगर आयुक्त डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने जमुना झील पर पहुंचकर वहां आसपास रहने वाले लोगों से वार्ता की। लोगों ने प्राधिकरण उपाध्यक्ष को बताया कि झील में गंदा पानी आ रहा है। इससे बदबू बनी रहती है। बदबू के अलावा झील के चारों गंदगी का अंबार है। जमुना झील की जमीन की पैमाइश कराने के बाद उसके नाप बराबर क्षेत्र में सौन्दर्यीकरण कराने का मंडलायुक्त ने निर्देशित किया। इसके बाद अधिकारियों ने मोती झील का रुख किया। जहां आवासीय मकानों से आने वाले कूड़ा करकट और मवेशियों के झील के आसपास गंदगी करने का विषय सामने आया। मोती झील से सड़क मार्ग की ओर अतिक्रमण देखकर मंडलायुक्त ने नगर निगम के नगर आयुक्त इन्द्रजीत को रास्ता साफ कराने के निर्देश दिये। वहीं मोती झील के पौराणिक महत्व की जानकारी लेते हुए गंदगी को दूर कर सौन्दर्यीकरण के लिए निर्देश दिया। इस दौरान नगर आयुक्त ने दोनों झीलों के आसपास अतिक्रमण को हटवाने के लिए जोन स्तर पर कार्रवाई करने को कहा।

## टूरिज्म स्थलों के आस-पास होमस्टे को आय के स्रोतों से जोड़ने के लिए एमओयू साइन

**लखनऊ।** विदेशों की तर्ज पर टूरिज्म स्थलो के आसपास होम स्टे को लोकप्रिय बनाने तथा बुनियादी सुविधायें सृजित करने के लिए विस्तार से जानकारी एकत्र की जायेगी। इसका उद्देश्य होम स्टे के आसपास के वासिंदों की आमदनी बढ़ाना है। साथ ही होम स्टे का लाभ उठाने वाले पर्यटकों को स्थानीय जीवन की विविध गतिविधियों, परम्परा, विरासत तथा वेश भूषा, रहन सहन एवं व्यंजन आदि के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना है। ताकि पर्यटक स्थानीय जीवन को नजदीक से समझ सके और एक अविस्मरणीय अनुभूति लेकर वापस लौटे। इसके लिए गत दिनों पर्यटन विभाग एवं बेववेवर नेस्ट्स लखनऊ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य होमस्टे क्षेत्र में चुनौतियों और संभावनाओं को समझते हुए उसके विकास हेतु उचित कदम उठाना है। इससे पर्यटन और स्थानीय व्यवसाय को काफी लाभ होगा। यह शोध कार्य उत्तर प्रदेश के पर्यटन के दृष्टिकोण को नए आयाम देगा और होमस्टे व्यवसाय में नई संभावनाओं को उजागर करेगा।

## प्रयागराज-मानिकपुर की तीसरी लाइन व निर्माण सहित तीन परियोजनाओं को मंजूरी

**लखनऊ/प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज लगभग 7,927 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली रेल मंत्रालय की तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रेलवे कैबिनेट ने कनेक्टिविटी बेहतर करने, यात्रा आसान बनाने, लॉजिस्टिक्स लागत एवं तेल आयात कम करने और कार्बन डाई आक्साइड उत्सर्जन कम करने के लक्ष्य से भारतीय रेलवे की तीन मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से खंडों की मौजूदा लाइन क्षमता में वृद्धि और परिवहन नेटवर्क बढ़ाकर लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार होगा। जिसके परिणामस्वरूप सुव्यवस्थित आपूर्ति श्रृंखला और त्वरित आर्थिक विकास होगा। मंगलवार को डीआरएम कार्यालय में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीनों परियोजनाओं की लागत 7,927 करोड़ रुपये (लगभग) है और इन्हें चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। निर्माण अवधि के दौरान परियोजनाओं से लगभग एक लाख मानव दिनों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा। इन परियोजनांओं में जलगांव-मनमाड चौथी लाइन (160 किमी), भुसावल-खंडवा तीसरी और चौथी लाइन (131 किमी) एवं प्रयागराज (इरादतगंज)-मानिकपुर तीसरी लाइन (84 किमी) है।

## संयुक्त परिषद में कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत हुए निरंजन

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने आज संयुक्त परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए डिप्लोमा चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन के अध्यक्ष निरंजन कुमार श्रीवास्तव को संयुक्त परिषद में कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह जानकारी संयुक्त परिषद की महामंत्री अरूणा शुक्ला ने एक प्रेस विज्ञप्ति में लखनऊ में दिया है।उन्होंने अवगत कराया है कि निरंजन कुमार श्रीवास्तव को कार्य. अध्यक्ष मनोनीत करते हुए संयुक्त परिषद की जनपद शाखाओं के गठन की जिम्मेदारी दी गई है। यह मनोनयन संयुक्त परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी के निर्णय के बाद लिया गया है।जनपद शाखाओं के गठन में निरंजन कुमार श्रीवास्तव संयुक्त परिषद के मंडलों के अध्यक्ष एवं मंत्री का मार्ग दर्शन करेंगे।

**शुभारंभ** | राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ

# खेल भावना को जीवंत रखें खिलाड़ी, आपसी संवाद भी जरूरी

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में 26 से 30 नवंबर तक चलने वाली 68वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2024 का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा किया जा रहा है, जिसमें पूरे देश से 17 वर्ष तक की आयु वर्ग के लगभग 3960 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है और यह न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने दौड़ प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि ऐसे प्रदर्शन युवाओं को और अधिक प्रेरित करेंगे।

राज्यपाल ने केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अब खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध हैं, जो उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि जब वह खिलाड़ियों को देखती हैं, तो उनकी पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं क्योंकि वह स्वयं भी एक खिलाड़ी रही हैं। पहले केवल कबड्डी और खो-खो जैसे खेल ही प्रचलित थे, लेकिन आज पूरी दुनिया में विभिन्न प्रकार के खेल खेले जा रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे अपनी खेल भावना को हमेशा जीवंत रखें, क्योंकि यह जीवन का अनमोल हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत एक सशक्त, शिक्षित और अनुशासित राष्ट्र बने। खेलों के माध्यम से ये सभी गुण विकसित किए जा सकते हैं। इसी उद्देश्य से ऐसे आयोजनों की योजना बनाई जाती है। खेल की दुनिया बिल्कुल अलग होती है, जो जीवन को अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सतत प्रयास का संदेश देती है। खेल केवल जीतने का जरिया नहीं है, बल्कि यह जीवन में संघर्ष करने, नई ऊंचाइयां छूने और लगातार प्रयास करने की प्रेरणा प्रदान करता है।राज्यपाल ने गुजरात के खेल परिदृश्य का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और उनके प्रयासों के कारण गुजरात के युवा खेलों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने 'खेलो इंडिया' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने इस अभियान के माध्यम से पूरे देश को खेल के प्रति जागरूक और प्रेरित किया है। आज खेल केवल मनोरंजन या प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम बन चुका है। राज्यपाल ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेलते रहिए, खिलते रहिए, खेलेंगे तभी आगे बढ़ेंगे।

# जिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे हो रहा है मनरेगा में भ्रष्टाचार...

- विकासखंड झंझरी के ग्राम पंचायत बनघुसरा और तरगांव का है प्रकरण

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



योगी सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और जिरोटालरेंस की नीति पर काम करने की बात कर रही है। तो वहीं दूसरी तरफ गोण्डा जिले में कार्यरत जिम्मेदार अधिकारियों के चलते केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है।गांव के मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कर मजदूरों को दूसरे प्रदेश में पलायन से रोकने के लिए चलाई जा रही मनरेगा योजना जिम्मेदारों के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है ग्राम प्रधान,रोजगार सेवक,तकनीकी सहायक,पंचायत सचिव ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (खंड विकास अधिकारी) जिनके द्वारा इस योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पूरा मामला ग्राम पंचायत तरगाँव और बनघुसरा का है।जहाँ ग्राम पंचायत तरगांव में दो वर्क आठ मस्टर रोल चल रहा है जिसमें 65 श्रमिकों का फर्जी मास्टर रोल भरा जा रहा है आई डी सं -314701 3083 /एलडी/9584 8625 5824676433 द्वारा पिपरा बॉर्डर से प्रभुनाथ के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य चल रहा है कार्य में 26 और दूसरे आईडी में 3147013083/ एलडी /9584 86255824674313 द्वारा राज कुमार के खेत से सुहेलवा राज प्रसाद के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य चल रहा है और 39 श्रमिकों का मास्टर रोल जारी किया गया है कुल मिलाकर दोनों मस्टर रोल में 65 श्रमिकों का मस्टर रोल चल रहा है। परन्तु समृद्धि न्यूज़ की पड़ताल में दूर- दूर तक 65 श्रमिक नहीं पाये गये यहाँ केवल कार्य मनरेगा योजना के अन्तर्गत सिर्फ कागजों में चल रहा है धरातल पर सिर्फ पांच से सात व्यक्ति ही दिखाई दिए हैं। लेकिन धरातल पर सिर्फ चार से पांच ही श्रमिक मजदूर दिखाई दे रहे हैं।

# डीएम ने की पीएम आवास योजना में गड़बड़ी पर कार्रवाई

- 11 लाभार्थियों द्वारा धनराशि प्राप्त करने के बावजूद आवास निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने पर की गई कार्रवाई
- जिला विकास अधिकारी की जांच में खुलासे के बाद मांगी रिपोर्ट

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी गोंडा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीण के तहत लाभार्थियों के आवास निर्माण में लापरवाही और गड़बड़ी की शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। यह कदम जिला विकास अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के आधार पर उठाया गयाए जिसमें पाया गया कि कई लाभार्थियों ने धनराशि प्राप्त करने के बावजूद आवास निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ दिया।

मामला करनैलगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत पाण्डेय चौरा का है। जांच में यह खुलासा हुआ कि 03 लाभार्थियों द्वारा मौके पर कोई कार्य नहीं कराया गया है जबकि 01 द्वारा नींव स्तर तक व 7 अन्य लाभार्थियों ने केवल दीवारों की चिनाई की थी और छत का कार्य अधूरा पड़ा था।

सबसे गंभीर बात यह थी कि इन लाभार्थियों को बिना मौके पर जाकर सत्यापन किए ही पूरी धनराशि की किश्तें जारी कर दी गईं जिससे मामला और भी संदिग्ध हो गया। जिलाधिकारी ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया और आदेश दिया कि जिन कर्मचारियों की रिपोर्ट के आधार पर द्वितीय और तृतीय किश्तें जारी की गईंए उनके खिलाफ भी जवाबदेही तय की जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित लाभार्थियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएए ताकि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे आगामी 10 दिनों के भीतर इस मामले में कार्रवाई की रिपोर्ट उन्हें प्रस्तुत करें। उनका उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किसी भी प्रकार की अनियमितताओं को रोका जाना और सरकारी धन का सही तरीके से उपयोग किया जाना सुनिश्चित करना है।

# सभी नागरिक अवश्य करें मूल कर्तव्यों का पालन : आयुक्त

- संविधान दिवस पर आयुक्त ने सभी कर्मियों को दिलाई शपथ

**देवीपाटन मण्डल, गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



कमिश्नरेट सभागार में मंगलवार को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त ने कहा कि हमें भारत के संविधान पर गर्व है और भारत के प्रत्येक नागरिक को होना भी चाहिए। इस दौरान लोकभवन लखनऊ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संविधान की उद्देशिका पाठन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। आयुक्त ने कर्मचारियों के साथ किया उद्देशिका पाठन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने के बाद आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने संविधान की उद्देशिका पाठन किया। इसके उपरांत उनके द्वारा उपस्थित सभी जनों को शपथ दिलाई गयी कि हम सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञा करते हैं कि भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेंगे। संवैधानिक आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करेंगे। देश की संप्रभुता, अखंडता की रक्षा करेंगे। महिलाओं का सम्मान करेंगे। हिंसा से दूर रहकर बंधुता बढाएंगे। सामाजिक संस्कृति का संवर्द्धन व पर्यावरण का संरक्षण करेंगे।

**भारत के संविधान की आत्मा है उद्देशिका:** आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कहा कि हमें भारत के संविधान पर गर्व है और सभी को गर्व होना भी चाहिए। संविधान की उद्देशिका, भारत के संविधान की आत्मा है। इसके शब्दों में पूर्ण संविधान का सार है। यदि हम संविधान की उद्देशिका को अंगीकृत और आत्मार्पित करते हैं तो समझ लीजिए की हमने पूर्ण संविधान को ही अंगीकृत कर लिया है। आयुक्त ने संविधान की उद्देशिका के प्रत्येक शब्द का विस्तार से वर्णन किया गया।

**हर प्राणी के लिए समभाव रखता है संविधान:** उन्होंने कहा कि संविधान हर प्राणी के लिए समभाव रखता है। सभी को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय दिलाता है। सभी को अपने विचारों की अभिव्य?क्ति की स्वतंत्रता देता है। सभी को अवसर और प्रतिष्ठा की समता देता है। आयुक्त ने इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और जनपद वासियों को संविधान दिवस की बधाई भी दी।

**विषम परिस्थितियों में तैयार हुआ श्रेष्ठ संविधान:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर आयुक्त ने संविधान को बनाने के समय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किस प्रकार व कितनी गंभीर परिस्थितयां होने पर भी डॉ.भीमराव अम्बेडकर की अध्यक्षता व समिति के सदस्यों द्वारा श्रेष्ठ, स्वतंत्र, निष्पक्ष संविधान को बनाने का कार्य किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# त्रिभुवन नगर ग्रांट के भूमि विवाद में प्रशासनिक लापरवाही पर कार्रवाई

**न्यायालय के आदेश के बाद भी बंटवारे के लिए एक साल से भटक रहा था वादी**

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



भुवन नगर ग्रांट के गाटा संख्या 290/297 के बंटवारे में न्यायालय के आदेश की अवहेलना और प्रशासनिक लापरवाही के आरोपों पर जिलाधिकारी गोंडा ने सख्त कदम उठाए हैं।

एक साल से बंटवारे के लिए भटक रहे वादी निरूपम तिवारी की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तुरंत कार्रवाई की और राजस्व विभाग एवं पुलिस को आदेश दिया कि सीमांकन प्रक्रिया पूरी की जाए।

जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व विभाग और थाना धानेपुर पुलिस की टीम ने विवादित भूमि का सीमांकन कार्य कराया गया। राजस्व अधिकारियों और पुलिस बल की मौजूदगी में भूमि की निशानदेही की गई। प्रशासन ने सभी पक्षकारों को निर्देश दिए कि कोई भी निर्माण कार्य या विवाद उत्पन्न न किया जाए। इस दौरान प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया कि न्यायालय के आदेश का पालन सख्ती से हो। अधिवक्ता निरूपम तिवारी ने आरोप लगाया था कि 29 नवंबर 2023 को उपजिलाधिकारी द्वारा पारित बंटवारा आदेश के बावजूद सीमांकन कार्य अब तक लंबित था। तिवारी ने हल्का लेखपाल और राजस्व निरीक्षक पर आरोप लगाया कि वे जानबूझकर देरी कर रहे हैं और विपक्षी पक्षकारों से मिलीभगत करके मामले को लटकाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा, तिवारी ने यह भी दावा किया कि उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। जिलाधिकारी ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए राजस्व और पुलिस विभाग को कड़ी हिदायत दी है कि न्यायालय के आदेश का पूरी तरह पालन किया जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में कोई भी गड़बड़ी हुई, तो संबंधित अधिकारियों और पक्षकारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने अपनी अनुपालन रिपोर्ट में बताया कि बीती 21 नवंबर को सीमांकन प्रक्रिया पूरी कर दी गई। प्रशासन ने कोई कसर नहीं छोड़ी और सभी आवश्यक निर्देश दिए कि अब कोई भी पक्ष विवाद या निर्माण कार्य न करे।

# सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत, दो घायल

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे साइकिल सवार की मौत हो गई।

वहीं मवेशी से टकराकर बाइक सवार जीजा साले घायल हो गए। कोतवाली देहात के बहादुरचक गांव निवासी सुकई (43) पुत्र राम लखन सोमवार रात आठ बजे साइकिल से जा रहे थे।सुहापारा गांव के पास रात नौ बजे किसी अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिस पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर गोंडा जिले के कोतवाली देहात के दत्त नगर राहुल (28) पुत्र काशी अपने ससुराल पयागपुर थाना क्षेत्र के भूपगंज बाजार में आए थे। रात में राहुल अपने साले पयागपुर के भूपगंज बाजार निवासी विकेश (12) पुत्र बुधई के साथ बाइक से जा रहे थे। बनकटा गांव के पास मवेशी से टकराकर जीजा और साले घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में जीजा साले का इलाज चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

# पूर्व विधायक कटरा ने सड़कों पर अतिक्रमण करने का लगाया आरोप

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के कटरा बाजार क्षेत्र के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने मैजापुर चीनी मिल पर आरोप लगाया है कि उनके कार्यकाल में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनी सड़क और उस समय की मरम्मत की गई सड़कों पर चीनी मिल ने अतिक्रमण करके अपने परिसर में मिला लिया है,जिससे आम जनता को आने जाने में भारी मुसीबत झेलनी पड़ती है।

पूर्व विधायक ने लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजकर उनके कार्यकाल में बनाई गई सड़कों का ब्यौरा एक सप्ताह में उपलब्ध कराने की मांग की है। पूर्व विधायक ने भेजे गए पत्र में शासन द्वारा स्वीकृत मार्गो के संदर्भ में लगे हुए टेंडरों तिथि मुख्यमन्त्री द्वारा घोषणा डॉ. अंबेडकर योजना में कराए गए मरम्मत कार्य का संदर्भ और शासनादेश की कापी संलग्न करते हुए आग्रह किया है कि एक सप्ताह के भीतर अवगत कराने का कष्ट करें की उक्त सड़के कौन-कौन सी हैं और उन पर अतिक्रमण किया गया है या नहीं। कहा कि मेरे कार्यकाल में उक्त सड़कों का निर्माण व मरम्मत कराया गया था एवं पूर्व में भी इसका निर्माण सन् 1985 में हो चुका था।जिसका पुर्ननिर्माण मेरे द्वारा कराया गया है। जिससे जानकारी प्राप्त कर जनता को अवगत कराने का उनका दायित्व है। उनका मानना है कि सड़कों पर किए गए अतिक्रमण से आमजनता में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# संविधान देश की एकता, अखंडता का आधार: तहसीलदार

**कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत कर्नलगंज नगर के कन्हैया लाल इंटर कॉलेज में मंगलवार 26 नवम्बर 2024 को संविधान दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी कर्नलगंज भारत भार्गव, तहसीलदार मनीष कुमार, और खंड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के संविधान के महत्व पर विचार-विमर्श से हुई। तहसीलदार मनीष कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए संविधान के उद्देश्यों, इसके निर्माण की प्रक्रिया और इसमें निहित नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि संविधान ही देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है। कॉलेज के प्रधानाचार्य मेजर राजाराम ने छात्रों को संविधान की शपथ दिलाई और उन्हें इसके महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संविधान के सिद्धांतों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान करते हुए इसे भारत के विकास का आधार बताया। इस अवसर पर कालेज के वरिष्ठ अध्यापक डॉ. मनमोहन सिंह, त्रियुगी नारायण दुबे, ओमप्रकाश दुबे, नरेंद्र बहादुर सिंह, राकेश सिंह, राकेश वर्मा, अनुपम मिश्र, दीनदयाल तिवारी, रिंकू गौतम, मदन मोहन मिश्रा, जितेंद्र कुमार, और जगदीश कुमार समेत सभी शिक्षकों ने संविधान दिवस की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम में भाजपा के ग्रामीण मंडल मंत्री अजीत कुमार सिंह भी मौजूद रहे। एनसीसी कैडेट कोर के छात्रों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। यह आयोजन संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसकी भावना को सभी के जीवन में लागू करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

# किसानों ने एमएसपी लागू करने की उठाई आवाज, दिया धरना



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। सभी किसानों के हित में एमएसपी समेत तीन मांगों को लेकर विरोध दिवस मनाया। इसके बाद 10 सूत्रीय मांगपत्र राष्ट्रपति को संबोधित डीएम को दिया।भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष चौधरी राम कुमार वर्मा की अगुवाई में मंगलवार को किसानों ने विरोध दिवस मनाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 26 नवंबर को लामबंदी के माध्यम से विरोध दिवस के रूप में चुना गया है। क्योंकि इसी दिन जब ट्रेड यूनियनो ने चार मजदूर विरोधी कानून के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल की थी और किसानों ने वर्ष 2020 में सांसद की ओर कूच किया था। लेकिन स्वामी रंगनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने कृषि कानून बिल पारित नहीं किया।ऐसे में किसानों के हित में एमएसपी लागू करने, अंधाधुंध भूमि अधिग्रहण को रोकने, मनरेगा में 200 दिन का काम समेत अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया। इस दौरान काफी संख्या में महिला और पुरुष किसान मौजूद रहे।

## शिक्षक नेता व एआरपी पयागपुर ने नवागत थानाध्यक्ष को भेंट की राधाकृष्ण मूर्ति



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** शमशेर बहादुर सिंह को थाना दरगाह शरीफ का थानाध्यक्ष बनाए जाने व कार्यभार ग्रहण करने पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जनपदीय मंत्री व एआरपी पयागपुर राजेश कुमार मिश्रा ने नवागत थानाध्यक्ष को बधाई व शुभकामनाओ के साथ मंगलमय जीवन कि कामना के लिए श्री राधाकृष्ण की मूर्ति भी भेंट की। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जनपदीय मंत्री व एआरपी पयागपुर राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह से विस्तृत बातचीत हुई। थानाध्यक्ष ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के सफलता के लिए पूर्ण मदद करने का आश्वासन दिया।

# हरिहरपुर लालपुर में जंगली हाथियों ने मचाया तांडव

- किसानों ने की वन विभाग से मुआवजे की मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के तहसील मोतीपुर के कतर्नियाघाट के निशान गाड़ा रेंज के हरिहर पुर लालपुर गांव निवासी किसान पंजाब सिंह के खेतों में लगी गन्ने की फसल को जंगली हाथियों ने जमकर नुकसान पहुंचाया है। जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज अंतर्गत ग्राम सभा रमपुरवा के हरिहर पुर लाल पुर गांव में पिछले करीब छह महीने से जंगली हाथियों का आतंक जारी है किसानों ने बताया कि आए दिन जंगली हाथियों के द्वारा उनकी गन्ने की फसल को तहस नहस कर दिया जाता है। जिसकी सूचना वन विभाग को देने के बाद भी कोई किसानों की सुध नहीं लेता है। ताजा मामला 22 नवम्बर 2024 का है रमपुरवा ग्राम सभा निवासी पंजाब सिंह का लगभग 15 बीघे का खेत हरिहरपुर में है जिसमें गन्ने की फसल लगी थी लेकिन बीते शुक्रवार को गन्ने की फसल को जंगली हाथियों ने तहस नहस कर दिया है पीड़ित किसान पंजाब सिंह ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिसपर वन विभाग के अधिकारी वन दरोगा इसरार और वाचर वंशी के द्वारा नुकसान हुए खेत का जायजा लिया। वन क्षेत्राधिकारी निशानगाड़ा ने बताया कि जंगली हाथियों के द्वारा जो भी गन्ने की फसल का नुकसान हुआ है उसका मुआवजा पीड़ित किसान को दिया जाएगा और हाथियों के मूवमेंट को रोकने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है।

पंजाब सिंह,भूपेंद्र सिंह,गुलाब सिंह,कुलदीप सिंह,रघुवीर सिंह किसानों की भी फसलों को जंगली हाथी ने बर्बाद कर चुके है किसानों के मुताबिक पिछले काफी समय से जंगली हाथियों के द्वारा लगातार उनकी फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है लेकिन अभी तक उनको मुआवजा नहीं मिला है।



## सहायक उपकरण पाकर दिव्यांग बच्चों के खिले चेहरे

**बहराइच।** जिले में ब्लॉक संसाधन केंद्र चित्तौरा में समग्र शिक्षा अभियान के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय डीहा पर दिव्यांग बच्चों का एक दिवसीय एलिम्को उपकरण वितरण कैंप का आयोजन किया गया। बीएसए ने दिव्यांगों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किया। कहा कि इन उपकरणों की मदद से दिव्यांगों के हौसले को पंख लगेंगे। मिली जानकारी के अनुसार डीहा में आयोजित कार्यक्रम में बीएसए ने 25 ट्राई साइकिल 17 व्हील चेयर, सात सीपी चेयर अति गंभीर मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए बैसाखी 10, 06 ब्रेल किट, तीन सुगमय केन हेयरिंग ऐड 33, बच्चों को कैलीपर्स 08 बच्चों को दिया गया है। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार मिश्रा जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा किया गया। डीएचईआईओ बृजेश सिंह, दिव्यांग कल्याण अधिकारी वीपी सत्यार्थी, बीईओ अनुराग मिश्रा,रामतेज , गिरजेश पांडेय, वेद प्रकाश यादव, रंजना देवी, आरती सिंह, स्नेह लता पांडेय, रमेश , साकेत मणि पांडेय, पंकज श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# गंदगी व कूड़ा प्रबंधन पर डीएम ने जताई नाराजगी, दिए निर्देश

- डीएम ने सीएचसी मुस्तफाबाद जरवल का किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद का औचक निरीक्षण कर चिकित्सकों व स्टाफ की उपलब्धता, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण काउण्टर, पंजीकरण काउण्टर, अधीक्षक कक्ष, नेत्र परीक्षण कक्ष, इमरजेन्सी वार्ड, सामान्य वार्ड, प्रसव कक्ष, ओपीडी इत्यादि का निरीक्षण कर मरीज़ों व उनके तीमारदारों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय भवन तथा शौचालय इत्यादि की साफ-सफाई तथा कूड़ा प्रबन्धन बेहतर न पाये जाने पर नाराज़गी जताते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखने के निर्देश दिये। पंजीकरण कक्ष के निरीक्षण के दौरान वार्ड व्वाय संजय कनौजिया द्वारा बताया गया अभी तक 188 मरीजों का पंजीकरण हुआ है।

डीएम ने अधीक्षक को पंजीकरण बढ़ाने का निर्देश दिया। डीएम ने दवा वितरण कक्ष पर दवा लें रहे मरीजों से भी वार्ता चिकित्सालय की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। ओपीडी कक्ष के निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सक अपनें अपनें कक्ष मे उपस्थिति पाये गये।

डीएम ने निर्देश दिया गया कि चिकित्सालय में आनें वाले मरीजो को दवा चिकित्सालय से ही प्राप्त करायी जाये एवं जांचें भी चिकित्सालय से करायी जायें। इमरजेन्सी वार्ड के निरीक्षण के समय चार मरीज भर्ती पाये गये। जरवल कस्बा निवासी भर्ती मरीज राहत अली पुत्र रहमत अली से वार्ता व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि इमरजेन्सी में आने वालें मरीजों को शासन द्वारा अनुमन सभी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाये। प्रसव कक्ष के निरीक्षण के समय चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थिति पाये गये। डीएम ने प्रसव कक्ष मे भर्ती मरीज विमला पत्नी मलखान निवासी तपेसिपाह से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की गई तथा अधीक्षक को निर्देश दिये गये जेएसवाई भुगतान, जन्म प्रमाण पत्र तथा भोजन की व्यवस्था ससमय लाभार्थियों को उपलब्ध करायी जाय। डीएम द्वारा प्रसव कक्ष को साफ सफाई करायें और बेहतर बनाये जानें के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान डीएम ने चिकित्सालय से डिस्चार्ज हुए मरीजों से फोन पर वार्ता कर चिकित्सालय में मिलने वाली सुविधाओं, इलाज आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# एएनएम फाइनल एयर की छात्राओं ने लहराया परचम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



बहराइच- सीतापुर हाईवे मार्ग के सबलापुर स्थित डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस के एएनएम फाइनल एयर के छात्राओं का रिजल्ट उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी के द्वारा मंगलवार को घोषित हुआ। जिसमें एसकेएस कालेज सबलापुर में एएनएम फाइनल एयर के शत प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुए। संस्था चेयरमैन डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ल,मैनेजर आस्था शुक्ला व प्राचार्य प्रोफेसर हरीश नागर ने उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी। कालेज प्राचार्य प्रोफेसर हरीश नागर ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी के द्वारा आयोजित 2022-2023 के बैच के एएनएम फाइनल एयर का रिजल्ट घोषित हुआ जिसमें एसकेएस कालेज सबलापुर का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। जिसमें एएनएम फाइनल एयर से आंचल सिंह, पल्लवी कनौजिया,अंकिता जायसवाल, अनुष्का मिश्रा, दीक्षा चौधरी, दिव्या भारती, हर्षिता श्रीवास्तव,काजल अवस्थी, कोमल जायसवाल,महिमा राव पूनम, प्रीती शुक्ला, प्रिया अवस्थी, रुची सिंह,शहाना बेगम, सैफली, सविता वर्मा,सीमा शर्मा, शिवानी अवस्थी, कुमारी शुभम यादव, सुष्मिता गुप्ता, स्वाती मिश्रा ने कालेज का नाम व जिला का नाम रोशन किया। इस मौके पर फूलचंद्र डावरिया, अलोक शुक्ल, गौरव, मोहम्मद अशरफ, जेपी शुक्ल, प्रतिज्ञा पाठक, सुनीधि शुक्ला,सौम्या सिंह, आंचल सिंह, फरहत खान,लवीशा प्रजापति, चंदन,उदय प्रताप,ईशा वर्मा, रोशनी, भूमिका, पूर्णिमा वाजपेई, श्रवण कुमार मौजूद रहें।

# ट्रक की टक्कर से ऑटो के उड़े परखच्चे, एक की मौत

**राजघाट पुल के पास हुई दुर्घटना, छह घायल**



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

राजघाट पुल के पास ट्रक की टक्कर से आटो के परखच्चे उड़ गए। इस सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हैं। घटना तब हुई जब तेज रफ्तार ट्रक ने शादी समारोह से लौट रहे ऑटो से टकरा गया है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र में राजघाट पुल के पास का है, जहां लालगंज थाना इलाके में जगतपुर भिचकारी निवासी कुणाल अपनी पत्नी, बहन, बच्चों व रिश्तेदारों को लेकर शहर के मलिकमऊ गांव में शादी समारोह में आए हुए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद सभी लोग ऑटो से अपने गांव वापस जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो में फंसे सभी सात लोगों को बाहर निकाल कर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां कुणाल पुत्र नन्हे (35) की दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं दो बच्चों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें एम्स रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी हैं। राजघाट चौकी इंचार्ज भगत सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## टॉवर वैगन की टक्कर से गई युवक की जान

**ऊंचाहार रायबरेली।** कुंडा रेलवे स्टेशन से ऊंचाहार स्टेशन जा रहे रेलवे के टॉवर वैगन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। घटना के समय युवक रेल पटरी पार कर रहा था। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी शव की शिनाख्त का प्रयास कर रही है। रविवार देर शाम टॉवर वैगन इलेक्ट्रिक लाइन की जांच के लिए कुंडा स्टेशन तक गया था। जांच के बाद वैगन वापस ऊंचाहार स्टेशन लौट रहा था। तभी ऊंचाहार व अरखा स्टेशन के बीच लगभग 40 वर्षीय एक युवक अचानक रेल लाइन पार करने लगा। यह देख लोको पायलट दिनेश कुमार ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर टॉवर वैगन रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवक उसकी चपटे में आ गया टक्कर लगने से उसे गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोको पायलट की सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हुई। वह मटमैले रंग की हाफ टीशर्ट व नीले रंग की हाफ लोअर पहने था। शिनाख्त के लिए शव को मर्चुरी में रखा गया है।

# शिक्षा के साथ खेलकूद भी जरूरीः एसडीएम

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मंगलवार को न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू, महराजगंज रायबरेली में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के समापन समारोह (कक्षा-6 से 12) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव, सम्मानित अतिथि तहसीलदार महराजगंज डी.एन.यादव, एन.एस.पी.एस.सलेथू लीगल एडवाइजर सुशील पाण्डेय व विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा एवं एन.एस.पी एस. सलोन प्रधानाचार्य कामाक्षा सिंह उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत बैज एवं कैप द्वारा किया। उप जिलाधिकारी व तहसीलदार महोदय ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पढ़ाई के साथ खेलकूद का महत्व बताया और कहा कि अगर आप स्वस्थ्य रहेंगे तो आपका मानसिक विकास भी अच्छी तरह होगा। समापन समारोह के दौरान न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ स्कूल्स के प्रबंधक ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए अपने उद्बोधन में खेलकूद की उपयोगिता बताते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग है जिससे शारीरिक एवं मानसिक विकास और स्फूर्ति की प्राप्ति होती है यदि विद्यार्थी खेलकूद की तरह ही अध्ययन में तत्पर हो तो उनके लिए कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

# खबरें एक नजर में

## एआरटीओ में चलाया चेकिंग अभियान



**रायबरेली।** यातायात माह को लेकर जिला प्रशासन लगातार ऐसे वाहनों का चालान कर रहा है जो यातायात माह की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं यही नहीं एआरटीओ मनोज कुमार सिंह के द्वारा शहर के गोल चौराहे पर वाहनों की चेकिंग की गई उन वाहनों का चालान किया गया जिनके कागज कंप्लीट नहीं थे। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर ऐसे वाहनों की जांच की जा रही है जो रोड पर तो दौड़ रहे हैं मगर शासन के दिशा निर्देशों की अवहेलना कर रहे है और अपने वहां सरपट दौड़ाते नजर आ रहे है।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने कैर चौराहा में बनाया अध्यक्ष और महामंत्री

**महराजगंज, रायबरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का विस्तार होते हुए कैर चौराहा के व्यापारियों ने जहां उद्योग व्यापार मंडल की सदस्यता ली व युवा व्यापारियों के लिए भी एक मंडल का गठन किया गया जिसमें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं युवा उद्योग व्यापार मंडल कैर चौराहा का गठन किया गया। महराजगंज नगर इकाई के संरक्षक डॉक्टर मातादीन पासी द्वारा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तहत कैर चौराहा का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सहित अन्य कई व्यापारियों को फूल माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी गई ।महराजगंज नगर अध्यक्ष रिंकू जायसवाल की मौजूदगी में सभी सदस्यों को सदस्यता दिलाई गई।

## खड़े ट्रक में घुसा ई रिक्शा, मोटरसाइकिल की आमने-सामने हुई भिड़ंत

**महराजगंज, रायबरेली।** खड़े ट्रक मे घुसा ई रिक्शा गंभीर रूप से घायल हुआ व्यक्ति तो वहीं आमने–सामने मोटरसाइकिल की भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल हुआ युवक ।सुशील कुमार पुत्र मिश्रीलाल उम्र 42 वर्ष कुबना महराजगंज कुबना रोड पर खड़े ट्रक में ई रिक्शा लेकर घुस गया जिसमें सुशील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अखिलेश कुमार पुत्र परमेश्वर उम्र 32 वर्ष निवासी रानीगंज शिवगढ़ सुखई का पुरवा महराजगंज आमने–सामने मोटरसाइकिल सवार से भिड़ गया जिसमें अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों द्वारा उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट कराया गया



**रेहरा बाजार (बलरामपुर)।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट सोमवार को विकास खण्ड रेहरा बाजार के परिषदीय विद्यालय के छात्रों को बी.आर.सी. रेहरा बाजार से चीनी मिल दतौली एवं छपिया मंदिर के लिए नायब तहसीलदार राजीव वर्मा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। सर्व प्रथम बलरामपुर चीनी मिल यूनिट दतौली मनकापुर का भ्रमण कर छात्रों को चीनी मिल के प्लांट के बारे में चीनी मिल के डिप्टी मैनेजर एस.के.शुक्ला द्वारा चीनी मिल के अंदर ले जाकर चीनी मिल के कलपुर्जो को दिखा कर एक एक करके चीनी बनने के समस्त प्रक्रिया के बारे में बताया गया । बच्चे चीनी बनने के प्रक्रिया को जानकर बहुत ही प्रसन्न हुए ।इसके बाद सभी बच्चों को स्वामी नारायण छपिया मंदिर का भ्रमण कर कराया गया। कमाल अहमद, तुलसीराम, आनन्द प्रताप सिंह श्रीराम, संजीव कुमार, इंद्रसेन यादव, प्रतिमा यादव, सरिता वर्मा एवं तूलिका सिंह आदि के दिशा निर्देश में शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

## रेड बॉल टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट में मैनहा और बेवा मुस्तफा के बीच हुआ मुकाबला

**उतरौला (बलरामपुर)।** रेड बॉल टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत बेवा मुस्तफा और मैनहा के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। बेवा मुस्तफा की टीम मैनहा के गेंदबाजों के सामने मात्र 97 रनों पर ढेर हो गई। हैदर ने 25 और राज ने 20 रनों का योगदान दिया। मैनहा की ओर से अजय और बुमराह ने प्रभावशाली गेंदबाजी करते हुए विपक्षी बल्लेबाजों को टिकने का मौका नहीं दिया। 97 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैनहा की टीम ने तीन विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। जावेद पठान ने 22 गेंदों में 42 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, जबकि विशाल यादव ने 17 गेंदों में 38 रन बनाए। जावेद पठान को उनकी शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच जगलाल बाल विद्या मंदिर, चंद्रदीप घाट और तुर्कवाल की टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जगलाल की टीम ने 10 ओवर में 7 विकेट पर 82 रन बनाए, जिसमें कलाम ने 42 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। तुर्कवाल की ओर से नितिन ने 3 और भागवत ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए तुर्कवाल की टीम ने मोहसिन के धमाकेदार 58 रनों की पारी की बदौलत 2 विकेट खोकर 83 रन बनाते हुए जीत हासिल कर ली। मोहसिन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दोनों मैचों में स्थानीय दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आयोजकों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की और टूर्नामेंट को खेल भावना के प्रतीक के रूप में वर्णित किया।

## प्रशासनिक व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु डीएम ने तहसील उतरौला में नयाब तहसीलदार क्षेत्र सादुल्लाहनगर का किया पुनर्नियतन

**सादुल्लानगर /बलरामपुर।** राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु नायब तहसीलदार संवर्ग के पुनर्गठन के पश्चात जनपद में नायब तहसीलदार के 9 पद आवंटित किए गए हैं। तथा तहसीलों में नायब तहसीलदार के पद का पुनर्नियतन करने के निर्देश दिए गए है। जिसके क्रम में डीएम पवन अग्रवाल द्वारा तहसील उतरौला जहा पूर्व से दो नायब क्षेत्र सृजित हैं। तथा प्रशासनिक व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु एक नायब तहसीलदार क्षेत्र के सृजन की आवश्यकता के दृष्टिगत नायब तहसीलदार क्षेत्र सादुल्लाहनगर का पुनर्नियतन कर दिया गया है।

# चोरी करने आए युवक को कर्मचारियों ने पकड़कर पेड़ से बांधा, वीडियो वायरल

**रायबरेली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत इंदिरा नगर पुलिस चौकी के पास स्थित युवक को पेड़ में रस्सी से बांधकर बंधक बनाने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है पेड़ में बंधा युवक विद्युत उपकेंद्र में चोरी करने तीन साथियों के साथ आया था। कर्मचारियों ने चोरी करने आए तीन युवकों में एक को पकड़कर पेड़ में बांध दिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया।बीती रात इंदिरा नगर विद्युत उपकेंद्र में लोहे की राड चोरी करने के लिए तीन युवक पहुंचे थे। तभी इसकी भनक उपकेंद्र में कार्यरत कर्मचारियों को लग गई। कर्मचारियों ने पकड़ने की कोशिश की तो दो चोर रफूचक्कर हो गए। वहीं एक युवक को कर्मचारियों ने पकड़ लिया और उसे रस्सी से पेड़ में बांध दिया और पूछताछ करने लगे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पकड़े गए युवक का नाम प्रवेश पुत्र रामदीन है। कर्मचारियों ने पूछताछ के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई।



मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया और जांच में जुटी हुई है। चौकी प्रभारी गौरव कुमार ने बताया उपकेंद्र के जेई की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करके युवक को जेल भेजा जा रहा है। बाकी दो अभियुक्तों की तलाश जारी है।

**गुरुकुल महाविद्यालय पुरासी में**

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुकुल महाविद्यालय पुरासी हलोर मेरी एनएसएस के छात्रों द्वारा आज 26 नवंबर को 75 वां संविधान दिवस के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया गयाद्य महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्रों के साथ मिलकर बाबासाहेब अंबेडकर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया। छात्रों द्वारा भारतीय संविधान पर भाषण दिए गए एवं गीत प्रस्तुत किए गए तथा रैली निकालीद्य डॉक्टर प्राजंलि शुक्ला जी भारतीय संविधान के निर्माण की पूरी जानकारी छात्रों को प्रदान की कार्यक्रम में छात्रों के साथ विद्यालय के सभी प्रवक्ता भी सम्मिलित रहे।

## कोतवाली में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस



**महराजगंज रायबरेली।** संविधान दिवस के अवसर पर कोतवाली परिसर में सर्वप्रथम कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात कोतवाली पुलिस के समस्त जवानों ने संविधान दिवस के अवसर पर शपथ भी ली ।संविधान निर्माता के रूप में डॉक्टर अंबेडकर का नाम प्रमुख रूप से लिया जाता है डॉ बी आर अंबेडकर की अध्यक्षता वाली एक सीमित को संविधान लिखने का काम सौंपा गया 11 सत्रों मे 2 साल से ज्यादा चर्चा के बाद अंबेडकर ने 1948 में संविधान का पाठ पढ़ा 26 नवंबर 1949 को संविधान का अंतिम संस्करण कुछ बदलाव के साथ अपनाया गया।

## बाइकसवार ने बाइकसवार दरोगा को मारी टक्कर, गंभीर

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर तिलेडा गांव के पास स्थित जिलेदार मैरिज लॉन के पास अपने घर कानपुर से अपने नियुक्त थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी जा रहे बाइक सवार उप निरीक्षक अजय कुमार पुत्र राजेश को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी, टक्कर इतनी तेज थी की मौके पर उप निरीक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए और दूसरा बाइक सवार चटपट अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल घायल उप निरीक्षक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां उपस्थित डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हे अन्य चेकअप एवं जाँचो के लिए निर्देशित किया है।

# ... आखिर राहुल क्लीनिक व श्रीराम आई केयर एण्ड आप्टिकल्स पर कब होगी कार्रवाई?

**सरेनी(रायबरेली), समृद्धि न्यूज़।**

- अधीक्षक द्वारा जारी नोटिस के बाद भी ससमय प्रपत्र नहीं दिखा पाए क्लीनिक संचालक
- बीते एक सप्ताह पूर्व अधीक्षक ने दो क्लीनिक संचालकों को जारी किया था नोटिस

बीते एक सप्ताह पूर्व विकासखंड सरेनी में अवैध रुप से संचालित क्लीनिक, अस्पतालों के खिलाफ सीएचसी अधीक्षक द्वारा अभियान चलाकर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ राजेश गौतम ने राहुल क्लीनिक निकट दशारानी मंदिर,भोजपुर व श्रीराम आई केयर एण्ड आप्टिकल्स भोजपुर के संचालकों को नोटिस जारी कर पांच दिनों में प्रपत्र दिखाने का आदेश दिया था। बावजूद संचालकों द्वारा ससमय प्रपत्र न दिखाते हुए उत्तर नहीं दिया गया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ राजेश गौतम ने बताया कि बीते एक सप्ताह पूर्व भोजपुर स्थित राहुल क्लीनिक व श्रीराम आई केयर एण्ड आप्टिकल्स का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान संचालक शैक्षिक अभिलेख सहित अन्य अभिलेख नहीं उपलब्ध करा सके।इससे संचालकों को नोटिस जारी की गई, जिसका उत्तर संचालकों द्वारा ससमय नहीं दिया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों को शैक्षिक योग्यता के समस्त प्रमाणपत्रों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा लिया गया लाइसेंस के साथ उपस्थित होने के लिए कहा गया था, लेकिन आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। मेरे द्वारा एक बार फिर उपरोक्त संचालकों को नोटिस जारी की जाएगी और इस बार विलंब की दशा में यह मान लिया जाएगा की संचालकों को इस मामले में कुछ नहीं कहना है और उनके विरुद्ध धोखाधड़ी, बिना लाइसेंस के क्लीनिक का संचालन करने का दोषी मानते हुए स्थानीय कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। साथ ही साथ सीएचसी अधीक्षक ने कहा कि अवैध रुप से संचालित क्लीनिक व अस्पतालों पर कार्यवाही जारी रहेगी।

# धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय संविधान दिवस

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय संविधान दिवस तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में अधिकारियों ने संविधान के रचयिता भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर धूमधाम से मनाया। इस क्रम में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय सलोंन में सेवानिवश्थ शिक्षक मो.इस्माइल खान की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी एवं अधिशासी अधिकारी प्रियंका तिवारी के सौजन्य से बच्चों में कराई जा रही स्वच्छता प्रतियोगिता का भी अवलोकन किया। विद्यालय की प्रभारी जिला ट्रेनिंग कमिश्नर गाइड डॉ.साधना शर्मा ने कहा हम भारत के लोग भारत के संपूर्ण प्रभुत्व, संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक, गणराज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पोस्टर प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक माधुरी लता, तबस्सुम जहां, रीता देवी मो. मैसर आदि लोग मौजूद रहे।



# श्री राम लखन शिक्षा निकेतन में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

**सादुल्लानगर/बलरामपुर**

संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें बाबा डाक्टर भीमराव अम्बेदकर श्रद्धाजलि अर्पित कर याद किया गया।

श्री राम लखन शिक्षा निकेतन मीरपुर बुद्ध नगर के प्रांगण में संविधान दिवस मनाया गया जिसमें सबसे पहले प्रबंधक सियाराम सरोज द्वारा सभी टीचर्स तथा बच्चों को संविधान की प्रस्तावना का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक गण तथा मुख्य अतिथि के रूप में गौरी शंकर अमित कुमार,बड़े बाबू कमलेश कुमार, शिव गुप्ता,आदि लोगों ने संविधान दिवस पर विस्तार से चर्चा किया। प्रबंधक सियाराम सरोज ने शिक्षा पर जोर देते हुए बताया की हम सबके घरों में संविधान की पुस्तक होनी चाहिए उसे पढ़कर हम लोग अपने मां का अधिकार को जानसके।



इस अवसर पर पूर्व प्रधान राजेश कुमार भारती, राम तीरथ, राम उग्रह, मनीष शुक्ल, बेचन प्रसाद, गंगाराम अरूण कुमार व योगेन्द्र एडवोकेट मौजूद रहे।

# उतरौला बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में मनाया गया संविधान दिवस

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार को संविधान दिवस के अवसर पर नगर और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर छात्रों ने भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

विद्यालयों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया, जहां संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संविधान के महत्व, उसके मूल सिद्धांतों जैसे न्याय, स्वतंत्रता, समानता, और बंधुत्व की जानकारी दी। बच्चों ने भाषण, निबंध लेखन, और रंगोली जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। नगर के प्रतिष्ठित टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां सामूहिक पाठ के साथ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 7 की छात्रा रामसा, कक्षा 6 की छात्रा प्रिया, और कक्षा 8 की छात्रा ओबामा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने भी कार्यक्रमों में भाग लिया। सभी ने संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग बनाने के लिए ऐसे आयोजनों की सराहना की।



# संविधान दिवस पर सभी सरकारी कार्यालयों/ग्राम पंचायतों में सुना गया सीएम का वर्चुअल संबोधन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

संविधान दिवस जनपद में उत्सव के रूप में मनाया गया । संविधान दिवस पर जनपद के सभी सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, सरकारी/निजी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया तथा संविधान दिवस पर लखनऊ से मुख्यमंत्री जी का वर्चुअल संबोधन सुना गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री जी का वर्चुअल संबोधन देखा एवं सुना गया। डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी एवं भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया तथा संविधान में निहित मूल कर्तव्यों के पालन की शपथ ली गई। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



## संविधान दिवस के अवसर पर बच्चों को दिलाई गई शपथ

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर मौलाना अब्दुल कलाम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घासीपोखरा मे संविधान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक शब्बू रजा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करके कार्यक्रम की शुरुआत की और संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को इसके मूल्यों और आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद सभी विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। जिसमें उन्होंने संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों और अधिकारों का पालन करने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह ने बताया कि हम भारत के नागरिक, अपने संविधान में निष्ठा रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम देश की एकता, अखंडता और गरिमा को बनाए रखेंगे। हम संविधान के आदर्शों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, और बंधुत्व का पालन करेंगे और अपने राष्ट्र के प्रति ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करेंगे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से संविधान के आदर्शों को जीवंत किया। शिक्षकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को संविधान और लोकतंत्र की गहरी समझ देने में सहायक हैं। इस अवसर पर सहायक अध्यापक अरुण कुमार श्रीवास्तव, सुग्रीव यादव, जुनैद खान, काजल, सबीना खातून, अंजुम बानो, सुशीला विश्वकर्मा, जिकरा खातून, रूमा त्रिपाठी, राजेश चंद्र मिश्रा, जगदीश प्रसाद सहित समस्त छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।



## बचपन पर तपिश

अक्सर यह सवाल विमर्श में होता है कि धरती के प्रति गैर–जिम्मेदार व्यवहार के चलते हम कैसा देश आने वाली पीढ़ियों के लिये छोड़कर जाएंगे। वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण होगा। चिंता की बात यह है कि इन तमाम विसंगतियों व नेतृत्व की अदूरदर्शिता के बीच बच्चों के भविष्य पर जलवायु संकट का खतरा अलग से मंडराने लगा है। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यह एक हकीकत है कि वर्ष 2021 तक भारत बच्चों पर जलवायु जोखिम सूचकांक में 163वें स्थान पर रहा है। लेकिन इस सदी के मध्य तक स्थिति खासी चुनौतीपूर्ण होने की आशंका है। यूनिसेफका आकलन है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते वर्ष 2050 तक बच्चों को वर्ष 2000 की तुलना में आठ गुना अधिक तपिश झेलनी पड़ सकती है। दरअसल, हाल ही में यूनिसेफने 'द फ्यूचर ऑफचिल्ड्रेन इन चेंजिंग वर्ल्ड' शीर्षक अपनी सालाना रिपोर्ट में भारत में बच्चों के भविष्य को लेकर उत्पन्न चुनौतियों का मंथन किया है। इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि साल 2050 तक भारत में 35 करोड़ बच्चे जनसांख्यिकीय बदलावों, जलवायु संकट और तकनीकी बदलावों की चुनौतियों का सामना कर रहे होंगे। दरअसल, यूनिसेफने सदी के पांचवें दशक तक की तीन महत्वपूर्ण वैश्विक प्रवृत्तियों का खाका खींचा है। ये घटक नौनिहालों के भविष्य के जीवन को नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। आकलन किया जा रहा है कि इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी। ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया में एक अरब बच्चे वर्तमान में उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का मुकाबला कर रहे हैं, तो 2050 की स्थिति का सहज आकलन किया जा सकता है। निस्संदेह, यूनिसेफकी हालिया रिपोर्ट भविष्य की चिंताओं पर मंथन करने तथा उसके अनुरूप नीति–नियंताओं से नीतियां बनाने का सबल आग्रह करती है। खासकर लगातार गहरे होते जलवायु संकट के बीच बच्चों की सेहत, शिक्षा और पेजयल जैसे जीवन के जरूरी संसाधनों की सहज उपलब्धता की दृष्टि से। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी शहरों में रह रही होगी। जाहिर है ऐसी स्थिति में पहले से आबादी के बोझ तले दबी नागरिक सेवाएं चरमरा जाएंगी। ऐसे में सत्ताधीशों के लिये जरूरी होगा कि जलवायु परिवर्तन के संकट के बीच बच्चों के अनुरूप शहरी नियोजन को अपनी प्राथमिकता बनाएं। इसमें बच्चों की शिक्षा, उनकी सेहत और कौशल विकास की जरूरतों के अनुरूप शहरी तंत्र को विकसित करें। निश्चित रूप से इसके लिये बड़े निवेश की भी जरूरत होगी। तेजी से डिजिटल होती दुनिया में डिजिटल विभाजन भी एक बड़ी चुनौती होगी। तब तक कृत्रिम मेधा का प्रयोग चरम पर होगा। जाहिर है कृत्रिम मेधा जहां तरक्की का मुख्य साधन होगी, वहीं इसकी विसंगतियों का प्रभाव रोजगार के अवसरों पर भी पड़ेगा। जहां दुनिया के विकसित देशों में अधिकांश आबादी इंटरनेट से जुड़ने के कारण प्रगति की राह में सरपट दौड़ रही है, तो गरीब मुल्कों में यह प्रतिशत विकसित देशों के मुकाबले करीब एक चौथाई ही है।

# संभल : देश को कौन जला रहा है ?

राजेंद्र शर्मा

उत्तर प्रदेश में संभल के दुःखद घटनाक्रम के संबंध में, एक प्रभावशाली राय यह है कि यह दंगा जान-बूझकर शासन के इशारे पर कराया गया था, जिससे एक दिन पहले ही गाढ़े रंग से रेखांकित होकर सामने आये प्रदेश में नौ विधानसभाई सीटों के उपचुनाव में खुली धांधली के सवालों की ओर से ध्यान हटाया जा सके। सभी जानते हैं कि उप-चुनावों में 23 नवंबर को घोषित नतीजों में, भाजपा ने सपा से तीन सीटें छीन ली हैं।

इन नतीजों में मुरादाबाद की कुंदरकी की सीट जैसे चमत्कार भी शामिल हैं, जहां करीब 65 फीसद मुस्लिम मतदाताओं के बावजूद और मुस्लिम वोटों में किसी खास विभाजन के न होने के बावजूद, भाजपा के उम्मीदवार को एक लाख से ज्यादा वोटों से विजयी घोषित किया गया है। वैसे इन उपचुनावों के सिलसिले में यह उल्लेखनीय है कि मतदान के दिन, 20 नवंबर को ही समाजवादी पार्टी ने कुंदरकी के अलावा भी कम से कम तीन चुनाव क्षेत्रों- अंबेडकर नगर में कटेहरी, मुजफ्फरनगर में मीरापुर तथा कानपुर में सीमामऊकृमें बड़े पैमाने पर चुनाव धांधली और खासतौर पर मुस्लिम मतदाताओं को पुलिस द्वारा रोके, डराए-धमकाए जाने और उन पर लाठियां बरसाए जाने के, सप्रमाण आरोप लगाए थे। यहां तक कि प्रायरू विपक्ष की शिकायतों को अनसुना करने वाले चुनाव आयोग तक को, अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों में करीब आधा दर्जन पुलिस अधिकारियों के निलंबन के आदेश जारी करने पड़े थे। मतगणना के बाद, विपक्ष चुनाव धांधली की इन शिकायतों को जोरदार तरीके से उठाता, उससे पहले ही अगली सुबह संभल में दंगा करा दिया गया, जिसमें इन पंक्तियों के लिखे जाने तक चार और कई खबरों के अनुसार एक ही समुदाय के पांच लोगों की जान जा चुकी थी और पुलिसवालों समेत भारी संख्या में लोग घायल हो गए थे। खैर! संभल की त्रासदी किसी षडयंत्र के अर्थ में भले ही जान-बूझकर नहीं करायी गयी हो, लेकिन दंगा जिस तरह से भड़काया गया है, उस अर्थ में जरूर यह दंगा प्रशासन की मिलीभगत से कराया गया है। यह संयोग ही नहीं है कि एकाएक एक जिला अदालत द्वारा इस कस्बे के सबसे पुराने स्मारक, साढ़े चार सौ साल पुरानी शाही मस्जिद में यह पता लगाने के लिए कि क्या वहां पहले मंदिर रहा था, सर्वे कराने के आदेश दे दिए। आश्चर्यजनक रूप से ये आदेश मुस्लिम पक्ष की अनुपस्थिति में, अल्पसंख्यकों के लिए बिना किसी पूर्व-सूचना के ही जारी कर दिए गए। फिर भी यह सर्वे बिना किसी अप्रिय घटना के हो भी गया। लेकिन, आश्चर्यजनक रूप से 24 तारीख की सुबह सर्वेक्षण टीम, पुलिस की सुरक्षा में और जय श्रीराम के नारे लगाते समूह के साथ, दोबारा सर्वेक्षण के लिए पहुंच गयी। बताया जाता है कि दोबारा सर्वे करने के लिए किसी प्रकार का अदालती आदेश तक नहीं था। उसके बाद वही हुआ जो सकता था। सर्वेक्षण के पक्ष और विरोध में तनाव पैदा होने लगा। विरोध में भीड़ जमा हो गयी और जल्द



**दुर्भाग्य से उत्तर प्रदेश पुलिस की इन जुल्म-ज्यादतियों को चूंकि वर्तमान शासन का पूरा-पूरा अनुमोदन हासिल है बल्कि शासन द्वारा इन्हें बढ़ावा ही दिया जाता है, इसलिए न सिर्फइन पर रोक-टोक का कोई दरवाजा नहीं है, मुसलमानों की किसी भी तरह की सुनवाई की उम्मीद ही तेजी से खत्म होती जा रही है। कहने की जरूरत नहीं है कि इस हताशा ने भी संभल के दंगे की आग में घी डालने का काम किया है। यह नाउम्मीदी इस बात से और भी मुकम्मल हो जाती है कि बढ़ते पैमाने पर अदालतें, समस्या के समाधान का साधन बनने के बजाए, समस्या भड़काने का ही साधन बनती जा रही हैं। यह संयोग ही नहीं है कि तथाकथित सर्वे के अदालती आदेश के जरिए, अकारण सांप्रदायिक झगड़ा खड़ा करने और तनाव पैदा करने का यही पैटर्न काशी में ज्ञानवापी मस्जिद के मामले में और मथुरा में ईदगाह मस्जिद के मामले में, नये सिरे से विवाद खड़े करने के रूप में भी देखने को मिला है। हैरानी की बात नहीं होगी कि आगे-आगे निचली अदालतों के सहारे और भी मुस्लिम धार्मिक स्थलों को लेकर, इसी तरह के झगड़े खड़े किए जाएं।**

ही भीड़ और पुलिस के बीच झड़प की नौबत आ गयी। और फिर वह हुआ, जो उत्तर प्रदेश में योगी राज में हर बार होता है पुलिस ने मुसलमानों के खिलाफ युद्ध जैसा छेड़ दिया। ज्यादातर जानें पुलिस की गोलीबारी में गयी हैं, हालांकि पुलिस ने गोली चलाने से इंकार ही किया है। पुलिस ने 2,500 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की बताते हैं। दुर्भाग्य से उत्तर प्रदेश पुलिस की इन जुल्म-ज्यादतियों को चूंकि वर्तमान शासन का पूरा-पूरा अनुमोदन हासिल है बल्कि शासन द्वारा इन्हें बढ़ावा ही दिया जाता है, इसलिए न सिर्फ इन पर रोक-टोक का कोई दरवाजा नहीं है, मुसलमानों की किसी भी तरह की सुनवाई की उम्मीद ही तेजी से खत्म होती जा रही है। कहने की जरूरत नहीं है कि इस हताशा ने भी संभल के दंगे की आग में घी डालने का काम किया है। यह नाउम्मीदी इस बात से और भी मुकम्मल हो जाती है कि बढ़ते पैमाने पर अदालतें, समस्या के समाधान का साधन बनने के बजाए, समस्या भड़काने का ही साधन बनती जा रही हैं। यह संयोग ही नहीं है कि तथाकथित सर्वे के अदालती आदेश के जरिए, अकारण सांप्रदायिक झगड़ा खड़ा करने और तनाव पैदा करने का यही पैटर्न काशी में ज्ञानवापी मस्जिद के मामले में और मथुरा में ईदगाह मस्जिद के मामले में, नये सिरे से विवाद खड़े करने के रूप में भी देखने को मिला है। हैरानी की बात नहीं होगी कि आगे-आगे निचली अदालतों के सहारे और भी मुस्लिम धार्मिक स्थलों को लेकर, इसी तरह के झगड़े खड़े किए जाएं। दुर्भाग्य ये यह सब एक प्रकार से सुप्रीम कोर्ट की शह से ही हो रहा है। याद रहे कि काशी की ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर इस तरह से विवाद खड़ा किए जाने का मुद्दा जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा था और इस तरह की कार्रवाइयों को 1991 के धार्मिक स्थल कानून के आधार पर चुनौती दी गयी थी, डीवीइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस तकनीकी तर्क के आधार पर सर्वे का अनुमोदन कर दिया था कि सर्वे की मांग, सिर्फयह जानने की मांग है कि क्या वहां कोई मंदिर रहा था? और यह मांग, धार्मिक स्थल की प्रकृति को बदलने की मांग से अलग है, जो कि 1991 के कानून के अंतर्गत प्रतिबंधित है। उसके बाद से, निचली अदालत द्वारा 1991 के कानून के आधार पर ही खारिज कर दिए गए, मथुरा के ईदगाह मस्जिद विवाद को भी पुनर्जीवित किया जा चुका है। आज, संभल इसी आग में जल रहा है। दुर्भाग्य से शासन में उच्चतम स्तर से इस सब को बढ़ावा मिल रहा है। जब हम उच्चतम स्तर कहते हैं, तो हमारा आशय सिर्फप्रदेश में उच्चतम स्तर से ही नहीं, देश में उच्चतम स्तर से भी है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि आम चुनाव के बाद गुजरे लगभग छरू महीनों में, देश ने बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिकता का बढ़ता हुआ ज्वार ही देखा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के नेतृत्व में तो सबसे बढ़कर एक यही काम हो रहा है और श्बंटोगे तो कटोगेश् जैसे नये-नये विभाजनकारी नारे दिए जा रहो हैं। बेशक, यह आम चुनाव में संघ-भाजपा को लगे तगड़े झटके को देखते हुए, कई लोगों ने मोदी निजाम से सांप्रदायिक ताप में कमी लाने की जो उम्मीदें लगा ली थीं, यह सब उनसे उलट है। लेकिन, यही सच है। आम चुनाव के तुरंत बाद, इसने इसके आम सांप्रदायिक प्रचार का रूप ले लिया कि मुसलमानों ने भाजपा के खिलाफ वोट दिया था। फौरन कुछ भाजपा नेताओं ने मुसलमानों को इसके लिए दंडित करने, सरकार द्वारा उनके काम नहीं किए जाने, आदि की पुकारें करनी शुरू कर दीं। इन्हीं पुकारों को हमने, महाराष्ट्र के हाल के विधानसभाई चुनाव में बहुत ही आक्रामक तरीके से तथाकथित श्वोट जिहादश् के विरोध के नाम पर, एक उग्र विभाजनकारी अभियान तक पहुंचाते जाते देखा।

विचार

# सोशल मीडिया पर अफसरी कितनी जायज ?

प्रियंका सौरभ



सिविल सर्विसेज में सोशल मीडिया आचरण की उभरती चुनौतियां सचमुच परेशान करने वाली हैं। सोशल मीडिया सार्वजनिक दृश्यता को बढ़ाता है, जिससे अधिकारी द्वारा दिया गया हर बयान सार्वजनिक मूल्यांकन के अधीन हो जाता है, जिससे प्रशासन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने का जोखिम होता है। उदाहरण के लिए सोशल मीडिया पर केरल सरकार के कृषि विभाग के विशेष सचिव की हालिया टिप्पणियों की व्यापक आलोचना हुई, जिससे सार्वजनिक अधिकारियों द्वारा विवेकपूर्ण ऑनलाइन आचरण की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित हुआ।

सेवा के सदस्य के लिए अनुचित शब्द की व्याख्या की जा सकती है, जिससे उचित सोशल मीडिया व्यवहार के बारे में अस्पष्टता पैदा होती है। उद्योग निदेशक, 2024 (केरल) द्वारा एक व्हाट्स ऐप समूह का निर्माण विभाजनकारी माना गया, जिसमें दिशा-निर्देश निजी डिजिटल इंटरैक्शन के लिए सीमाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने में असमर्थ थे। व्यापक अनुशासनात्मक प्रावधानों को चुनिंदा रूप से लागू किया जा सकता है, जिससे पक्षपात और लक्ष्यीकरण की धारणाएं बनती हैं। आचरण नियमों के असमान प्रवर्तन के परिणामस्वरूप अक्सर कनिष्ठ अधिकारियों को कड़ी जांच का सामना करना पड़ता है, जबकि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नरमी बरती जा सकती है।

सोशल मीडिया पर संवेदनशील सरकारी डेटा या आंतरिक चर्चाएं साझा करना, यहां तक कि अनजाने में भी, गोपनीयता भंग कर सकता है और राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम पैदा कर सकता है। सोशल मीडिया गतिविधि के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई का डर अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर सकता है, जिससे खुली बातचीत और नवाचार में बाधा आ सकती है। व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के सकारात्मक पहलू। संतुलित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि अधिकारी अपने अधिकारों का सम्मान करते हुए जवाबदेह हों, व्यावसायिकता को बढ़ावा दें। पारदर्शी नियम जनता के विश्वास को मजबूत करते हैं, क्योंकि नागरिक अधिकारियों को नैतिक और उचित दोनों मानकों का पालन करते हुए देखते हैं। यह निष्पक्ष प्रशासन के बारे में जनता की धारणा को मजबूत करता है। स्पष्ट दिशा-निर्देशों के साथ, सिविल सेवक शासन के मामलों पर जनता से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी।

आईएएस अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक आउटरीच अभियान सेवा वितरण और नागरिक भागीदारी में सुधार कर सकते हैं। परिभाषित नियम अस्पष्टता को कम करते हैं, डिजिटल क्षेत्र में अधिकारियों के लिए एक स्पष्ट नैतिक ढांचा प्रदान करते हैं। सोशल मीडिया के उपयोग के लिए एक उदाहरणात्मक आचार संहिता अधिकारियों का मार्गदर्शन कर सकती है, जिससे गलत व्याख्या का जोखिम कम हो जाता है। निष्पक्ष नियम अधिकारियों को मनमानी कार्रवाई से बचाते हैं, जिससे उन्हें अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को व्यक्तिगत स्वतंत्रता के साथ संतुलित करने की अनुमति मिलती है। सुरक्षा को निर्दिष्ट करने वाले दिशानिर्देश व्यक्तिगत शिकायतों के आधार पर अनुशासनात्मक कार्रवाइयों के दुरुपयोग को रोकने में मदद करते हैं। व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के नकारात्मक पहलू। अत्यधिक प्रतिबंध व्यक्तिगत अभिव्यक्ति में बाधा

**सोशल मीडिया पर संवेदनशील सरकारी डेटा या आंतरिक चर्चाएं साझा करना, यहां तक कि अनजाने में भी, गोपनीयता भंग कर सकता है और राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम पैदा कर सकता है। सोशल मीडिया गतिविधि के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई का डर अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर सकता है, जिससे खुली बातचीत और नवाचार में बाधा आ सकती है। व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के सकारात्मक पहलू। संतुलित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि अधिकारी अपने अधिकारों का सम्मान करते हुए जवाबदेह हों, व्यावसायिकता को बढ़ावा दें। पारदर्शी नियम जनता के विश्वास को मजबूत करते हैं, क्योंकि नागरिक अधिकारियों को नैतिक और उचित दोनों मानकों का पालन करते हुए देखते हैं।**

डाल सकते हैं, जिससे एक कठोर वातावरण बन सकता है जो खुलेपन को रोकता है। अधिकारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के डर से लाभकारी जानकारी साझा करने से बच सकते हैं, जिससे पारदर्शिता कम हो सकती है। सोशल मीडिया पर पेशेवर और व्यक्तिगत आचरण के बीच अंतर करना मुश्किल है, जिससे अकसर भ्रम की स्थिति पैदा होती है। नियमों को राजनीतिक एजेंडे से प्रभावित होकर चुनिंदा तरीके से लागू किया जा सकता है, जिससे अधिकारी की स्वतंत्रता प्रभावित होती है।

ऐसे मामले जहां अधिकारियों को चुनिंदा तरीके से अनुशासित किया जाता है, प्रवर्तन तंत्र की तटस्थता में विश्वास को कम करता है। सोशल मीडिया की निगरानी अधिकारियों के व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन कर सकती है, जिससे निगरानी के बारे में नैतिक सवाल उठते हैं। अनुशासन पर अत्यधिक जोर देने से मनोबल प्रभावित हो सकता है, जिससे अधिकारियों की जनता के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने की इच्छा सीमित हो सकती है।

आईएएस अधिकारियों के लिए सोशल मीडिया पर स्वीकार्य सामग्री और व्यवहार को रेखांकित करने वाले विशिष्ट नियम विकसित करें। नियम, 1968 में बदलाव किए जाने चाहिए, जिसमें सोशल मीडिया आचरण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देशों का अभाव है। 1968 के नियमों में सेवा के सदस्य के लिए अनुचित जैसे शब्दों को किसी भी तरह की मनमानी कार्रवाई को हटाने के लिए निष्पक्ष रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए। सुनिश्चित करें कि रैंक या स्थिति की परवाह किए बिना अनुशासनात्मक कार्रवाई समान रूप से लागू की जाती है।

## तृणमूल की जीत से ममता की इंडिया ब्लॉक में स्थिति मजबूत

सात्यकी चक्रवर्ती

पश्चिम बंगाल में छह विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनावों में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों की जीत तृणमूल नेतृत्व की उम्मीदों से भी शानदार रही। 2021 के विधानसभा चुनावों में छह सीटों में से एक मदारीहाट सीट भाजपा के पास थी, जबकि अन्य पांच सीटें तृणमूल के पास थीं। उपचुनावों में जिसके परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए गए, टीएमसी ने न केवल अपनी पांच सीटों को बहुत बड़े अंतर से बरकरार रखा, बल्कि भाजपा की सीट पर उसके उम्मीदवार को 30,000 से अधिक मतों से हराकर सभी छह सीटों पर कब्जा कर लिया।

2021 के चुनावों में भाजपा ने टीएमसी को 29,000 मतों से हराकर मदारीहाट सीट जीती थी। आरजी कार कॉलेज में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या से संबंधित दुखद घटना के बाद मतदान हुआ, जिसके कारण डॉक्टरों और आम लोगों की भावनाओं में अभूतपूर्व उछाल आया और पीड़िता के लिए न्याय की मांग की गयी। इस उभार ने एक व्यापक आंदोलन का रूप ले लिया जिसमें वामपंथी दलों, विशेष रूप से सीपीआई (एम) ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 9 अगस्त से शुरू हुआ आंदोलन 21 अक्टूबर तक जारी रहा, जिस दिन डॉक्टरों ने पश्चिम बंगाल सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत के बाद अपनी भूख हड़ताल वापस ले ली।विपक्षी दलों, खासकर वामपंथियों को उम्मीद थी कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल सरकार के भ्रष्टाचार को निशाना बनाकर किये गये इस उभार का छह निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों के चुनावी मूड पर वामपंथियों के पक्ष में असर पड़ेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इसके बजाय, मतदाताओं ने टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के पक्ष में अपने जनादेश का इस्तेमाल किया। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि वामपंथी उम्मीदवारों की न केवल जमानत जब्त हुई, बल्कि 2021 के विधानसभा चुनावों की तुलना में मतदान के आंकड़े भी काफी कम रहे। वाम मोर्चे के नेता सीपीआई (एम) केवल एक सीट पर चुनाव लड़ी और 2021 की अपनी दो अन्य सीटों पर, पार्टी ने हरोआ में आईएसएफ और नैहाटी में सीपीआई (एमएल) लिबरेशन को चुनाव लड़ने दिया। पार्टी को तलडांगा सीट पर सबसे खराब स्थिति का सामना करना पड़ा, जहां वह चुनाव लड़ी थी। इसका वोट शेयर 4 प्रतिशत से भी कम था। विडंबना यह है कि हरोआ में केवल आईएसएफ उम्मीदवार ही अपनी जमानत बचा सका। इस परिणामों ने वामपंथियों को पूरी तरह से चुनावी जंगल में डाल दिया लगता है। जहां तक भाजपा का सवाल है,राज्य पार्टी नेतृत्व के पास कोई बहाना नहीं है। टीएमसी के खिलाफ उसके सारे अभियान कोई नतीजा नहीं दे पाये, हालांकि एक को छोड़कर, भाजपा वोटिंग के आंकड़ों के मामले में टीएमसी के बाद दूसरे नंबर की पार्टी बनी हुई है। लेकिन वह दूसरा नंबर बहुत दूर भारी मतों के अन्तर से है। मदारीहाट की इस हार के साथ, राज्य विधानसभा में भाजपा की ताकत 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद मिले 77 के मूल स्तर से घटकर लगभग 69 रह गयी है। भाजपा के पास बंगाल में पेश करने के लिए कोई नया कार्यक्रम नहीं है, सिवाय मोदी की गारंटी की बात करने और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में हालिया जीत पर खुशी मनाने के। बंगाल में अगला विधानसभा चुनाव अप्रैलध्मई 2026 में होना है। भाजपा को कुछ समझ नहीं आ रहा है। उसके पास 2026 के चुनावों में आक्रामक टीएमसी से लड़ने का कोई रोडमैप नहीं है। सीपीआई(एम) के बारे में, जिसके पास अभी भी वामपंथी दलों के बीच संगठन का कुछ सादृश्य बचा हुआ है, स्थिति हर साल खराब होती जा रही है। मतदान प्रतिशत कम हो रहा है और नेतृत्व जिस तरह की बात कर रहा है, उसमें कोई बदलाव की संभावना नहीं है। पार्टी कांग्रेस की पूर्व संध्या पर राज्य माकपा सम्मेलन फरवरी 2025 में होने वाला है। पार्टी में और अधिक युवा लोगों को लाने की योजना है, लेकिन अब तक के नतीजे निराशाजनक हैं। हाल के वर्षों में शामिल हुए माकपा के कुछ युवा सदस्य शहर केंद्रित हैं और आंदोलन में भाग लेने के बजाय सोशल मीडिया के माध्यम से टीएमसी के खिलाफ अपनी लड़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।



## राशिफल

**मेष:-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**वृषभ:-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

**मिथुन:-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्क:-** शरीर और मन में बेचौनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद-विवाद से दूर रहें।

**सिंह:-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्या:-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

**तुला:-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी। धन का खर्च होगा।

**वृश्चिक:-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**धनु:-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

**मकर:-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभ:-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीन:-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

# उच्च शिक्षा की परम्परा और प्रयोग

गिरीश्वर मिश्र

भारत में उच्च शिक्षा का बड़ा समृद्ध प्राचीन इतिहास है जहां नालंदा, विक्रमशिला, ओदंतपुरी और तक्षशिला आदि कई विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों की शृंखला थी, जहां अनेक विषयों का अध्यापन और अनुसंधान किया जाता था। ये सभी संस्थान समाज द्वारा पोषित किंतु व्यवस्था की दृष्टि से स्वायत्त थे। यहां के प्राध्यापक अपने विषयों के प्रामाणिक विद्वान थे और उनकी उपलब्ध कृतियां उनकी प्रतिभा और बुद्धि का कायल बनाती हैं। वैदिक ज्ञान परम्परा से जो धारा प्रवाहित हुई वह काल क्रम में ज्ञान की साधना को दिशा देती रही। इसका प्रमाण ज्ञान का प्रतिमान स्वरूप अष्टाध्यायी, योगसूत्र, नाट्यशास्त्र, चरक संहिता, अर्थशास्त्र, कामसूत्र और सूर्य सिद्धांत आदि अनेकानेक ग्रंथों में उपलब्ध होता है।

दर्शन, धर्मशास्त्र, गणित, धातु-विद्या, साहित्य और कला आदि के क्षेत्रों में प्रचुर सामग्री आज भी उपलब्ध है। यह निश्चित है कि अध्ययन का क्षेत्र अत्यंत व्यापक था और वह कोरा सैद्धांतिक न होकर जीवन से जुड़ा होता था। वह शिक्षा विद्यार्थी को व्यवसायों के लिए तैयार करती थी। ज्ञान की यह परम्परा विकसित होती रही, उन पर चर्चा, खंडन-मंडन और टीका-टिप्पणी का भी अवसर बना रहा। यदि ज्ञान की



शास्त्रीयता बहुलतामूलक थी तो बहुज्ञता शास्त्र जानने वाली की प्रवीणता या दक्षता की कसौटी थी। भर्तृहरि के शब्दों में 'सिर्फ अपनी ही ज्ञान-परम्परा का ज्ञान अपर्याप्त होता है'। विचारों और सिद्धांतों में पर्याप्त विविधता थी और ज्ञान की प्रामाणिकता उसके प्रयोग से जांची-परखी जाती रही। कुशलता और दक्षता को बढ़ावा दिया जाना प्रमुख सरोकार था।

ज्ञान-विज्ञान के अर्जन को अवलोकन तथा तर्क की सहायता से आगे बढ़ाने का प्रयास ज्ञान की यात्रा की मुख्य विशेषता के रूप में उभरती है। सिद्धांतों को यथार्थ की ओर उन्मुख एक आलोचक दृष्टि द्वारा सतत प्रमाणित किया जाता रहा। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य जीवन के क्लेशों से पार पाना था। विद्यार्जन का कार्य सभी तरह की समस्याओं का समाधान करने वाले उपाय के रूप में स्थापित हुआ। मनुष्य का सर्वतोमुखी विकास इस शिक्षा का उद्देश्य था। शिक्षा मूल्य-सृजनका माध्यम थी। भारतीय परंपरा में शिक्षा को सामाजिक जीवन से जोड़े रखने को प्राथमिकता दी गई थी। शिक्षा और दीक्षा के द्वारा शास्त्र तथा लोक दोनों को पुष्ट किया जाता रहा और दोनों एक दूसरे को प्रभावित करते रहे । शिक्षा की चर्या कैसे हो इस पर भी वैदिक काल से ही चिंतन-मनन होता रहा। ज्ञान को आत्मसात् करना और दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाना ही आचार्य और उपाध्याय का मुख्य कार्य होता था। अध्यापक का प्रवचन यदि संधान था तो गुरु (पूर्वपक्ष) तथा शिष्य (उत्तरपक्ष) के बीच विद्याविषयक सम्बन्ध को संधि कहा गया।

ज्ञान की सामाजिक भूमिका थी तो ज्ञानसृजन भी समाज की आशा-आकांक्षा के प्रति संवेदनशील था। अपने व्यापक अर्थ में दोनों का संचालन धर्म की परिधि में करने पर जोर दिया गया। इसे जीवन-विस्तार और समाज में स्थापित किया जाता रहा । विभिन्न शास्त्रों, विद्याओं और कला-कौशलों का विस्तार आज भी विभिन्न ग्रंथों या टेक्स्ट में उपलब्ध है जो यह बताने के लिए पर्याप्त आधार प्रदान करता है कि भौतिक जगत, सामाजिक व्यवहार और आध्यात्मिक अनुभव सभी दृष्टियों से ज्ञान के उद्घाटन का प्रयास मुख्य है । इन सबके केंद्र में मनुष्य समेत समस्त प्राणिजगत के साथ प्रकृति की रक्षा और संवर्धन का प्रयास है । इस सोच में शिक्षा मानव पूंजी में स्थायी निवेश है जिसका उद्देश्य दायित्वपूर्ण मनुष्य निर्मित करना है।यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि आधुनिक भारत में उच्च शिक्षा का वर्तमान रूप अंग्रेज़ी औपनिवेशिक काल की देन है जिसे योजनाबद्ध रूप में युक्तिपूर्वक प्रस्तुत और स्थापित किया गया । यह शिक्षा को देश की ज्ञान-परम्परा से काट कर और उसे अप्रासंगिक बना कर लागू की गई। अपरिचित विदेशी भाषा के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था ने शिक्षा तक पहुँच को न केवल सीमित कर दिया बल्कि अंग्रेज़ी तहजीब और तौर तरीकों को मानक के रूप में स्थापित किया। संस्कृति और ज्ञान का नया आदर्श अनिवार्य रूप से श्रेष्ठ बना कर प्रचारित किया गया। उस अंग्रेजी परस्त भारत से परे वाला शेष भारत बड़ी आसानी से हाशिए पर पहुंचा दिया गया। अपने सामान्य रूप में यह शिक्षा ज्ञान के निर्माण और प्रसार की जगह सरकारी काम-काज के लिए जरूरी मुलाजिमों को तैयार करने लायक पढ़ाई पर ही केंद्रित रही। इस तरह वह एक तरह की बाबूगिरी को तरजीह देने वाली ज्ञानप्रणाली थी और उसका विस्तार उसी रूप में किया जाता रहा । इस शिक्षा में विद्यार्थी का एकांगी विकास हो रहा था। उसकी विषयवस्तु बाहर से उधार ली गई थी और शिक्षा के नाम पर उसी के अनुकरण तथा पुनरुत्पादन का काम जोर-शोर से शुरू हुआ जो बाद में भी चलता रहा। पश्चिम को ही मानक माना गया और उसकी मान्यता पाने पर ज़ोर दिया जाता रहा। ऐसे में नवोन्मेष, सृजनात्मक पहल, मौलिकता और विचार-स्वातंत्र्य जैसे मानदंडों में देश पिछड़ता गया। शिक्षा की प्रक्रिया विशेषतया अध्यापन और परीक्षा के ढाँचा का प्रावधान इसी के अनुरूप किया गया।ज्ञान-सृजन और प्रसार की दृष्टि से अंग्रेजों द्वारा आरम्भ की गई और उनके वर्चस्व के प्रभाव में स्वतंत्र भारत में भी क़ायम रही । यह उच्च शिक्षा ज्ञान के क्षेत्र में भारत को सदा के लिए दोयम बनाये रखने का पक्का नुस्खा बन गया। यह मॉडल ज्ञान की प्रक्रिया का भारतीय आदर्श बन गया और अभी तक जारी है। लगातार अभ्यास के कारण दूसरे विकल्पों के प्रति हम उदासीन और तटस्थ होते गए। ज्ञान, कौशल और तकनीक के क्षेत्रों में परजीवी हो जाना स्वावलम्बन और विकास के लक्ष्य के विरुद्ध जाता है। उद्यमिता और सामाजिक प्रासंगिकता की दृष्टि से भी यह मॉडल अधिक उपयोगी नहीं रहा। हम स्थानीय प्रश्नों को भी दरकिनार रखे और वैश्विक संदर्भ के प्रति भी आवश्यकतानुसार संवेदनशील नहीं हो सके। आज जब उदारीकरण, वैश्वीकरण और अंतरराष्ट्रीयकरण का दौर आ चुका है तथा डिजिटल और स्मार्ट विश्वविद्यालयों की बात हो रही है हमारे देश के अनेक विश्वविद्यालय सोच-विचार और प्रणाली की दृष्टि से स्तब्ध और किंकर्तव्यविमूढ़ बने हुए हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएम ने भारतीय संविधान की उद्देशिका का कराया पाठन

- कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया गया संविधान दिवस
- संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगणों द्वारा लखनऊ से सीधे प्रसारण को देखा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम तथा जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी की अध्यक्षता में संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठन किया गया।

इस सम्बंध में जिलाधिकारी ने भारतीय संविधान की उद्देशिका को पढ़ा, जिस पर सभागार में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों ने भी उद्देशिका को दोहराया। उन्होंने कहा कि हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिये दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर,1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है। इस अवसर पर जनपद के समस्तकार्यालयों, स्वायत्तशासी निकायों/संगठनों, स्थानीय निकायों एवं शैक्षणिक संस्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिनमें संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों एवं मूलभूत सिद्धान्तों पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता, वेबिनार, गोष्ठी आदि का भी आयोजन सम्बंधित विभागों द्वारा किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभर्थियों को आवास दिए गए तथा नगर पालिका एवं पंचायती राज विभाग के सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मृत्युँजय नरायण मिश्रा तथा जिला विकास अधिकारी पंकज यादव सहित कलेक्ट्रेट व विकास भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### दो दिन बाद जगन्नाथ की हत्या का नहीं हो सका खुलासा, पुलिस पूछताछ में जुटी

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के चकदाहा गांव में जगन्नाथ की हत्या के 48 घंटे बाद भी पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में नाकाम साबित हुई और हत्या का खुलासा नहीं हो सका है। हालाकि पुलिस नामित अज्ञात कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है।वहीं इस मामले के उजागर करने में काफी निकट पहुंच गई है। पोस्टमार्टम के बाद आए जगन्नाथ शव के अंतिम संस्कार को लेकर काफी देर गहमा गहमी चलती रही।जिस स्थान पर अपनी निजी भूमि बता परिजन उस का अंतिम संस्कार करना चाहते थे वह भूमि गांव सभा की बताते हुए कुछ लोगों ने आपत्ति कर दी थी।

इस संबंध में कोतवाल उमेश कुमार सिंह ने बताया कि गड़रियाखेर निवासी जगन्नाथ की हत्या के मामले में पुलिस खुलासे के निकट तक पहुंच गई है।लेकिनअभी सघन जांच जारी है शीघ्र खुलासा होगा। वहीं मृतक के रिश्तेदार बद्री कुशवाहा सीताराम कुशवाहा एरामबाबू राजेश कुशवाहा आदि लोगों ने बताया कि जगन्नाथ की हत्या के आरोपियों की तहरीर पुलिस को पहले ही सौंप दी गई है लेकिन अभी तक खुलासा नहीं हो सका।

# सिचाई के पीक सीजन में वोल्टेज को लेकर बिजली व नलकूप विभाग आमाने-सामने

- नलकूप विभाग का कहना है कि लो वोल्टेज के चलते हर हफ्ते फुंकती एक दर्जन मोटरें, नलकूप से केवल सात फीसदी सिचाई, लघु डाल व मौदहा बांध की नहरों ने किसानों के साथ किया धोखा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सिचाई के पीक सीजन में जहां किसान फसलों की सिचाई के लिये परेशान हैं। वहीं विद्युत लो बोल्टेज को लेकर नलकूप व विद्युद विभाग आमने-सामने हो गये है। नलकूप विभाग का कहना है कि जिले में सत्तर फीसदी राजकीय नलकूपों में लो बोल्टेज के चलते नलकूपों की मोटरें धड़ाधड़ फुंक रही हैं। वहीं विद्युत विभाग का कहना है कि लो वोल्टेज की कही समस्या नहीं है इसका सत्यापन करा लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक जिले में पहली मर्तवा देखा जा रहा है कि दो विभागों के आरोपो प्रत्यारोपो में किसान पूरी तरह पिसता नजर आ रहा है। पिछले दिनों राजकीय नलकूप विभाग ने सिचाई न होने का पूरा ठीकरा विद्युत विभाग पर फोड़ दिया था इस मर्तवा फिर से नलकूप विभाग के अधिशासी अभियंता हरीओम वर्मा का कहना है कि राठ सरीला गोहांड कुरारा क्षेत्र में लो बोल्टेज के चलते राजकीय नलकूप संचालित नही हो पा रहे है। इसके लिये पूरा दोष विद्युत विभाग को दे रहे है। जिले में विभाग को 33,2200 हेक्टेएअर जमीन की सिचाई करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें अभीतक फिलहाल केवल सात हजार हेक्टेएअर जमीन की सिचाई हो पायी है।

एक्शियन का कहना है कि अभी भी विद्युत दोष से नौ व यांत्रिक दोष से दस नलकूप खराब पड़े है। जिससे किसानों की सिचाई बाधित हो रही है। यही नहीं लघुडाल नहर के पचास फीसदी कैनालों में पानी नही आ रहा है जिससे किसानों की बोआई तो दूर पलेवा नही हो पायी है जबकि फसल की सिचाई का समय चल रहा है। यही नहीं लघु डाल नहर के एक्शियन कभी भी आफिस में नहीं बैठते हैं जिससे किसान अपनी समस्या दर्ज नही करा पाते हैं। इस मामले में पिछले दिनों जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की थी मगर एक्शियन पर कोई असर नही हुआ है। इसी प्रकार मौदाहा बांध की नहरों में टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिससे किसानों की पलेवा नही हो पा रही है।

विभागीय एक्शियन करन पाल गंगवार दफ्तर में न बैठकर घर से कार्य संचालित करते है जिससे दूर दराज का किसान निराश होकर लौट जाता है। विभाग के सहायक अभियंता सर्वजीत वर्मा का कहना है कि छानी क्षेत्र में आज ही टेल तक पानी पहुचा है धीरे धीरे पानी पहुचता जा रहा है।

### कुरारा क्षेत्र की समस्याएं सर्वाधिक

**हमीरपुर।** राजकीय नलकूप विभाग के एक्शियन हरीओम वर्मा ने बताया कि शासनादेश के मुताबिक हर रोज दस किसानों से मोबाइल में बात की जाती है जिसमे सबसे ज्यादा समस्याएं कुरारा क्षेत्र की आती है यहा पर जेई व एई काम सतोषजनक नही है। क्षेत्र में 158 राजकीय नलकूप स्थित है जिसमे किसानों को कोई न कोई समस्या रोजाना आती है इधर किसानों का कहना है कि कुरारा के सहायक अभियंता संदेश सिंह कभी भी क्षेत्र में नही आते है जिससे समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। यहा के किसानो ने उच्चाधिकारियों से कई मर्वता शिकायत भी की है।

### नाली कुलावे की मरम्मत के लिये शासन से मिले डेढ़ करोड रुपए का बजट

**हमीरपुर।** शासन ने राजकीय नलकूपों की नाली कुलावे की मरम्मत के लिये पचास नलकूपों के लिये करीब डेढ़ करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। जिससे कई सालो से टूटी नालियों व कुलावे की मरम्मत करायी जायेगी व जिन नलकूपों में पाइप लाइन टूटी है वह ठीक करायी जाएगी, एक्शियन ने बताया कि इसके लिये शासन से योजना बनाकर भेजी थी जो स्वीकृत कर बजट दे दिया है। काम भी शुरु करा दिया गया है।

### जिले में 107 नलकूप कराए जाएंगे रिबोर

**हमीरपुर।** शासन ने पूरे प्रदेश में सत्रह सौ नलकूपों के रिबोर के लिये क्लीन चिट दे दी है जिसमे सर्वाधिक रिबोर हमीरपुर जिले में दिये गये है जिनकी संख्या 116 बतायी गयी है। पैसा आने के बाद नलकूपों का रिबोर शुरु कराया जायेगा। जबकि अन्य जिलों में नाम मात्र के नलकूप रिबोर की सूची में आये है। जिले में जल स्तर नीचे गिरने के कारण समय से पहले ही नलकूप रिबोर की श्रेणी में आ जाते है। क्योंकि यहा पर चार ब्लाक पहले ही सेमी क्रिटिकल श्रेणी में आते है।

## खबरें एक नजर में

### फेरी करने वाले को गाली-गलौच कर मारापीटा

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के बदनपुरा गांव व हाल पता दाता गढ़ी सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी लखनलाल पुत्र कल्लू श्रीवास ने बताया कि वह बाइक से कपड़े की फेरी का कार्य करता है। मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे रौरौ गांव में कपड़े की फेरी लगा रहा था। तभी कपड़ों के रेट को लेकर गांव का एक व्यक्ति बहस कर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसे मारा-पीटा। बताया कि युवक ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### लापरवाही के चलते ट्रक में टक्कर मारी

**राठ(हमीरपुर)।** जनपद बिजनौर के राजोपुर सादात गांव निवासी तुलाराम सिंह पुत्र सुम्मेर सिंह ने बताया कि 22 नवंबर की रात करीब दस बजे उसका साला महेश पुत्र करन सिंह निवासी चांदा नगली मोहनपुर थाना हल्दौर जनपद बिजनौर अपना ट्राला लेकर असम से दिल्ली की ओर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से होकर जा रहा था। तभी कछवां कलां के पास एक्सप्रेसवे पर सामने से आ रहे चालक ने लापरवाही से चलाते हुए ट्रक में टक्कर मार दी थी। टक्कर से उसके साले महेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना में दोनों ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मृतक के बहनोई ने ट्रक चालक पर जरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### एसडीएम ने की जांच-पड़ताल

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के गल्ला मंडी में स्थित पीसीएफ केंद्र में सोमवार किसानों द्वारा किए गए पथराव की पुष्टि के लिए मंगलवार को उपजिलाधिकारी ने केंद्र में पहुंच कर प्रभारी व किसानों से जानकारी ली जिस पर किसानों ने धूल फेंकने की बात बताई है। गल्ला मंडी में स्थित पीसीएफ केंद्र में किसानों द्वारा किए गए पथराव करने की खबर मिलने पर जिलाधिकारी हमीरपुर ने उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार को मौके जांच करने के आदेश दिए। जिस पर एसडीएम ने मौके पर पहुंच किसानों से बयान लिए। जहां किसानों ने भी धूल फेंकने की बात बताई है। एसडीएम ने बताया कि पत्थराव की घटना गलत है।

### आज पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस होगी महिला जनसुनवाई

**महोबा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी आर बी वर्मा द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया कि सदस्या, श्रीमती अर्चना पटेल महिला आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ की अध्यक्षता में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अर्नतगत दिनांक 27 नवंबर 2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजे महिला जनसुनवाई / समीक्षा बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, महोबा में किया जाना सुनिश्चित है। अतः ऐसी महिलाएं/बालिकाएं जो समस्या के निराकरण हेतु प्रार्थना पत्र देना चाहती हैं वे अपना प्रार्थनापत्र एवं पहचानपत्र (वोटर आईडी कार्ड या आधार कार्ड) की छायाप्रति लेकर आज पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, महोबा निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित हों।

### दुष्कर्मी को 12 वर्ष का कठोर कारावास व 55 हजार का जुर्माना

**महोबा।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत जनपद महोबा पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन विभाग के संयुक्त प्रयास से न्यायालय में प्रभावी पैरवी के क्रम में नाबालिग से दुष्कर्म की दुस्साहसिक घटना कारित करने वाले आरोपी अभियुक्त को अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी कोर्ट महोबा द्वारा अभियुक्त को 12 वर्ष के कठोर कारावास व 55 हजार रु. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। थाना महोबकंठ में पंजीकृत मु.अ.सं. 15/23 धारा 376/506 भादवि से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्त अजीत यादव पुत्र चन्दन यादव निवासी नैपुरा थाना महोबकंठ को 12 वर्ष के कठोर कारावास व 55 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### चुनावों में पेपर बैलेट प्रणाली को फिर से शुरू करने की जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

**महोबा।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश नें बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने मगंलवार (26 नवंबर) डॉ. के.ए. द्वारा दायर एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें भारतीय चुनावों में पेपर बैलेट प्रणाली को फिर से शुरू करने की मांग की गई थी। अन्य याचिकाओं में चुनाव के दौरान पैसे, शराब और अन्य प्रलोभन बांटने का दोषी पाए जाने पर उम्मीदवारों को कम से कम 5 साल के लिए अयोग्य घोषित करने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश जारी करना शामिल था। न्यायालय ने याचिकाकर्ता के ईवीएम से छेड़छाड़ के दावों को खारिज कर दिया, याचिका खारिज करते हुए पीठ ने टिप्पणी की-क्या होता है, यदि आप चुनाव जीतते हैं, तो ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं की जाती है। जब आप चुनाव हारते हैं तो ईवीएम से छेड़छाड़ की जाती है। जब चंद्रबाबू नायडू हार गए तो उन्होंने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है. अब, इस बार, जगन मोहन रेड्डी हार गए, उन्होंने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। पीठ में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और पी.बी. शामिल हैं। याचिकाकर्ता डॉ. कौल के तर्कों में कोई योग्यता नहीं मिली।

### 55 वर्षीय किसान की हार्टअटैक से मौत

**महोबा।** बैंक और साहूकारों के कर्ज से परेशान 55 वर्षी किस की हार्ट अटैक से मौत होने का मामला सामने आया है मृतक किसान कि अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सब का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। महोबा सदर तहसील क्षेत्र के पिडारी गांव में रहने वाले किसान रामसंजीवन के पास 11 बीघा खेती की जमीन है। फसल की पैदावार को लेकर किसान ने बैंक से ग्रीन कार्ड बनवाकर 4 लाख रूपये कर्ज लिया था। दैवीय आपदाओं के चलते हर बर्ष फसल की बर्बादी के चलते कर्ज नही चुका सकें। कुछ घरेलू कार्यों के चलते मेरे पिता जी ने गांव के साहूकारों से करीब 03 लाख रुपये कर्ज लिया था। मगर वह घर की तमाम परेशानियों के चलते कर्ज नही चुका सके है। बैंक ओर साहूकारों के कर्ज को चुकाने की चिंता में मेरे पिताजी को हार्ट अटैक आ गया है।

### एसडीएम एवं भाजपा नेता सुलभ सक्सेना ने किया 80वें अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेंट का शुभारंभ

**चरखारी (महोबा)।** 80वें अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड हाकी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में डीएचए गंगापुर बिहारी की टीम ने खेलो इण्डिया टीकमगढ़ मध्य प्रदेश को एक रोमाचंक मुकाबले में 2-0 से हराया। हाकी टूर्नामेंट का शुभारंभ डाक बंगला मैदान में एसडीएम डॉ. प्रदीप कुमार एवं भाजपा नेता सुलभ सक्सेना ने खिलाड़ियों को परिचय लेते हुए तथा गोल पोस्ट के फीता को काटते हुए किया और टॉस के बाद दोनों की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन पहले हाफ तक दोनों ही टीमें एक दूसरी टीमों पर हमला तो करती रहीं लेकिन कोई भी टीम किसी भी मूव को गोल में तब्दील नहीं कर सकीं। हालांकि पहले हाफ में टीकमगढ़ टीम को पैनाल्टी कार्नर के जरिए मौके तो मिला लेकिन वह इस मौके का लाभ नहीं उठा सके। दूसरे हाफ में गंगापुर अकादमी की युवा टीम ने आधा दर्जन मौके छोड़े लेकिन खेल के 59वें मिनट में गंगापुर टीम को पैनाल्टी कोर्नर मिला जिसमें टीम के सबसे तेज तर्रार खिलाड़ी आकाश राजभर ने गोल में तब्दील करते हुए अपनी टीम को बढ़त दिला दी और खेल के 59वें मिनट में आकाश कुमार ने एक ओर फील्ड गोल दागते हुए 2-0 से अपनी टीम को जीत दिला दी। उद्घाटन मैच में रवि हरदुआ और जोवद खान रैफरी रहे जबकि जज के रूप में फहीम खान तथा पूर्व ओलम्पियन यूसुफ खान रहे।

# कुछ संगठनों ने निकाली संविधान बचाओ यात्रा

- भीम आर्मी ने निकाली शोभा यात्रा



**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा कस्बा सहित आसपास के गांवों में मंगलवार को संविधान दिवस मनाते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है वहीं कस्बा में कुछ संगठनों ने संविधान बचाओ यात्रा निकाली है। इस मौके पर अलग अलग संगठनों और राजनीतिक दलों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया। भीम आर्मी ने कमेला मैदान से एक शोभायात्रा निकाली जो कि रहमानिया मलीकुआ चौराहा होकर स्टेशन के पास अम्बेडकर पार्क में पहुंची जहां डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। संविधान दिवस पर यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विवेक चंद के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे हैं। इसके अलावा भाजपा व सपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संविधान दिवस मनाया है। निजी व सरकारी कार्यालयों के साथ ही ब्लाक कार्यालय व ग्रामीण क्षेत्रों के पंचायत भवनों में भी डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित कर संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

### स्वास्थ्य विभाग ने बच्चियों को निशुल्क सेनेटरी नैपकीन का किया वितरण

**महोबा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आशीष तिवारी के द्वारा विद्यालयों में जाकर बालिकाओं को नेपकीन का वितरण किया गया। विकासखंड जैतपुर के अंतर्गत लगभग एक दर्जन विद्यालयों में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आशीष तिवारी की अध्यक्षता में लगभग 500 बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। इसमें मुख्य रूप से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जैतपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय अकोना, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कुलपहाड़, राजकीय इंटर कॉलेज मझगवा खुर्द कस्तूरबा गांधी विद्यालय जैतपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय। इस मौके पर डॉक्टर आशुतोष सोनी, महेंद्र कुमार, मधुबाला सक्सेना, डॉ प्रेम नारायण शर्मा, संगीता पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# कोआपरेटिव के केंद्र प्रभारी रात में ओवररेटिंग पर बिक्री करते है खाद

- पीसीएफ में किसानों व पुलिस कर्मियों में हुई जमकर नोंक-झोंक

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



डीएपी खाद की किल्लत ने किसानों की समस्या बढ़ा दी है। किसानों ने सहकारी समितियों में केंद्र प्रभारियों पर रात के समय ओवर रेटिंग पर खाद ब्लैक करने का आरोप लगाया है। भीड़ में लंबी कतारों में घंटों खड़े होने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल रही है। किसानों ने प्रशासन पर भी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मंगलवार को गल्ला मंडी में स्थित पीसीएफ केंद्र में खाद लेने के दौरान किसानों की पुलिस कर्मियों से भी नोक झोक हुई है।

क्षेत्र के इटैलियाबाजा गांव निवासी सरोज देवी मनोज कुमारी ओमरानी चिल्ली किरन करौंदी चंद्र कुंवर सियारानी भारती गिरजा उमरिया नीरज कुमारी औंता ने बताया कि वह चार दिनों से मंडी में स्थित पीसीएफ केंद्र के चक्कर लगा रही है। सुबह से केंद्र में लाइन में खड़े रहते और शाम को खाली हाथ चले जाते हैं। आरोप लगाया कि केंद्र प्रभारी रात के समय डीएपी खाद की बोरी 1800 रुपए में ब्लैक कर रहा है। जिससे छोटे किसानों को खाद नहीं मिल पा रही हैं। बताया कि एक आधार कार्ड पर सिर्फ एक बोरी खाद दी जा रही है। जिसके लिए सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। अक्सर दोपहर में खाद समाप्त होने की घोषणा कर देते हैं। जिससे वह खाली हाथ बैरंग लौट जाते हैं। रहंक निवासी मोहित मिश्रा ने बताया कि प्रशासन की लापरवाही से किसानों का शोषण हो रहा है। अधिकारियों की मिली भगत से ही खाद की कालाबाजारी की जा रही है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने बताया कि कहीं कालाबाजारी नहीं की जा रही है। अगर ऐसा मामला आता है तो कार्रवाई की जाएगी।

# दलित युवती से शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

- पांच माह से दोनों के बीच चल रहा था प्रेम प्रसंग, युवती ने प्रेमी पर दो माह का गर्भपात कराने का लगाया आरोप

**महोबा।** चरखारी कोतवाली क्षेत्र की एक दलित युवती ने अपने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर पांच माह तक शारीरिक शोषण कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। साथ ही युवती ने प्रेमी पर दो माह का गर्भपात कराने का आरोप लगाया है । मामले से परेशान युवती ने भाई के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर कार्यवाही की मांग की है चरखारी कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली कविता ने बताया कि राज मंदिर इलाके में रहने वाले शिवम पाराशर से मेरा पिछले कई माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था । इस प्रेम प्रसंग के चलते हम दोनों अक्सर एक पति पत्नी की तरह रहकर शारीरिक संबंध बना लिए थे। कुछ दिनों पहले शिवम मुझे अपने घर ले गया और जबरन बंधक बनाकर मेरे साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया इस घटना के बाद मेरे पेट में दो माह का गर्भ हो गया था। मेरे पेट में गर्भ ठहरते ही शिवम ने मेरे पेट से दो माह का गर्भपात करा दिया है। साथ ही मेरे साथ मारपीट की है। पहले शिवम के परिजन शादी का भरोसा दे रहे थे मगर अब वह शादी से इनकार कर रहे हैं। इस बात से परेशान होकर मैं आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय आई हूं। पुलिस अधीक्षक से आरोपी खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए न्याय दिलाने की मांगी है।

# संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन



**महोबा।** संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भारतीय किसान यूनियन ने कलेक्ट्रेट पहुंच किसानों की लंबित मांगो को पूरा न होने पर नारेबाजी कर जोरदार हंगामा किया। देश की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपते हुए किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष राम खिलावन शुक्ला ने बताया कि किसान आज पूरे भारत में अपने मुद्दों को उजागर करने और निवारण की मांग के लिए संयुक्त रूप से विरोध कर रहे हैं। महामहिम से निवेदन करते हुए कहा कि हम यह ज्ञापन आपको इस उम्मीद और भरोसे के साथ भेज रहे हैं। कि हमने आज 26 नवंबर को लामबंदी के माध्यम से विरोध दिवस के रूप में चुनते हुए राष्ट्रव्यापी हड़ताल की है। किसानों ने 2020 में तीन कृषि कानून के खिलाफ संसद की ओर अपना ऐतिहासिक मार्च शुरू किया था। किसानों के लंबे संघर्ष के बाद जब कृषि कानून वापस लिए गए थे। तब किसान से किए गए वादे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। इन सभी मांगों को लेकर आज हमने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को डीएम को सौंपा है ।

# अंतरराष्ट्रीय महिला विरुद्ध हिंसा उन्मूलन दिवस पर व्याख्यान आयोजित

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने आयोजित किया कार्यक्रम
- महिला हिंसा एक सामाजिक विकृति इसे मिटाने को जनचेतना जरूरी: राजयोगिनी दुर्गेश नंदिनी बहन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय महोबा क्षेत्र द्वारा स्थानीय डी एफ ओ नरेंद्र सिंह के आवास पर अंतराष्ट्रीय महिला विरुद्ध हिंसा उन्मूलन दिवस पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्तव्य देते हुए चित्रकूटधाम क्षेत्र की संचालिका एवम धार्मिक प्रभाग की क्षेत्रीय संयोजिका, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दुर्गेश नंदिनी बहन जी ने कहा कि महिला शक्ति समाज की रीढ़ है आज नारी शक्ति हर क्षेत्र में कमाल कर रहीं हैं। डॉक्टर, इंजीनियर राजनेत्री, अभिनेत्री, वैज्ञानिक, पुलिस, सेना हर जगह महिलाएं पुरुषों से आगे बढ़ कर कार्य कर रही हैं। आप सबके लिए एक शुभ और सुखद संदेश यह कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पिछले 86 वर्षों से नारी जागरण महिलाओं की गरिमा बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महान कार्य कर रहा है। विशेष बात यह है कि यह एक मात्र ऐसा संस्थान है, जिसका पूर्ण संचालन और नेतृत्व महिलाओं के ही हस्तों में है।महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके हितों की रक्षा के लिए संस्था का महिला सेवा प्रभाग राष्ट्रव्यापी आंदोलन चला रहा है और अनेकानेक कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। यहां प्रशिक्षित राजयोग महिलाओं के आत्मबल और बुध्दिबल को बढ़ाने में सहायक है। जिसका ज्वलंत उदाहरण हमारे देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैं, जो पिछले 40 वर्षों से ब्रह्माकुमारी संस्थान में राजयोग की शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के सामाजिक एवं आर्थिक परामर्शदात्री समिति में भी ब्रह्माकुमारी संस्थान एक स्थाई सदस्य के रूप में कार्यरत है। राजयोगिनी दुर्गेश नंदिनी बहन जी ने कहा कि कि आज समाज में मानसिक, वैचारिक और भावनात्मक प्रदुषण सर्वत्र व्याप्त है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, महोबा महिला थाना अध्यक्षा, सुषमा चौधरी ने कार्यक्रम के लिए अपनी प्रेरणादायक शुभकामनाएं दीं।

# एसपी ने 100 जरुरतमंदों को निःशुल्क हेलमेट बांटें

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में यातायात माह नवंबर के तहत लोगो को यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता लाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनदीय पुलिस/यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्कूलों, कालेजों, शिक्षण संस्थानों, चौहारों व विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करने के लिए और हेलमेट पहनने की आदत डालने के लिए अनूठे प्रयास के तहत आज पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल द्वारा मुख्यालय के झलकारी बाई तिराहे के पास बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चला रहे 100 जरुरतमंद लोगों को निःशुल्क हेलमेट का वितरण किये गये हैं और यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की गई। साथ ही लोगों को उनके जीवनमूल्यों के प्रति जागरुक करते हुए अपील करते हुए कहा कि हेलमेट लगाना एक सिम्पल प्रक्रिया है; लेकिन इसके प्रयोग से व्यक्ति की जान भी बच सकती है, इसलिए जब भी अपने घर से बाइक या स्कूटी लेकर निकलें तो हेलमेट जरुर लगाएं तथा अपने परिवार एवं मित्रगण को हेलमेट लगाये जाने के प्रति जागरुक किये जाने का अनुरोध भी किया गया।

यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए यातायात माह चलाया जा रहा है, हेलमेट देने के साथ ही लोगों को सही नंबर प्लेट लगाने, चार पहिया वाहन चालकों को गाड़ी से काली फिल्म हटाने, हूटर हटाने के लिए समझाया गया. इसके साथ ही सीट बेल्ट लगाने के लिए भी जागरुक कर सभी दो पहिया वाहन चालकों को हरी झण्डी दिखा रवाना किया गया। सभी वाहन चालकों ने महोबा पुलिस के इस अनूठे प्रयास की प्रशंसा कर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन किये व कराये जाने की बात कही है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अर्जुन सिंह सहित समाजसेवी रामजी गुप्ता, मनु गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी, बीपी वर्मा, सौरव गुप्ता सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**क्या है यातायात माह का उद्देश्य?:** गौरतलब है कि हर साल की तरह इस बार भी जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता बढ़ाए जाने के उद्देश्य से 01 नवंबर से 30 नवंबर तक 'यातायात माह' के रूप में मनाया जा रहा है।

# खाद के लिए मारामारी, किसानों ने जाम लगाने का किया प्रयास



**पनवाड़ी (महोबा)।** महोबकंठ क्षेत्र में रबी की सभी फसलों की एक साथ बुआई शुरू होने से क्षेत्र में खाद की कमी के चलते किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की समितियों में खाद पहुंचते ही खत्म हो जाती है। अधिकतर किसानों का कहना है कि दिन दिन भर लाइन में लगे रहने के बावजूद भी जरूरत के हिसाब से तो छोड़िए एक बोरी खाद भी नहीं मिल पा रहा है महोबकंठ क्षेत्र की खैरोंकला समिति में मंगलवार को खाद वितरण की जानकारी होते ही महोबकंठ क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों के करीब एक हजार से अधिक किसान पहुंच गए। किसानों को खाद मिलने की कोई उम्मीद नहीं दिखी तो उन्होंने हो हल्ला करते हुए हंगामा शुरू कर दिया तथा समिति के सामने से निकले झांसी मिर्जापुर नेशनल हाईवे पर जाम लगाने का प्रयास किया लेकिन थानाध्यक्ष की सूझ बूझ से पुलिस ने किसानों को समझा बुझाकर हंगामा कर रहे लोगों को सड़क से हटाया। साधन सहकारी समिति खैरोंकला में 400 बोरी खाद स्टॉक में थी। किसान बृजेश, दीनदयाल जयहिंद, अंकुल, प्रहलाद ने बताया कि वह सुबह 6 बजे से लाइन में लगे रहे फिर भी एक भी बोरी खाद नहीं मिल सकी।

# 26 नवंबर को जनपद में मनाया गया संविधान दिवस

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का कराया पाठन



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिले में संविधान दिवस भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट लोक सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी इंद्रसेन, उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह, उप जिलाधिकारी विवेकशील सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। लाइव प्रसारण के उपरांत सभागार में मौजूद अधिकारियों/कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने संविधान की उद्देशिका का पाठन कराया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद वासियों को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ÷हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। आज संविधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त कार्यालयों, तहसीलों, ब्लॉकों, ग्राम पंचायतों, शिक्षण संस्थानों में भी संविधान की उद्देशिका का पाठन कराने के साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### डॉ अम्बेडकर आधुनिक भारत के निर्माता, दिया अनोखा संविधान-रामशरण पाठक

**रामनगर, बाराबंकी।** संविधान दिवस पर नगर पंचायत रामनगर में चेयरमैन रामशरण पाठक और अधिशाषी अधिकारी अशोक कुमार खरवार ने डा.भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर देश के एकता अखंडता की शपथ दिलाई।पीजी कॉलेज में संविधान दिवस पर संविधान प्रस्तावना की शपथ और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कर प्राचार्य प्रोफेसर डॉ कौशलेंद्र विक्रम मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।प्राचार्य ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चेयरमैन ने कहा कि डॉ अम्बेडकर आधुनिक भारत के निर्माता हैं।

# एसपी ने सार्वजनिक स्थानों पर किया पैदल मार्च

▸ पुलिस जवानों ने सड़कों में फुट मार्च कर सुरक्षा का कराया अहसास



**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

विभिन्न अवसरों पर शान्ति तथा कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस जवानो के द्वारा बाजारों तथा सार्वजनिक स्थानों में पैदल मार्च कर जनता को सुरक्षा का अहसास कराया गया। इस दौरान उन्होंने जनता से संवाद स्थापित किए। बीती देर शाम को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक , वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश सिंह,उप निरीक्षक राजेश कुमार, टरनंनगंज चौकी के इंचार्ज रणधीर सिंह, महमूदपुरा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह चंदेल, उप निरीक्षक वसीम अहमद, सब इंस्पेक्टरों शिवम सिंह सेंगर महेश सिंह,सशस्त्र पुलिस के जवान नगर के फुल पावर चौराहे में एकत्रित हो गए। इसी चौराहे से ही पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में पैदल गस्त चलाया गया। इस दौरान नगर में पुलिस अधिकारियों ने फुट मार्च करके प्रमुख मार्गो तथा सार्वजनिक स्थानों में जनता से संवाद स्थापित कर जनता को सुरक्षा का अहसास कराया। मालूम हो कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सक्रियता बरती जा रही है। अराजक तत्वों के पर नकेल कसने तथा अपराधों पर नियंत्रण करने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा पैदल गस्त में गतिशीलता लाई जा रही है।

इसी को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस जवानों द्वारा, मैन हाइवे, खानकाह शरीफ, बड़ा बाजार, मैन बाजार टरनंनगंज, सर्राफा बाजार, खोवा मंडी, मूंगफली मंडी आदि स्थानों में फुट मार्च किया गया।

# संविधान की उद्देशिका पर हुई भाषण प्रतियोगिता



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छन्दवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में संविधान दिवस पर छात्र छात्राओं की संविधान की उद्देशिका पर भाषण प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ छात्रों द्वारा उद्देशिका के सस्वर वाचन से हुआ। स्कूल के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को संविधान दिवस की बधाई दी। रत्नेश कुमार ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान हमारे अधिकारों की रक्षा करता है, हमें कर्तव्यों का बोध कराता है, समता स्वतंत्रता और बंधुत्व का पाठ पढ़ाता है।

हमारा संविधान, सरकारों को संविधान सम्मत कार्य करने के लिए निर्देश देता है। शिक्षिका पूनम रत्नाकर ने बताया कि संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया तथा 26 नवम्बर 2015 से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया। इस मौके पर दो दर्जन छात्रों ने संविधान की उद्देशिका पर भाषण प्रस्तुत किया, जिसका मूल्याकंन निर्णायक मंडल ने किया। प्रतियोगिता में स्थान लाने वाले पांच छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर स्कूल के शिक्षिका शारदा रावत, सरिता यादव, प्रिया मौर्य, पूनम रत्नाकर, अनिता, सरोज, जियालाल आदि लोग उपस्थित रहे।



## ग्राम्यांचल महाविद्यालय में हुई विविध प्रतियोगिता

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को ग्राम्यांचल विधि महाविद्यालय में भाषण, वाद-विवाद, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित भाषण व बाद विवाद प्रतियोगिताओ में भारत के समावेशी विकास में आरक्षण की भूमिका, समान नागरिक संहिताः एक देश एक कानून, ÷भूल जाने का अधिकार÷ आदि विषय शामिल थे। कार्यक्रम में ग्राम्यांचल सेवा समिति के अध्यक्ष शरद अवस्थी, महासचिव आशुतोष अवस्थी, प्रबन्धक जगदीश प्रसाद शर्मा, सहप्रबन्धक श्रीमती श्रुति तिवारी, प्राचार्य डॉ. अजय कुमार तिवारी एवं समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवव्रत मिश्र ने किया। प्रतिभागी छात्रों- सलोनी सिंह, श्रेया तिवारी, पुष्कर त्रिवेदी, अरमान कुरैशी इत्यादि ने प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुये शानदार प्रदर्शन किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. नीलम मिश्रा, डॉ. दिलीप मिश्रा, डॉ रामशिरोमणि मिश्रा ने निष्पक्षता पूर्वक प्रतिभागियों की प्रतिभा का मूल्यांकन किया।

### डॉ आंबेडकर को पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** क्षेत्र के सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी संविधान दिवस के अवसर पर तहसील के पारिजात सभागार में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता एंव तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा के संयोजन में संविधान निर्माता बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान पर चर्चा हुई।

इस मौके पर नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय, श्वेताभ सिंह, अवधेश कुमार राजस्व निरीक्षक शुभेन्द्र अवस्थी, आशुतोष मिश्रा अजय रावत, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# मानसिक बीमार किशोर को परिजनों से मिलाया

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लोनी कटरा पुलिस का सराहनीय कार्य

भिलवल चौराहे पर लावारिस हालत में भटक रहे एक मानसिक विक्षिप्त किशोर को लोनीकटरा पुलिस ने उसके परिजनों से मिलाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की जा रही है। वहीं किशोर को सही सलामत पाकर परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया है। प्रदेश के भदोही जनपद के थाना औराई के चक नथुआ गांव निवासी सूरज गत 24 नवंबर को लोनी कटरा थाना क्षेत्र के लखनऊ सुल्तानपुर राजमार्ग पर कस्बा भिलवल के पास भटकते हुए पुलिस को मिला था। भदोही से रास्ता भटक कर यहां पहुंचे मानसिक विक्षिप्त किशोर को बाराबंकी पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के ÷ऑपरेशन खोज÷ के तहत अथक प्रयास कर सी प्लान एप्प की सहायता से परिजनों के संबंध में जानकारी की गई तो किशोर की पहचान हो सकी। आज मंगलवार को सूचना पाकर थाना लोनीकटरा पहुंचे पिता की आंखे अपने पुत्र को सही सलामत देखकर छलक उठी। पुलिस द्वारा किशोर को पिता के हवाले कर दिया गया। परिजनों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस का आभार प्रकट किया गया उक्त किशोर के परिजनों का पता लगाने में मुख्य आरक्षी सुरेंद्र यादव व विपिन पाठक का विशेष योगदान रहा।

## खबरें एक नजर में

### तहसील बार एसो. में मनाया गया संविधान दिवस

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील बार एसोसिएशन हैदरगढ़ के सभागार में अधिवक्ताओं द्वारा संविधान दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने कहा कि 26 नवंबर को मनाया जाने वाला यह एक ऐतिहासिक दिन है जब भारतीय संविधान को 1949 में संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था यह दिन लोकतांत्रिक आदर्शों नागरिक अधिकारों एवं कर्तव्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम करता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से महामंत्री कुंवर बहादुर यादव वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश प्रसाद शर्मा,संजय सिंह,कमल मिश्र,बृजेंद्र प्रताप सिंह,अंकुर सिंह यादव,रामप्रकाश ,अनिल कुमार,विजयराज सिंह, रूपनारायण वर्मा, दिनेश श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार मुंशी लाल,बनवारी लाल,राकेश गौतम, मित्रसेन कुमार सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।

### ग्राम न्यायालय के लिए जमीनों का हुआ चिन्हांकन

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी।** ग्राम न्यायालय के भवन निर्माण हेतु उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह, तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी आदि के साथ धुसेडिया पीठापुर करोरा महमदपुर में जमीनों का चिन्हांकन किया गया। मंगलवार को एसडीएम सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा लेखपाल शुभेन्द्र अवस्थी आदि राजस्व कर्मियों के साथ तहसील मुख्यालय के आसपास के गांव पीठापुर करोरा महमदपुर धुसेडिया टिकुरी में ग्राम न्यायालय भवन हेतु जमीनें देखी गयीं। तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने बताया कि ग्राम न्यायालय हेतु तहसील के आसपास जमीने देखी गयी है उच्च अधिकारियों से वार्ता कर ग्राम न्यायालय भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध करा दी जायेगी।

### परिषदीय विद्यालयों में चल रही परीक्षाओं का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** परिषदीय विद्यालयों में चल रही परीक्षा का खंड विकास अधिकारी ने निरीक्षण कर स्थित का अवलोकन किया। मंगलवार को बीडीओ अदिति श्रीवास्तव ने क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय तेतारपुर ,सिरौलीगौसपुर ,उच्च प्राथमिक विद्यालय दनापुर शुक्ल, प्राथमिक विद्यालय दनापुर शुक्ल, श्यामनगर का निरीक्षण किया। तेतारपुर विद्यालय को छोड़कर सभी जगह स्थिति संतोषजनक पायी गई। तेतारपुर विद्यालय की बाउंड्री वॉल टूटी मिलने पर खंड विकास अधिकारी ने उसे ठीक कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश पंचायत सचिव को दिया है।

### होमगार्ड जवान ने पुलिस कर्मी से की अभद्रता

**जालौन,उरई।** सोमवार की रात को ड्यूटी के दौरान छुट्टी न देने पर होमगार्ड ने अपने साथी पुलिस के जवान के साथ बदसलूकी कर दी। पुलिस के जवान की शिकायत पर सीओ ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। सोमवार की रात पीआरबी 3631 पर होमगार्ड के साथ एक पुलिस के जवान की ड्यूटी लगी थी। पीआरबी बाईक रात करीब पौने नौ बजे चुर्खी रोड पर छंदा छाया गेस्ट हाउस के पास थी। इसी दौरान होमगार्ड जवान मुकेश ने पीआरबी के पुलिस जवान से घर जाने के लिए अवकाश मांगा। अवकाश न देने से नाराज होमगार्ड के जवान ने पुलिस कांस्टेबल निखिल के साथ बदसलूकी कर दी और जबरन अवकाश देने का दबाव बनाया।

# आईटीएम गीडा में संविधान दिवस पर हुए कार्यक्रम

**सहजनवां गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**




संविधान दिवस के अवसर पर आईटीएम गीडा के डॉ एपीजे अब्दुल सभागार मे संविधान दिवस के अवसर पर अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी के कुशल मार्गदर्शन मे एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे विकास सिंह, अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोरखपुर रहे। विशेष अतिथि के रूप में दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के विधि विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर आर. एन. चौधरी ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर और भारत के अन्य संविधान निर्माताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोरखपुर द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को उक्त विषय पर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया गया कि संविधान दिवस 26 नवम्बर को मनाया जाता है, जो भारतीय संविधान के अंगीकरण की महत्वपूर्ण तारीख है, 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा स्वीकार किया गया था, हालांकि यह 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ, यह दिन भारतीय लोकतंत्र और संविधान की महत्ता को समझने और सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को बताया गया कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की विधिक सहायता या जानकारी चाहिए।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 351 जोड़े परिणय बंधन में बंधे

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



जालौन जनपद के कालपी रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधि-विधान से कुल 351 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री, राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग संजय सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जालौन ब्लॉक प्रमुख, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, जिला विकास अधिकारी महेंद्र चौबे, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को उनके सुखद जीवन के लिए आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की, साथ ही विवाह कार्यक्रम में आये हुए जोड़ों को प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना समाज के वंचित वर्गो को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि उनकी बेटियों की शादी का बोझ भी हल्का करती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्राथमिकता है कि गरीबों तक हर लाभकारी योजना का लाभ पहुंचे।

विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि सरकार ने इस योजना के माध्यम से समाज के वंचित वर्गो को सम्मान और सहारा देने का प्रयास किया है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की।

जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 51,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। इसमें 35,000 रुपये सीधे वधू के खाते में स्थानांतरित किए जाते हैं, जबकि 10,000 रुपये उपहार सामग्री के रूप में दिए जाते हैं।

# संविधान दिवस पर आईजी ने मातहतों को दिलाई शपथ

**अयोध्या,समृद्धि न्यूज।**



संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को परिक्षेत्रीय कार्यालय प्रांगण में पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र प्रवीण कुमार द्वारा कार्यालय में नियुक्त सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान में निहित मूल्यों और आदर्शों का अनुस्मरण कराते हुए संविधान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर निरीक्षक अक्षय कुमार, निरीक्षक अरविन्द सिंह, गोपनीय सहायक नवीन सिंह, उपनिरीक्षक लिपिक सुरेश कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक रणजीत यादव, उपनिरीक्षक देवेश त्रिपाठी,गोपनीय सहायक दीपाली पराशर,उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश पाण्डेय, उपनिरीक्षक रामआसरे सरोज,उपनिरीक्षक विजय पाण्डेय, उपनिरीक्षक राकेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक शुभम चन्द्रवंशी सहित परिक्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त समस्त पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में पूर्व सैनिक की मौत

**रामनगर, बाराबंकी।** सड़क दुर्घटना में पूर्व सैनिक कृष्णवीर सिंह की मौत हो गई ।दाह संस्कार के बाद मृतक के पुत्र रवि कुमार सिंह ने मामला पंजीकृत कराये जाने के लिये स्थानीय थाने पर तहरीर दी है ।उन्होंने पुलिस कोतवाल के नाम से दी गई तहरीर में कहा है ।मैं और मेरे पिताजी अपने गांव जुरौन्डा से रानीगंज बाइक से जा रहे थे ।बाइक मेरे पिताजी चला रहे थे मैं पीछे बैठा था जैसे ही हम लोग रानीगंज में अशोक कुमार शुक्ला मार्केट के पास पहुंचे तो एक ट्रैक्टर स्वराज नीले रंग का जिसमें ट्राला बांधा था जैसे ही प्रार्थी की बाइक ट्राला के करीब पहुंची तभी ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही व तेजी से पीछे की ओर बैक कर दिया जिससे मेरी बाइक टकरा गई हम दोनों लोग गिर गए। मौजूद लोगों ने शोर मचाया तब ट्रैक्टर चालक वाहन को लेकर भाग खड़ा हुआ ।पुलिस ने पीड़ित पुत्र की तहरीर के आधार जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# एसएमजीआई की पारुल ने बीफार्मा में किया टॉप

**इटावा,समृद्धि न्यूज।**



सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, इटावा में अध्ययनरत् बी. फार्मा के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने एक बार फिर अपने शानदार परिणाम से अपनी श्रेष्ठता साबित की है। संस्थान के डायरेक्टर डा उमा शंकर शर्मा ने बताया कि, हमेशा की तरह ही इस बार भी हमारे संस्थान का एकेटीयू लखनऊ द्वारा घोषित बी.फार्मा द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

बी. फार्मा द्वितीय सेमेस्टर में पारुल ने 88.68 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम,इन्द्रजीत बाथम ने 84.68 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय,देवांगी यादव ने 84.13 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय,पीयूष शाक्य ने 83.58 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं ऋषभ गुप्ता ने 82.20 प्रतिषत अंकों के साथ पंचम् स्थान प्राप्त किया। बी. फार्मा चतुर्थ सेमेस्टर में वर्षा राठौर ने 80.85 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, शैलवी ने 80.71 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, ईशा कुमारी ने 77.85 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, अंजली ने 77.71 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं दिशा यादव ने 77 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम् स्थान प्राप्त किया। एसएमजीआई के चेयरमैन डा विवेक यादव ने इस शानदार परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा उमाशकर शर्मा, फार्मेसी के विभागाध्यक्ष व समस्त स्टाफ को बधाई दी एवं सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर में संविधान दिवस आयोजित

**अयोध्या,समृद्धि न्यूज।**



उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त एक्शन प्लान/कार्ययोजना वर्ष 2024-25 के अनुक्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा के निर्देशन पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व प्राधिकरण सचिव अनिल कुमार वर्मा के निर्देश पर मंगलवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में संविधान दिवस का आयोजन किया गया।इसमें राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) के सहायक अधीक्षक नमन गुप्ता, अपचारियों को पढ़ाने वाले अध्यापक, समस्त कर्मचारी और होमगार्ड उपस्थित रहे। संविधान दिवस के अवसर पर मौजूद सभी लोगों के साथ किशोर अपचारियों को अपर जनपद न्यायाधीश व प्राधिकरण सचिव श्री वर्मा द्वारा संविधान की प्रस्तावना तथा मौलिक कर्तव्य की शपथ दिलाई गयी और संविधान के बारे में बताया गया।इस अवसर पर सचिव श्री वर्मा ने बताया कि 26 नवंबर 1949 ई. को संविधान बनकर तैयार हुआ था। प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयन्ती वर्ष के रूप में 26 नवंबर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया तथा 26 नवंबर 2015 से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।इससे पूर्व प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था।

# नारायन कॉलेज ने धूमधाम से मनाया संविधान दिवस

**इटावा,समृद्धि न्यूज।**

नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विशाल प्रांगण में संविधान दिवस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने समस्त अध्यापक एवं छात्र/छात्राओं की उपस्थिति में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र परमाल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की। संविधान दिवस के इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं व छात्र/छात्राओं को सम्विधान दिवस की शपथ दिलाई गई। विद्यालय में संविधान दिवस के पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने बच्चों को भारतीय संविधान के महत्व और उसकी विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा, भारत का संविधान हमारे देश की नींव है, जोह मेंअधिकार और कर्तव्यों का संतुलन सिखाता है। यह हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्रों ने संविधान के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए शपथ ली कि वे संविधान के आदर्शों और मूल्यों का पालन करेंगे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बम्होरीकुर्मिन वि.ख. पनवाड़ी, महोबा

### निर्माण आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना 2024-25 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 27.11.2024 से 30.11.2024 तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित निविदायें खोली जायेगी। निविदा शुल्क निशुल्क

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | बम्होरीकुर्मिन | कुवरलाल के बाड़े से दुर्जन के बाड़े तक डब्लू.बी.एम. निर्माण | 8.89 लाख | मोरम, बालू, ईंटा, गिट्टी, सरिया आदि | ? | 6 माह |

शर्ते- 1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदा स्वीकृत या अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

सचिव
ग्राम प्रधान

# प्रभारी राज्यमंत्री ने विकास कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

प्रभारी राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग रजनी तिवारी ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता हैं। समितियों के पास पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध होनी चाहिए। उर्वरक उपलब्धता के संबंध में किसान भाईयों को किसी भी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए। कहा कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उर्वरक क्वालिटी की सैम्पलिंग करायी गई है। नकली खाद विक्रेताओ को बख्शा नही जायेगा। कहा कि धान खरीद का भुगतान किसान भाईयों को समय से हो जाना चाहिए। किसान बिचैलियों से सावधान रहें।



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करती प्रभारी राज्यमंत्री रजनी तिवारी

सरकार पारदर्शिता के साथ धान की खरीद कर रही है। कहा कि अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता होनी चाहिए। सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दवायें मिलती रहें। किसी को बाहर की दवा न लिखी जाये। कहा कि जनपद एम्बुलेंस रिस्पांस टाइम में प्रदेश में सबसे आगे है। कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करते हुये कहा कि जनपद में 8000 सीसीटीवी कैमरे लगाएं गए जो अपराध पर विराम लगाएंगे। कोई भी महिला थाने में आये तो उसकी बात सुनी जाए। कोई भी व्यक्ति हो। पुलिस की कार्यवाही से संतुष्ट होकर जाना चाहिए। दोषियों पर त्वरित कार्यवाही अमल में लायी जाएं। कहा कि कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने की जिम्मेदारी आप सब की है। एनआरसी में जो भी बच्चा आये। उसका पहले का क्या वेट था अब क्या स्थिति है। उसे भी वर्णित किया जाये। उन्होंने रोडवेज बस स्टेशन, गुरूसहायगंज का निर्माण कार्य विलंब से पूर्ण होने पर नाराजगी प्रकट करते हुये जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये। कहा कि एआरएम रोडवेज रूचि लेकर समय से संचालित करायें। इस दौरान जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित आदि संबंधित अधिकारी रहे।

### बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया याद

प्रभारी राज्य मंत्री रजनी तिवारी और जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पण कर संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलायी। और मुख्यमंत्री द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ से प्रसारित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालो को किया सम्मानित

उत्कृष्ट कार्य करने वाले एकीकृत बागवानी विकास मिशन रबी, प्याज के 07 लाभार्थी एवं 05 स्वच्छता प्रहरी तथा 01 महिला सशक्तिकरण समाजसेवी व 01 दिव्यता सशक्तिकरण मनोवैज्ञानिक एवं कौमी एकता सप्ताह के तहत 05 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एव टूलकिट योजना के 05 लाभर्थियों टूलकिट देकर सम्मानित किया।

# स्कूली बसों में गैस किट व फर्स्ट एड बॉक्स को किया गया चेक

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात माह के अंतर्गत प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी क्रम में यातायात उप निरीक्षक अरशद अली द्वारा छिबरामऊ क्षेत्र में चलने वाली स्कूल बस सहित अन्य वाहनों का फिटनेस बीमा और डीएल आदि को चेक किया गया।इस दौरान विभिन्न कमियां पाए जाने पर 10 वाहनों का चालान करते हुए जुर्माना अधिरोपित किया गया।

मंगलवार को यातायात उप निरीक्षक अरशद अली के नेतृत्व में अभियान चलाकर स्कूली बसों में सेफ्टी मेजर,गैस किट और फर्स्ट एड बॉक्स को भी चेक किया गया। चालक और परिचालक से अग्निसुरक्षा यंत्र को चालू कराके उनका भी परीक्षण किया।बसों में बैठे छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और चालकों को निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने के साथ ही अग्निसुरक्षा यंत्र को समय-समय पर रीफिल कराने और पर्याप्त मात्रा में फर्स्ट एडबॉक्स लेकर चलने के लिए निर्देशित किया।

टीएसआई ने कहा कि खुद भी यातायात नियमों का पालन करें और स्वजन को भी इसके बारें में बताएं।थोड़ी सी चूक होने पर खुशियां मातम में बदल जाती हैं।

# गौशाला में गंदगी मिलने पर डीडीओ ने लगाई फटकार

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

गौशालाओं में साफ- सफाई, चारे पानी आदि व्यवस्थाओं को परखने के लिए अधिकारियों ने गौशाला पहुँच हकीकत को परखा। मंगलवार को क्षेत्र के अनौगी गौशाला में जिला विकास अधिकारी नरेंद्र दत्त द्विवेदी और मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण में डीडीओ और सीडीओ को साफ- सफाई और सर्दी से बचाव के लिए व्यवस्था ठीक नहीं मिली। जिसको लेकर उन्होंने ग्राम प्रधान सूरज भान एवं सचिव प्रियंका सिंह को फटकार लगाई। निर्देश दिए कि गौशाला की साफ सफाई कराकर व्यवस्था ठीक कराना सुनिश्चित कराएं। और गौवंशो के सर्दी से बचाव के लिए बेहतर इंतजाम किए जाएं। निर्देश दिए कि गौवंशो के रख-रखाव में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। गौशाला में चल रहे निर्माण कार्य के धीमी गति पर गुणवत्तापूर्ण और तेजी से कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी सोनिया श्री वास्तव, एडीओ पंचायत लक्ष्मीराज यादव, सचिव, ग्राम प्रधान सहित आदि रहे।



अनौगी गौशाला का निरीक्षण करते डीडीओ और सीडीओ

## एसीजेएम कोर्ट कंपाउंड में मनाया गया संविधान दिवस

**छिबरामऊ, कन्नौज।** संविधान दिवस के अवसर पर कठेरिया समाज कल्याण समिति उत्तर प्रदेश जनपद कन्नौज के जिला अध्यक्ष राजेश कठेरिया एडवोकेट में छिबरामऊ के एसीजेएम कोर्ट कंपाउंड में संविधान संविधान दिवस मनाया जिसमें अपने अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की इस अवसर पर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र के पास भारतीय संविधान की किताब रखकर संविधान निर्माता को पुष्प अर्पित कर याद किया इस अवसर पर प्रताप कठेरिया, महेंद्र कठेरिया, अशोक कठेरिया, राम आसरे कठेरिया ,कुलदीप कठेरिया एडवोकेट, अजीत कठेरिया, अमित आर्य,अमन आर्य एडवोकेट, चंद किशोर, नरेंद्र कुमार, शिवम कुमार , आदि लोग मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में लड्डू खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा किया।

# संविधान दिवस पर संविधान सम्मान यात्रा निकाल भरी हुंकार

- आजाद समाजपार्टी भीम आर्मी के तत्वावधान में निकाली यात्रा
- सभा का आयोजन कर कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**कन्नौज/ जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



संविधान दिवस के अवसर पर आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी तत्वावधान में संविधान सम्मान यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा वशीरापुर से प्रारम्भ होकर सरैया मुरैया होते हुए नसरापुर अम्बेडकर पार्क में पहुँची जहाँ एक सभा का आयोजन हुआ। मण्डल उपाध्यक्ष छबिराम जाटव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर ने अपने जीवन में कठिन संघर्षो की बदौलत भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान देने का काम किया। अभी तक देश मे पूर्ण संविधान लागू नही हुआ है।

आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि संविधान कितना भी अच्छा हो लागू करने वाले गलत नियत के है तो संविधान गलत साबित होगा और संविधान कितना भी गलत हो और लागू करने वाले लोग सही है तो संविधान अच्छा साबित होगा आज बाबा साहब की कही बात सत्य साबित हो रही है क्योकि वर्तमान सरकार संविधान को खत्म करने मे लगी हुई है।

भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। और बाबा साहब का संविधान ऐसे ही खत्म नही होने दे सकती उसके लिए जान की बाजी भी लगानी पढी तो पीछे नही हटेंगे। इस मौके पर मण्डल उपाध्यक्ष विजय गिहार, हर्षित गौतम, जिलाध्यक्ष वीरू खरे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह, जिला सहं संयोजक पातीराम बौद्ध, जिला प्रभारी शकील अहमद, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र गौतम, सर्वेश गिहार, सर्वग्य गौतम, शिव कुमार कठेरिया सहित आदि कार्यकर्ता रहे।

# यातायात नियमों की सही जानकारी देने वाले हुए पुरस्कृत

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में प्रभारी यातायात आफाक खां ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्राचार्य के सहयोग से यातायात माह के तहत शहर के पीएसएम डिग्री कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र- छात्राओं को प्रभारी ने यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। जिसमें सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट धारण करने एवं दो पहिया में तीन सवारी पर चालान करने और डोरिंग एक्सीडेंट्स, टैलगेटिंग एक्सीडेंट्स की जानकारी देते हुए ओवर स्पीडिंग, ड्रिंक,



ड्राइविंग और गुडसमेरिटन, गोल्डन आवर के बारे में विस्तार से समझाया। कोहरे में गाड़ी चलाने के नियमों के बारे में बताया गया। यातायात प्रभारी द्वारा शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं से यातायात संबंधी सवाल पूछे गए सही जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। शिविर में प्राचार्य डॉ अजय कुमार मुख्य आरक्षी विजय बाबू, आरक्षी दीपक यादव सहित समस्त स्टाफ़ मौजूद रहा।

# पुलिस हमारे कार्यकर्ता को तंग करेगी तो उसकी खैर नहीं: पूर्व विधायक

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पूर्व विधायक के आवास पर सविधान दिवस पार्क सपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई।

पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा आज हम सब संविधान दिवस मना ये देन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की है जो कि हम लोग सभी एक साथ बैठे हैं 2027 का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण चुनाव है जो देश की दशा दिशा दोनों को तय करने का चुनाव आए अभी कुछ दिन पहले भाजपा के नेताओं ने 14 बीघा जमीन शाक्य समाज की कब्जा की थी हम लोगो ने प्रयास करके उसे बचाया ये मामला गुरसहायगंज का था और नौजवान पार्टी कार्यकर्ताओं में



जोश भरते हुए कहा कि हो सकता है इस सरकार में किसानों की कोई सुनवाई नहीं है।

उन्होंने अपने द्वारा कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि 100सैया अस्पताल और राजकीय इंटर कॉलेज बिजली पानी की समस्याओं से वंचित लोगों को सुविधा देने का काम किया और बड़े पैमाने पर विकास कराकर लोगों के लिए लभावित करने का काम किया और चुनाव में जुट जाने का आवाहान किया और समाज पार्टी के सरकार बनाने का काम हमें और आप सभी लोग करना है कार्यक्रम सभी सपा कार्यकर्ता नेतागढ़ और लगातार ये सरकार समाजपार्टी कार्यकर्ताओं पर जुल्म कर रही है तभी तो राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पीडीए के द्वारा गांव-गांव आहान्र रखा अगर हमारे किसी भी कार्यकर्ता को तंग करेगी पुलिस तो उसकी खैर नहीं आते ही हमारे कार्यकर्ताओं के ऊपर मिनी गुंडा एक्ट कार्रवाई करेगा प्रशासन ये कतई बर्दाश्त नहीं होगा।

आप सभी लोग एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को वोट दें इस मौके पर उमेश पाल अनुराग वाजपेयी मुकीम खान विनोद प्रधान डॉ धमेन्द्र लाखन अमनिका सिंह राहुल विवेक हिमांशु अर्पित शुक्ला अमन खान तस्लीम खान तस्लीम सिद्दीकी वेदराम चेतन देवेंद्र प्रधान नीरज पाल पप्पू कठेरिया हरमान सिंह मौजूद रहे।



## कथावाचक को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

**छिबरामऊ ।कन्नौज।** ग्राम खुबरियापुर मैं राज किशोर दीक्षित के आवास पर हो रही भागवत कथा मैं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू गौ सेवा रक्षा प्रकल्प के प्रदेश अध्यक्ष ने पहुंचकर आचार्य को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया खुबरियापुर ग्राम में राज किशोर दीक्षित के आवास पर हो रही भागवत कथा में गौरव हिंदू गौ रक्षा प्रकल्प के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत पांडे अपने साथियों के साथ पहुंचे और कथावाचक पंडित विजय शंकर शास्त्री को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित कियाअंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेवा गौ रक्षा प्रकल्प रंजीत पांडे डॉक्टर साहिल कुमार पाराशर कृष्णा पांडे आकाश शहीद दर्जनों गौ भक्त मौजूद रहे।

## अतिक्रमण करने वालों पर हुई चालान की कार्रवाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस ने ठेली और रेहड़ी वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए धारा 34 पुलिस एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस कार्रवाई से खोखे और रेहड़ी वालों में हड़कंप मचा हुआ है। बाजारों में ई-रिक्शा का रूट निर्धारित करने एवं दुकानों के बाहर चार पहिया वाहन न खड़े करने के लिए प्रशासन ने दुकानदारो को कड़े निर्देश दिए है। मंगलवार को पुलिस ने नगर के जी.टी. रोड, रेलवे रोड, तिर्वा रोड और तिराहे पर धारा 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे ठेली, खोखे व रेहड़ी लगाने वालों के चालान काटे। पुलिस ने अभियान के तहत करीब 100 लोगों के चालान किये।

# ई-ऑफिस के सफल संचालन के लिए एसपी ने बांटे लैपटॉप

- डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को मिले लैपटॉप

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



लैपटॉप के साथ अधिकारीगण और मौजूद एसपी

जनपद में ई- गवर्नेंस और डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ई-ऑफिस प्रणाली का सफल संचालन सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। मंगलवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को लैपटॉप वितरित किए गए। एसपी ने बताया कि वर्तमान में जनपद के सभी शाखाओं एवं थाना/कार्यालयों पर सफल संचालन किया जाना है। यह पहल न केवल प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता लाने में मदद करेगी। बल्कि फाइलों और डाटा की डिजिटल हैंडलिंग को भी सुगम बनाएगी। ई-ऑफिस प्रणाली से जनपद के पुलिस थानों में शिकायतों और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को तेजी से निपटाया जा सकेगा। एसपी ने बताया कि ई-ऑफिस के माध्यम से विभागीय कार्यवाही में पारदर्शिता बढ़ेगी, समय की बचत होगी। फाइलों की मॉनिटरिंग में सहूलियत होगी। कार्य प्रणाली और सहज, सुगम, जवाबदेह होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से ई-ऑफिस प्रणाली को शीघ्रता से अपनाने और इसे प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया।

## विवाहिता को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी विवाद को लेकर ससुरालियों ने विवाहिता से अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपित ससुरालियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासिनी ममता देवी ने बताया कि उसका विवाह कन्नौज जनपद के थाना तिर्वा के ग्राम अलीनगर निवासी धर्मेन्द्र से हुई थी। 10 अगस्त की सुबह करीब 10 बजे ससुराल में उसके पति धर्मेन्द्र सिंह, सस शीला देवी, देवर मोनू व नागेंद्र व विनोद ने पीड़िता के साथ किसी बात को लेकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# 26 नवम्बर 1949 को बना हमारा संविधान

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

- हमें अपने संविधान का सम्मान करना चाहिए: जयवीर सिंह

नेहरू कॉलेज, में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ जयवीर सिंह ने की। प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा हमारा संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ। इसके कुछ प्रावधान उसी दिन लागू हो गये तथा शेष प्रावधान 26 जनवरी 1950 को लागू हो गये थे। हमें अपने संविधान निर्माताओं को आभार व्यक्त करना चाहिए जिन्होंने हमें इतना अच्छा संविधान बनाकर दिया जिससे हम अनेक प्रकार की विविधताओं यथा भाषा, धर्म, संस्कृति वाले अपने देश को एक साथ लेकर चलने में समर्थ हुए हैं। जिस समय भारत आजाद हुआ उस समय दुनिया के बहुत सारे देश आजाद हुए एवं सबने अपने संविधान भी निर्मित किए। परंतु वहाँ के संविधान उनकी एकता एवं अखंडता को नहीं बनायें रख सकें। यह संविधान के कारण ही है कि देश की एकता और अखंडता अक्षुण्य बनी हुई है। हमें अपने संविधान का सम्मान करना चाहिए।

मुख्य वक्ता राघवेंद्र प्रताप सिंह ने संविधान की उद्देशिका को व्याख्यायित किया। उन्होंने भारतीय संविधान के समतापरक मूल्यों, पंथनिरपेक्षता, अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में बताया। वक्तव्य में देश के स्वतंत्रता आंदोलन द्वारा अर्जित मूल्यों से बने संविधान की विस्तृत व्याख्या प्रस्तुत की। भारत की बहुलतावादी संस्कृति को संरक्षित रखने में संविधान की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारतीय राष्ट्रवाद की अनुप्रेरक शक्ति हमारा स्वतंत्रता संघर्ष है। हमारा संविधान समावेशी है। वह भारत के प्रत्येक नागरिक को साथ लेकर चलने के लिए संकल्पबद्ध है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों में शिखा ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशीष कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# सुरभि कल्चरल क्लब के तहत काव्य गोष्ठी आयोजित



पीएस अलीनगर में बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रधानाध्यापक

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थि डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुशील कुमार शाक्य की अध्यक्षता में सुरभि कल्चरल क्लब के अंतर्गत काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संतोष कुमार सिंह (सजल) प्रवक्ता हिंदी नवोदय विद्यालय ने प्रतिभाग किया। उन्होंने अपनी पावन पवित्र बलिदानी की जय हो कविता सीमा प्रहरी खड़े हुए, चली कहां से कहां आ गए आदि विभिन्न प्रकार की काव्य रचनाओं को बच्चों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सुशील कुमार शाक्य ने मुख्य अतिथि का आभार प्रकट किया और आगे भी आमंत्रित करने पर आने को कहा। इस दौरान डॉ. शिप्रा वर्मा, डॉ हरिओम वर्मा, डॉ सतवीर सिंह यादव, डिंपल कुशवाहा, प्रधान कार्यालय अधीक्षक राघवेंद्र सिंह भदोरिया, वरिष्ठ कार्यालय सहायक मंगल सिंह एवं डॉल्फिन सक्सेना सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसके अलावा संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहब को यादकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर शपथ दिलाई।

- डॉ. संतोष कुमार सिंह ने बच्चों के समक्ष प्रस्तुत किया विभिन्न प्रकार की काव्य रचनाएं

### धूमधाम से मनाया संविधान दिवस

अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय

अलीनगर में संविधान दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबधनारायण ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए संविधान के आदर्शों एवं मूल्यों पर चल करके उनका पालन करने की शपथ ली दिलाई।

# बंदियों के इलाज में न बरतें लापरवाही: रजनी तिवारी

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला करागार का प्रभारी मंत्री/ राज्य मंत्री उच्च शिक्षा विभाग रजनी तिवारी एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में मंत्री ने महिला बैरक, किशोर बैरक आदि का निरीक्षण करते हुए निरूद्ध बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि वह बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरते कारागार में निरूद्ध वृद्ध व अशक्त बंदियों पर विशेष निगरानी रखे तथा उनका नियमित रूप से परीक्षण कर समुचित उपचार करना सुनिश्चित करें। कारागार में उ.प्र. कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत संचालित कौशल प्रशिक्षण केन्द्र में निरूद्ध बंदियों के द्वारा बनाई गई जगमग झालर, बल्व आदि विभिन्न प्रकार के फोटो लगाकर एलईडी लाइटे व विभिन्न रंगों के कपड़े के तैयार किये गये कैरी बैग का अवलोकन कर प्रसंशा की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आन्नद, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चैधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया, जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ सहित संबंधित अधिकारी रहे।



जेल का निरीक्षण करती मंत्री, डीएम व मौजूद अधिकारीगण

- प्रभारी राज्य मंत्री ने जेल का निरीक्षण कर, दिए निर्देश

## भूमि नाम कराने के लिए दे रहे हत्या की धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत जोतने से मना करने पर दबंगो ने युवक से गाली गलौज की। विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही नाजायज हथियार से डराया धमकाया। पीड़ित ने 112 पर सूचना दी। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध शांतिभंग की आशंका को लेकर कानूनी कार्रवाई की। ग्राम पनगवा निवासी हाकिम सिंह पुत्र बाबू सिंह ने मंगलवार को कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि वह 75 वर्षीय वृद्ध है और उसके कोई संतान नहीं है। इसी का फायदा उठाकर भतीजे व अन्य लोग उसके साथ अभद्रता करते है और डरा धमका कर अपनी जमीन नाम कराने की धमकी देते है। खेत उनके नाम न करने पर दबंग वृद्ध के दरवाजे पर आकर जमीन उनके नाम करने की बात कहकर जान से मार देने की धमकी दे रहे है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग की है।

# माफिया अनुपम दुबे गैंग के सदस्य विनय दुबे सोनू की दो करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।**



कुर्की कार्यवाही के दौरान मौजूद तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय व मऊदरवाजा थानाध्यक्ष आदि

माफिया अनुपम दुबे गैंग के सदस्य विनय दुबे उर्फसोनू की गैंगेस्टर के तहत दो करोड़ की सम्पत्ति को कुर्क किया गया है। जानकारी के अनुसार 13 नवंबर 2021 को शहर कोतवाली में अनुपम दुबे व उनके भाई अनुराग दुबे उर्फ डब्बन व साथी अभिषेक रस्तोगी उर्फसोनू रस्तोगी पुत्र पन्ना लाल रस्तोगी निवासी वृन्दावन गली थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, पंकज रस्तोगी उर्फ वंशी रस्तोगी पुत्र पन्नालाल रस्तोगी निवासी वृन्दावन गली फर्रुखाबाद, विनय दुबे उर्फ सोनू पुत्र उमेशचन्द्र दुबे निवासी मोहल्ला नवाब न्यामत खाँ फर्रुखाबाद, संदीप पाठक उर्फ अक्कू पाठक पुत्र सत्य प्रभाकर पाठक निवासी बागकूंचा महावीरगंज रस्तोगी धर्मशाला फर्रुखाबाद, गौरव गुप्ता पुत्र हरिबाबू गुप्ता निवासी बूरावाली गली फर्रुखाबाद, देवेन्द्र मिश्रा उर्फ डब्बू मिश्रा पुत्र काशीनाथ मिश्रा निवासी कटरा बू अली खाँ फर्रुखाबाद, अभिषेक उर्फ अभि दुबे पुत्र बृजेश कुमार दुबे निवासी मोहल्ला घेर श्यामू खाँ निकट घूँघट पैलेस आईटीआई चौराहा फर्रुखाबाद, संदीप दुबे पुत्र नरेश दुबे निवासी घेर श्यामू खाँ निकट घूँघट पैलेस के खिलाफ मु0अ0सं0 899/2021 धारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना बलराज भाटी थानाध्यक्ष थाना मऊदरवाजा द्वारा सम्पादित की जा रही है। गैंगेस्टर की कार्यवाही के तहत प्रशासक तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय के साथ थानाध्यक्ष मऊदरवाजा बलराज भाटी ने मोहल्ला न्यामत खां पश्चिम में विनय दुबे उर्फ सोनू व उनकी पत्नी रेनू दुबे के नाम अवैध रूप से अर्जित की गयी सम्पत्ति पर प्रशासन ने नोटिस चस्पा कर एवं डुग्गी पिटवाकर सोनू दुबे एवं उनकी पत्नी रेनू दुबे की 8 संपत्तियों को कुर्क किया है। जिनकी कीमत दो करोड़, पचास लाख, 64 हजार, 9 सौ रूपये बतायी जा रही है। जिसमें सोनू दुबे के नाम मोहल्ला खटकपुरा सिद्दीकी, रकाबगंज खुर्द, दरीबा पश्चिम, पलरिया में मकान एवं ग्राम कन्हऊ याकूबपुर में जमीन एवं पत्नी रेनू के नाम पल्ला तालाब पश्चिमी, नितगंजा दक्षिण एवं कन्हऊ याकूबपुर में मकान की संपत्ति शामिल है। मऊदरवाजा थाना अध्यक्ष बलराज भाटी के साथ जसमई चौकी इंचार्ज नरसिंह आदि पुलिसकर्मी ने सहयोग किया। प्रशासन ने अभी तक माफिया अनुपम दुबे के गिरोह के सदस्यों की 113 करोड़ 28 लाख 13479 रूपयों की संपत्ति कुर्क की है।

## जेब काटकर एक लाख रुपये पार करने वाले दो आरोपी धरे गये

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रमं थाना कमालगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 254/2024 धारा 303(2), 17(2) बी.एन.एस. से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्त छोटू पुत्र वीरेन्द्र निवासी करहल गिहार कालोनी स्टेट बैंक के सामने कस्बा थाना करहल जनपद मैंनपुरी, सर्वेश पुत्र सूबेदार निवासी गिहार कॉलोनी भौगाँव जनपद मैंनपुरी को गिरफ्तार कर लिया। बीती 24 नवंबर को इरसाद हुसैन उर्फमुन्ना पुत्र अयाज हुसैन निवासी मोहनपुर थाना कमालगंज की लिखित तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों द्वारा जेब काटकर एक लाख रूपये निकाल लेने के संबन्ध में थाना हाजा पर उपरोक्त मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। दौराने विवेचना मुकदमा उपरोक्त में छोटू पुत्र वीरेन्द्र गिहार निवासी गिहार कालोनी स्टेट बैंक के सामने कस्बा थाना करहल जनपद मैनपुरी व सर्वेश पुत्र सूबेदार निवासी गिहार कालोनी भौगाँव जनपद मैनपुरी को रेलवे क्रासिंग गौसपुर की तरफ जाने वाली सड़क पर 100 मी0 आगे से थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगणों के कब्जे से चोरी के 31000 रु0 बरामद किये गये।

# लोहिया के सर्जन मेजर डॉ. रोहित तिवारी ने महिला को दी नई जिंदगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



महिला के पेट से निकाले गये ट्यूमल को दिखाते चिकित्सक

काफी दिनों से पेट बढ़ने, दर्द व बेचैनी की समस्या झेल रही महिला के लिए मेजर डॉ. रोहित तिवारी उस समय धरती के भगवान बन गये, जब उन्होंने महिला का आपरेशन कर 10 किलो का ट्यूमर निकाला। पीड़ित महिला के परिजन चिकित्सक को दुआयें देते नहीं थक रहे हैं।

जानकारी के अनुसार लोहिया अस्पताल में तैनात मेजर डॉ. रोहित तिवारी सेना में चिकित्सक थे, लेकिन वर्तमान में सरकारी लोहिया अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने अपनी टीम के सदस्यों के साथ 41 वर्षीय महिला बेबी पत्नी प्रशान्त निवासी नगला हालू थाना अल्लागंज जनपद शाजहांपुर की सभी जांचें करायीं। इसके बाद उन्होंने आपरेशन करने का फैसला किया। महिला का दिन-प्रतिदिन पेट निकल रहा था। लिहाजा डॉ. रोहित तिवारी ने मंगलवार को उसका आपरेशन किया, तो उसके पेट से एक 10 किलो का ट्यूमर निकला। जिसे देखकर सभी हैरान रह गये। बताते हैं कि महिला का पेट बढ़ रहा था। जबकि परिजन समझ रहे थे कि मोटापा बढ़ रहा है। इसके साथ ही उसके पेट में दर्द व बेचैनी भी होती थी। जिस पर उन्होंने लोहिया पहुंचकर डाक्टर को दिखाया। उसके बाद महिला की सभी जांचें कर मेजर डॉ. रोहित तिवारी ने महिला का आपरेशन किया और करीब 10 किलो का ट्यूमर निकालकर उसे नई जिंदगी दी। आपरेशन करीब 2.5 तक चला।

# संविधान रचकर गए बाबा भीम महान ऋणी रहेगा सदा ही उनका हिंदुस्तान



गोष्ठी के दौरान मौजूद पदाधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

संविधान दिवस पर राष्ट्रीय प्रगतिशील फोरम द्वारा कृष्णा प्रेस परिसर में आयोजित संगोष्ठी में एडवोकेट राजवीर सिंह शाक्य ने कहा के जीवंत एवं जागरूक समाज तथा सक्षम व सजग न्यायपालिका जनतंत्र की सफलता की सबसे बड़ी गारंटी होती है। हमारे देश में उच्चतम न्यायालय भारतीय संविधान का सर्वोच्च प्रहरी है। प्रो0 रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि भारतीय गणतंत्र का नियमन व अनुशासन संविधान से चलता है न कि शरिया या मनुस्मृति से। पक्ष एवं विपक्ष के राजनेताओं को संविधान की राजनीति करने के बजाय उसका सम्यक अध्ययन व उसके अनुसार आचरण करना चाहिए। डॉ0 सुनीत सिद्धार्थ ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने देश के वांछित व उपेक्षित वर्गों के लिए संविधान में प्रावधान सुनिश्चित किये। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा कि हमारा संविधान लचीला भी है और कठोर भी। मौलिक अधिकारों की रक्षा करने का दायित्व हमारे सुप्रीम कोर्ट पर है। पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर ने कहा कि व्यक्तिगत संपत्ति के ध्वस्तीकरण और अधिग्रहण पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय दूरगामी परिणाम देने वाला है। गीतकार पवन बाथम ने कहा-

संविधान रच कर गए बाबा भीम महान। ऋणी रहेगा सदा ही उनका हिंदुस्तान।।

संविधान ही कर रहा सबकी पूरी आस। प्रजातंत्र में बस रहा हम सब का विश्वास।। युवा कवि अनुपम मिश्रा ने कहा कि- विग्रह कारी तत्व भी कर न सकें कुछ खेल । संविधान के हाथ में सब की रहे नकेल। व0 एस तिवारी ने कहा-संविधान हर कदम पर रखता सजग निगाह। भारत में संभव नहीं बनना तानाशाह।। कार्यक्रम में मोहम्मद शाहिद, अब्दुल बहाव बहार, साकेत कुमार और अंकित मिश्रा आदि लोग भी उपस्थित रहे।

# शटर उचकाकर सर्राफे की दुकान से लाखों के जेवरात चोरी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



दुकान में बिखरा पड़ा सामान

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ब्राहिमपुर स्थित सर्राफा की दुकान का बीती रात चोरों ने शटर उचकाकर दुकान से लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिये। सुबह होने पर भवन मालिक ने दुकानदार को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कोतवली क्षेत्र के गांव ब्राहिमपुर में कायमगंज-अलीगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला राधा किशन निवासी सोनू पुत्र राजेन्द्र सिंह की सोने चांदी की दुकान कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गॉव ब्राहिमपुर जागीर स्थित रोड पर ओमवती ज्वैलर्स के नाम से है। सोमवार सुबह भवन स्वामी व लोगों ने उसकी दुकान का शटर उठा देखा, तो सोनू को जानकारी दी। जिस पर सोनू ने आकर देखा, तो दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। उसने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिस पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, क्षेत्राधिकारी जय सिंह परिहार ने मौके पर पहुंचकर जाँच पड़ताल की। सोनू ने बताया की उसकी दुकान से लगभग 4 किलो चांदी और 20 ग्राम सोने के जेवर चोर चुरा ले गए। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मौके का निरीक्षण कराया और नमूने लिए। सोनू की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बंदी के दिन खुली दो दुकानों के काटे चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



दुकान का चालान काटते वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार

नगर पंचायतकर्मियों ने बाजार बंदी के दिन खुली दुकानें देखकर कर्मचारियों ने दो दुकानदारों के चालान काटे। जिससे कई दुकानदार अपनी-अपनी दुकान बंदकर खिसक गये। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज स्थित नगर पंचायत क्षेत्र के मार्केट में नगर पंचायत कार्यालय का जब से संचालन हुआ, तभी से मंगलवार के दिन बाजार बंदी के आदेश जारी किए थे, लेकिन कस्बे के दुकानदार इस आदेश को मान नहीं रहे थे। जिस पर जब से नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अखिलेश यादव ने चार्ज संभाला और उन्होंने बाजार बंदी के प्रति अपना रूख सख्त किया। अधिशासी अधिकारी तथा वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार ने पिछले हफ्ते कस्बे में भ्रमण कर लगभग 24 दुकानदारों के चालान काटे थे। जिसके चलते आज बाजार बंदी का पूरा असर दिखाई दिया, लेकिन फिर भी नगर पंचायतकर्मी विकास गंगवार, हिताशु गंगवार तथा अन्य कर्मचारी लगभग 1.00 बजे बाजार में निकले तो उनको वहां सभी दुकानें बंद मिली, कुछ इक्का दुक्का दुकानें खुली मिलीं। दुकानदारों को जैसे ही सूचना हुई कि नगर पंचायत कर्मचारी बाजार में निकले हैं, वैसे ही दुकानदारों ने अपनी दुकान बंद कर शटर नीचे गिरा दिए। जिसमें एक या दो दुकानों के चालान काटे गए। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार, हितांशु गंगवार, रोहन सिंह, अमित कुमार, राजीव कुमार तथा कई कर्मचारी साथ में थे।

## डीजे बचाने को लेकर मारपीट, आधा दर्जन घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** डीजे बजाने को लेकर दबंगों ने मारपीट कर दी। जिसमें छः लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। पीड़ित ने पुलिस को मामले की तहरीर दी। क्षेत्र के गांव गूजरपुर निवासी नीलू के घर पर शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। घर के बाहर स्वजन व रिश्तेदार डीजे पर नाच रहे थे। उसी समय गाँव निवासी एक युवक व उनके स्वजन आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे व ईट पत्थर मारकर घायल कर दिया। जिससे एक ही पक्ष के नीलू, पिंकी, माधुरी, करन, कृष्णावती, अरूण गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पुलिस के आते ही आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। पीड़ित ने स्वजनों के साथ थाने पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने दिलायी कर्मचारियों को शपथ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत अध्यक्ष ने संविधान दिवस पर कर्मचारियों को शपथ दिलायी। इसके साथ ही संविधान के शिल्पी बाबा साहब के अम्बेडकर पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारे देश में उच्चतम न्यायालय भारतीय संविधान का सर्वोच्च प्रहरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि संविधान में सर्व समाज के लिए कानून बनाये गये हैं। हमें संविधान में दिये अधिकारों का पालन करना चाहिए तथा उसी के अनुसार चलना चाहिए, तभी हम एक अच्छे समाज की स्थापना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान एक ऐसा दस्तावेज है जिसने भारत को एक लोकतांत्रिक देश बनाया है। यह एक ऐसा दस्तावेज है जो हमारी विविधता को स्वीकार करता है और सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है।

### मेड़ काटने का विरोध करने पर दबंग ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम वीरपुर निवासी रामनिवास पुत्र सुरेश सिंह ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया कि मेरे ही गांव का मेरा भतीजा शिवम पुत्र बृजभान सिंह मेरे खेत की मेड़ काट रहा था। जब मैंने इसका विरोध किया, तो उसने गाली-गलौज किया। जब मैंने गालियां देने का विरोध किया, तो फिर उसने जमकर मारपीट की। जिससे पीड़ित का सर फट गया। जिसको चिकित्सीय परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेजा गया। पीड़ित को थाना पुलिस ने बताया अतिशीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

### प्रधान के पिता ने किशोरी से की छेड़छाड़

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** शादी समारोह में आई किशोरी के साथ पूर्व प्रधान के पिता ने छेड़छाड़ कर दी। बालिका के मामले की शिकायत स्वजनों से की। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। शादी समारोह में आई किशोरी गांव स्थित किराने की दुकान से सामन लेने गई थी। उसी समय पूर्व प्रधान के पिता ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर दी। बालिका के शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठे हो गए। बालिका ने मामले की शिकायत स्वजनों से की। पिता ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। पुलिस के आते ही आरोपित व उसका पुत्र मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर करवाई की जाएगी।

### गैंगेस्टर के मामले में दो सगे भाइयों को छः छः वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने जयसिंह, शिवसिंह पुत्रगण भगवान सिंह निवासीगण ग्राम बदनपुर थाना राजेपुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्ष के कारावास की सजासे दण्डित किया। साथ ही दस-दस हजार रुपये अर्थदण्ड लगाया है। विगत 21 वर्षो पूर्व थाना राजेपुर के तत्कालीन प्रभारी राजपाल सिंह ने दो सगे भाइयों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि मैं 15 मई 2003 को मय हमराही कांस्टेबिल अनिल कुमार, योगेंद्र सिंह, अहिबरन, सत्यभान चालक सहित सरकारी जीप से गस्त व शांति व्यवस्था तलाश अपराधी में मामूर था, तभी थानाध्यक्ष की सूचना पर कि जय सिंह व शिव सिंह ने अपना एक गिरोह बना रखा है। जो समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। जिस पर मैंने उपरोक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व साशकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने जयसिंह, शिवसिंह को दोषी करार देते हुए छः-छः वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### किसानों ने समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** किसानों ने नौ सूत्रीय समस्याओं को लेकर ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि अन्ना पशुओं को पकड़वाकर गौशाला में बंद कराया जाये, फसल की बुबाई हेतु डीएपी व एनपीके खाद वितरण की व्यवस्था दुरुस्त की जाये, किसनों को प्रमाणित बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराये जायें आदि सहित नौ सूत्रीय मांगें शामिल हैं। किसानों का कहना है कि बीते माह 16 अक्टूबर को उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा था, लेकिन उपरोक्त समस्याओं का निस्तारण आज तक नहीं किया गया। जिस पर आज किसानों ने पुनः खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के निराकरण की मांग की। ज्ञापन देने में अमर सिंह राजपूत मंत्री भारतीय किसान संघ, सुरजीत कटियार अध्यक्ष भारतीय किसान संघ, सैंपल सिंह अध्यक्ष भारतीय किसान संघ कमालगंज, अनूप शर्मा, अनुराग पाठक, नरेंद्र सिंह राजपूत, सुरेंद्र सिंह, सुनील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## वृद्ध की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पितौरा निवासी असलम उम्र 58 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अन्सारी की हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर जितेन्द कुमार ने असलम को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनो मे कोहराम मच गया।

## छत पर खेल रही मासूम बालिका नीचे गिरकर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव रसूलपुर निवासी सोनाक्षी उम्र 3 वर्षीय पुत्री शैलेन्द सिंह यादव छत पर खेल रही थी, तभी अचानक वह छत से नीचे गिर गई। जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन घायलावस्था में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

# संविधान दिवसः संविधान की रक्षा करने व शिक्षाओं पर चलने की ली शपथ



शपथ लेंती छात्रायें व शिक्षिकायें आदि

**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज लोहियापुरम आवास विकास में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सभी छात्राओं और अध्यापकों ने शपथ ग्रहण की। प्राचार्य प्रेमलता श्रीवास्तव ने संविधान के महत्व एवं आवश्यकता को बताया तथा सभी लोगों से संविधान की रक्षा करने को कहा और संविधान के बताएं मार्ग और शिक्षाओं को मानने पर बल दिया। छात्राओं ने प्रसिद्ध कवि हरिओम पवार की कविता में भारत का संविधान हूँ लाल किले से बोल रहा हूं मेरा अंतर मन घायल है दुख की गांठें खोल रहा हूँ बाबा भीमराव का मन हूँ मैं बलिदानों का चंदन हूँ कर्तव्यों का अभिनंदन हूँ लोकतंत्र का उद्बोधन हूँ अधिकारों का संबोधन हूँ मैं भारत का संविधान हूँ लाल किले से बोल रहा हूँ का सस्वर वाचन किया। कविता की समाप्ति पर अपना सभी लोगों ने देश की रक्षा करने और संविधान की बतायीं शिक्षाओं पर चलने और उसकी रक्षा करने का वचन लिया।

# शराब व्यापारी से लूट करने वाले आरोपी को पांच वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एंटी डकैती न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने लूट व माल बरामद होने के मामले में विशाल उर्फ लाला पुत्र स्व. रामस्वरूप निवासी सेनापति फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कारावास से दंडित किया। विगत आठ वर्ष पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस को वादी ईश्वरदास शिवानी पुत्र मेघालाल निवासी सिन्धी कालोनी फर्रुखाबाद ने तहरीर में कहा था कि दिनांक 25.06.2016 को अपने घर से अपनी शराब की दुकानों से कैश एकत्रित करने हेतु अपनी मोटरसाइकिल से अपने कर्मचारी जितेन्द्र पाठक पुत्र खुशीराम पाठक निवासी अमृतपुर थाना अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद के समय सवा आठ बजे निकला था। मोटरसाइकिल मेरा कर्मचारी जितेन्द्र पाठक चला रहा था। जब मैं अपनी शराब की दुकानों झौनी नगला, पचपुखरा, जसमई, ढिलावल, नरकसा, सलावत खाँ से कैश लगभग सवा लाख रुपये 1,25,000/-रुपये एकत्रित करके एक थैले में रखकर मोटरसाइकिल के हेंडिल पर टांग लिया था और करीब 9.45 बजे मोहल्ला सलावत खां से सिन्धी कालोनी अपने घर आ रहा था, तो सलावत खां से थोड़ा आगे रहमानी स्कूल के पास पहुँचे, तो सामने से आ रहे मोटरसाइकिल अज्ञात चालक ने मेरी साइड में आकर मेरी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे मेरी मोटरसाइकिल गिर गयी। थोड़ी ही देर में दो और अज्ञात व्यक्ति आ गये। एक व्यक्ति ने मेरे सर में कुछ मार दिया तथा दूसरे व्यक्ति ने मेरी मोटरसाइकिल के हैंडिल से टंगा झोला खींचकर अपने साथ लेकर भाग गये। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की पैरवी के आधार न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने विशाल उर्फ लाला बाथम को लूट के मामले में दोषी करार देते हुए पांच वर्ष का कारावास व एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## महिला सहित दो का मूर्ति चोरी में चालान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों मंदिर से चोरी गई दुर्गा मूर्ति का खुलासा कर पुलिस ने महिला सहित एक आरोपी को दबोचाकर उसका शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम नगला जोधा निवासी ममता देवी पत्नी राजीव जाटव तथा वीरेंद्र पुत्र वेदराम जाटव को मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने दबोच लिया। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मूर्ति भी मिल गई थी, लेकिन ग्रामीणों की सूचना पर लगातार पुलिस अपना कार्य जारी रखे रही और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया।

# एडीजे/सचिव डीएलएसए ने संविधान दिवस पर दिलायी शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

> जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

जिला कारागार फतेहगढ़ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार एडीजे/सचिव डीएलएसए ने दीप प्रज्वलित कर एवं संविधान शिल्पी डॉ0 भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र राणा सहायक चीफ डिफेंस काउंसिल द्वारा किया गया। श्री शिवनरेश सिंह चीफ डिफेंस काउंसिल, रघुवीर दास अधिवक्ता, वैभव कुशवाह उप कारापाल और महिला जेल वार्डर नगमा ने संविधान दिवस के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए। वैभव कुशवाह ने संविधान के निर्माण के संदर्भ में बाबा साहेब के योगदान को बड़े ही ओजस्व पूर्ण तरीके से परिभाषित किया। नगमा द्वारा संविधान में महिला अधिकार पर अपनी बात रखी। अन्य वक्ताओं द्वारा भी संविधान उल्लेखित मूल अधिकारों, शिक्षा के अधिकार, स्वच्छ हवा पानी भोजन के अधिकार पर प्रकाश डाला। सुरेंद्र राणा द्वारा डीएलएसए द्वारा बंदियों के हित में किए जा रहे कार्यो और सुविधाओं के बारे बताया। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने संविधान में उल्लेखित कानून में समानता के अवसर पर बताया गया कि वर्तमान सरकार द्वारा समयपूर्व रिहाई पर बहुत कार्यवाही की जा रही है। इसलिए सभी कैदी बंदी जेल के नियमों का पालन करते हुए इसका लाभ ले सकते हैं। बंदियों से अनुरोध किया कि जेल में ऐसा कोई गलत काम ना करे जो उनकी समयपूर्व रिहाई में बाधा उत्पन्न करे । मुख्य अतिथि संजय कुमार एडीजे/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वैभव कुशवाह डिप्टी जेलर एवं नगमा महिला जेल बार्डर के विचारों की प्रशंसा की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली और उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निरंतर बंदियों की अपीलों और बंदियों की जमानत के प्रकरणों की मॉनिटरिंग की जा जा रही है। जो बंदी जमादार के अभाव में निरुद्ध है उनके केस की भी मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी बंदी नए कानूनों के प्राविधानों का लाभ लें। सदाचार को अपनाए जिससे जेल ना आना पड़े। अंत में सचिव द्वारा संविधान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जेल के सभी कर्मचारी, बंदीगणों ने भाग लिया। जेलर गिरीश कुमार, डिप्टी जेलर वैभव कुशवाह, मुकेश गौड़, सरोज देवी, कृष्णा कुमारी, ओम प्रकाश द्वारा भी बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता श्यामवीर सोमवंशी और अताउल्ला तथा प्रशांत गुप्ता सहायक आदि उपस्थित रहे।

## ईओ ने नगर में भ्रमण कर अतिक्रमणकारियों को किया चिंहित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अधिशाषी अधिकारी लव कुमार मित्रा के निर्देश पर नगर पालिका परिषद ने पुलिस बल के साथ मिलकर अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया। जिसकी शुरुआत नगर के पुल गालिब पुलिया से शुरु हुई। लोगों ने अतिक्रमण की टीम को देखते ही अपने-अपने अतिक्रमण स्वयं ही हटा लिए। नगर पालिका की टीम ने कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, कांस्टेबिल विनीत कुमार ने अपनी टीम के साथ अतिक्रमण अभियान की शुरुआत की। अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसी दुकानों को चिन्हित करें जो अतिक्रमण किये हैं या करवाते हैं उन्हें नोटिस जारी करें कि अगर अब उन्होंने पुन:अतिक्रमण किया तो उन पर कड़ी कार्यवाही होगी। आज के अतिक्रमण की कोई तोड़फोड़ की घटना प्रकाश में नहीं आई। इस दौरान आरआई अंशुमान, आनन्द शुक्ला, बडे बाबू रामभुवन यादव, सफाई नायक विजेन्द्र, रवि सहित नगर पालिका की टीम मौजूद रही।



# अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली का टायर फटने से ट्रैक्टर खोखे में घुसा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार की शाम एक ट्रैक्टर ट्राली जो नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव भारत नगर निवासी चालक विकास अपने मित्र विपिन कुमार के साथ फैजबाग की तरफ आ रहा था। कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर ग्राम दलेलगंज के निकट गुजरते समय सामने आए एक कंटेनर से अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली लगने के बाद एक खोखे से टकराकर गड्ढे में घुस गई। इस दुर्घटनाएं खोखा स्वामी नीरज कुमार तथा खोखे में बैठे दो अन्य लोग बाल-बाल बच गए।

बताते हैं ट्रैक्टर ट्राली पर सवार साथी इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ में कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी, तो पुलिस मौके पर पहुंची। उधर पुलिस ने दुर्घटना की जांच पड़ताल करते हुए घायल को एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिए लोहिया अस्पताल भिजवा दिया। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित गति से दौड़ रही थी और सामने आ रहे हैं एक वाहन से कट लगने के बाद अनियंत्रित हो गई और ग्रामीण के खोखे से रगड़ती हुई खड्डु में घुस गई। ग्राम प्रधान विनीत कुमार यादव ने बताया दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों सहयोग से ट्रैक्टर ट्राली को गड्ढे से निकलवा लिया गया। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया। चौकी प्रभारी फैजबाग जितेंद्र कुमार ने बताया दुर्घटना टायर फटने के कारण हुई। घायल युवक को उपचार के लिए लोहिया अस्पताल भिजवा दिया गया, जबकि ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया। उन्होंने यह भी बताया दुर्घटना की तहरीर नहीं दी गई है। मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सपा नेताओं ने मनाया संविधान दिवस, ली शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संविधान दिवस मनाया गया। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने संविधान मान दिवस की शपथ लेते हुए कहा कि आज पीडीए समाज जिस प्रकार से समाजवादी पार्टी के साथ जुड़ रहा है निश्चित तौर पर आने वाला समय समाजवादी पार्टी के पक्ष में होगा।

उन्होंने कहा कि आज संविधान और लोकतंत्र की जिस प्रकार से भाजपा हत्या करने की कोशिश कर रही है उससे पीडीए के लोग बहुत आहत हैं। बेरोजगारी चरम पर पहुंच चुकी है, सिर्फ अपने कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि हमें मिलजुल कर एकजुट रहना पड़ेगा, तभी हम आने वाली 2027 में भारतीय जनता पार्टी को हरा सकेंगे। सर्वेश अंबेडकर ने कहा की संविधान ही हमारे देश की असली ताकत है, जिससे हर वर्ग के व्यक्ति को अधिकार मिलता है, आज जिस प्रकार से केंद्र एवं प्रदेश सरकार संविधान को ताक पर रखकर काम कर रही है, लोगों के घरों पर बुलडोजर चला रही है, फर्जी एनकाउंटर कर रही है यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, हमें एक साथ रहकर इस पीडीए के आंदोलन को और आगे बढ़ना होगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद कठेरिया, शिव शंकर शर्मा, नीलम सिंह चौहान, सोमेंद्र यादव, नरेंद्र सिंह यादव, बंटी यादव, अनुराग यादव, संदीप यादव, विनय यादव, अशोक कुमार सोनी, रामपाल सिंह यादव, विपिन यादव, धीर सिंह धीरू, कुलदीप यादव, विपिन यादव, आशीष शर्मा, सुभाष पाल, महेश शर्मा, राघव राजपूत, रूकमंगल सिंह यादव, रामवीर कश्यप, अंकुर शाक्य, ओम प्रकाश यादव, अजय यादव, पवन गौतम, संजय यादव, नंदकिशोर दुबे, अशोक अंबेडकर, अरविंद प्रताप सिंह, पंकज यादव, ऋषिपाल, निरभान सिंह, धीरेंद्र सिंह, विवेक यादव आदि लोग मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया।



संविधान दिवस पर शपथ लेते सपाई

# बसपा की बैठक में संविधान दिवस पर बाबा साहब को किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी की जनपद स्तरीय कार्यकर्ता बैठक जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल के प्रभारी विजय भास्कर ने संविधान दिवस पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया और कहा कि आगामी 6 दिसंबर को बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस को हम लोग लखनऊ में बाबा साहब अंबेडकर स्मारक में एकत्रित होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि देंगे। जनपद से अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई। जिला प्रभारी रामरतन गौतम ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। सीताराम गौतम ने विचार व्यक्त किये। जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि 6 दिसम्बर को अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचकर भाग लेंगे। इस मौके पर अखिलेश भास्कर, लखमीचन्द्र गौतम, कमल शाक्य, इन्द्रपाल, त्रिपुरेश गौतम, दौलतराम बौद्ध, राजू शंखवार, गिरीश चन्द्र, रवि गौतम, प्रेमचन्द्र, रामपाल, अखिलेश शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध

# 28 पैकेट आया नया आलू 2762 रुपये कुंटल बिका



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को आलू का भाव सातनपुर मण्डी में 1381 रुपये पैकेट रहा। जौहरी लाल की आढ़त पर 28 पैकिट छोटे साइज का आलू आया। जिसे 1211 रुपये पैकेट दीपू कटियार ने खरीदा। कोल्ड स्टोरेज में आलू अभी 10 प्रतिशत से ज्यादा भण्डारण है। खाने में नये आलू का स्वाद अभी ठीक नहीं है। जिस कारण लोग पुराना आलू खा रहे है। पिछले सप्ताह आलू का भाव 800 से 850 रुपये प्रति बिक्री हो रही थी। बड़े साइज का आलू मण्डी में अभी आ नहीं रहा है। जो भी आलू आता है सुबह ही बिक जाता है। एक सप्ताह बाद आलू की बिक्री ठीक-ठाक शुरु हो जायेगी। किसान रुप सिंह की आढ़त पर 20 पैकेट मोटा आलू आया। जिसे सुभाष कटियार ने 1381 रुपये पैकेट खरीदा। आलू की अगैती फसल में इस बार अभी इजाफा नहीं दिख रहा है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष आलू लेट हो गया है। जिसे किसानों ने मण्डी लाना पूर्ण रूप से शुरु नहीं किया है। कई किसानों ने बताया कि आलू को खोदने के दौरान छोटा साइज का निकल रहा है। इसलिए एक सप्ताह से दो सप्ताह बाद आलू का साइज खुदाई में सही से निकलने लगेगा, तभी जाकर मण्डी में रौनक आयेगी।

# कलेक्ट्रेट में स्वच्छता कर्मियों को किया गया सम्मानित



स्वच्छता कर्मी को सम्मानित करते डीएम व मौजूद जनप्रतिनिधि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौर व जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की उपस्थिति में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक व जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया व उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रनिधिगण, अधिकारियों व कर्मचारियों ने लखनऊ में लोक भवन में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना।

संविधान दिवस पर विधायक एवं जिलाधिकारी ने नगर पालिका/नगर पंचायत एवं ग्रामीण स्वच्छता कर्मियों को कंबल एवं मिष्ठान देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। स्थानीय निकाय के कुल 11 स्वच्छता कर्मियों व प्रत्येक विकासखंड से एक-एक कुल 07 अच्छे सफाई का कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मियों को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी व कलेक्ट्रेट व विकास भवन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हिन्दू रक्षा मंच ने मेला रामनगरिया की दोबारा बैठक कराये जाने की उठायी मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बीते दिन मेला रामनगरिया की जिलाधिकारी द्वारा बैठक बुलायी गई थी। जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच को नहीं बुलाया गया। जिस पर उन्होंने नाराजगी जतायी। मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच की और कमेटी की बैठक हुई। जिसमें जिलाधिकारी के द्वारा मेला रामनगरिया को लेकर के बुलाई गई बैठक में किसी भी सामाजिक एवं हिंदूत्ववादी संगठनों को ना बुलाने पर कड़ा विरोध किया गया। जिससे सभी संगठनों में आक्रोश है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि रामनगरिया मेले की दोबारा बैठक बुलाई जाए और हम सभी संगठन के लोगों को मेला रामनगरिया को लेकर के राय मशवरा लिया जाए। इस पर हम लोग एक जिलाधिकारी को अति शीघ्र देगें। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेकानंद आचार्य, संस्थापक बबीता पाठक, आलोक भारती, प्रीति तिवार, विपिन अवस्थी, सुमन राजपूत, डॉ. संदीप चतुर्वेदी, राहुल सोमवंशी, हेमलता मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।



शपथ दिलाते प्राचार्य डॉ. रमन प्रकाश

# संविधान दिवस पर प्राचार्य ने शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को दिलायी शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय महाविद्यालय में 75वां संविधान दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज के ही दिन 26 नवंबर को सन 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था। संविधान का निर्माण भारत के संविधान सभा के द्वारा किया गया। जिसमें प्रारूप कमेटी के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर का अमूल्य योगदान रहा। प्राचार्य डॉक्टर रमन प्रकाश के द्वारा संविधान की शपथ दिलायी। इस अवसर पर भारतीय महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण और शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# किसान संयुक्त मोर्चा ने समस्याओं को लेकर 12 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

किसान संयुक्त मोर्चा के आवाह्न पर 12 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति मांग करता है कि फसलों के लिए कानून के रुप में गारंटी कृत खरीद के साथ एमएसपी लागू किया जाये। चार श्रम संहिताओं को निरस्त किया जाये। श्रम का ठेकाकरण व आउटसोर्सिंग न हो। संगठित, असंगठित स्कीम, श्रमिकों और अनुबंध श्रमिकों तथा कृषि क्षेत्र सहित सभी श्रमिकों के लिए 26 हजार रुपये प्रतिमाह का राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन, 10 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन, समाजिक सुरक्षा का लाभ दे। ऋण गृहस्था के कारण गरीबों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं के कारण किसानों का व्यापक ऋण माफ हो। रक्षा, रेलवे, स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा, बीमा आदि क्षेत्रों में किसानों को सार्वजनिक सेवायें दी जाये और निजीकरण न किया जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज कुमार, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह यादव, डॉ. ज़ाकिर हुसैन, शैलेंद्र सिंह, केशव पाल, ब्रहम्माशरन, अनिरुद्ध सिंह, भरत कुमार, सुरजीत सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

## महिला ने एक साथ तीन बच्चों को दिया जन्म

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र निवासी गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सर्जन डॉ0 अमरनाथ ने प्रसव कराया। महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया। जिसमें दो बेटे और एक बेटी है। फिलहाल तीनों बच्चे और महिला स्वस्थ है। थाना नवाबगंज क्षेत्र निवासी रितेश कुमार की पत्नी वंदना को प्रसव पीड़ा होने पर शहर के मसेनी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सर्जन डॉ0 अमरनाथ ने गर्भवती महिला का आपरेशन कर प्रसव कराया। बड़े ऑपरेशन के बाद महिला ने एक नहीं दो नहीं बल्कि तीन स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया। जिसमें से एक बेटी और दो बेटे हैं। रितेश ने बताया कि एक साथ तीन बच्चे होने से परिवार में खुशी का माहौल है। वहीं रिश्तेदारों का भी तांता लगा हुआ है। सर्जन डॉ0 अमरनाथ ने बताया कि जब गर्भवती का अल्ट्रासाउंड कराया तब तीन बच्चों के गर्भ में होने की जानकारी मिली। बेहद संवेदनशीलता के साथ आपरेशन महिला का प्रसव कराया गया। जच्चा और बच्चा दोनों की हालत ठीक है। इस प्रकार के केस कई वर्षों में ही यदा कदा आते है।

# भाकियू टिकैट ने मनाया विरोध दिवस, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने 26 नम्बर मंगलवार को विरोध दिवस के रुप में मनाया।

4 साल पहले 26 नवंबर को भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने संयुक्त किसान मोर्चा के साथ मिलकर के तीन कृषि काले कानून को सरकार से वापस कराया था। इसी को लेकर के भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने आज के दिन को विरोध दिवस के रूप में मनाया और पूरे भारत में किसान संगठनों ने किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा और बैठक कर विचार रखे। भेजे गये ज्ञापन में दर्शाया कि हम मजदूर और किसान पूरे भारत में मुद्दों को उजागर करने और निवारण करने की मांग के लिए संयुक्त रुप से विरोध कर रहे है। प्रमुख उत्पादन शक्तियों के पक्ष में हस्तक्षेप हो। 2020 को आज ही के दिन तीन कानूनों के खिलाफ संसद की ओर अपना ऐतिहासिक मार्च किया गया। किसानों ने लम्बे समय तक संघर्ष किया और कानून वापस लिये गये। जबकि किसानों से किये गये वादे आज तक पूरे नहीं किये गये है। कारपोरेट्स और सुपररिच की नीतियें के कारण गहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की है कि बुनियादी अधिकार की रक्षा के लिए हम संघर्षरत है। पुरानी पेंशन बहाल हो, सेवानिवृत्तों का अधिकार हो। खाद और स्वास्थ्य सुरक्षा का निवारण हो। कानूनी तंत्र की बहाली हो। किसानों और गरीबों को कृषि संकट से मुक्ति दिलायी जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर बुंदेलखंड कानपुर जोन के उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्राए जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्यए जिला प्रवक्ता अजय कटियार, लक्ष्मीशंकर जोशी, कृष्णगोपाल, अभय यादव, शिवराम शाक्य, संजय यादव, सुशील बाबा, अनीस सिंह, यादवेन्द्र सिंह, हरिशंकर, ज्ञानसिंह, बाबू बुंदेला, धर्मेन्द्र, अवनीश कुमार, अजीत कुमार चौबे, सतीश, सुरेश सिंह, ताहर सिंह, अखिलेश मिश्रा, जयचन्द्र सिंह, रमेश सिंह, कमलेश, विश्राम सिंह, कैलाश कटियार, राम कुमार यादव, रामस्वरुप, बलवीर आदि लोग मौजूद रहे।



धरने को सम्बोधित करते अजय कटियार

# रस्तोगी इंटर कालेज में संविधान दिवस पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेठ कन्हैया लाल रामशरन रस्तोगी इंटर कालेज में संविधान दिवस मनाया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रार्थना स्थल पर संविधान की विशेषताओं और मौलिक कर्तव्यों पर इंचार्ज प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद ने विचार व्यक्त करते हुए संविधान पर प्रकाश डाला और छात्रों को शपथ दिलवायी। बाबा साहब डॉ. भीमरॉव अम्बेडकर के चित्र पर प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षकों ने पुष्प अर्पित किये। संचालन प्रवक्ता सुधाकर चतुर्वेदी ने किया। छात्रों के मध्य वाद-विवाद, निबंध, संविधान पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजेन्द्र पाल मथुरिया, देवेन्द्र कुमार, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, महाराज सिंह, किरन वर्मा, हिमांशु शुक्ला, गजेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# संविधान दिवस पर छात्राओं ने निकाली पद यात्रा, किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संविधान दिवस पर नेहरू युवा केंद्र के द्वारा पदयात्रा रामानंद बालिका इंटर कॉलेज से निकाली गई। जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा के निर्देशन में पदयात्रा रामानंद बालिका इंटर कॉलेज से शुरु होकर रेलवे रोड एवं अन्य मुख्य मार्गो से होते हुए विद्यालय पहुंची। प्रधानाचार्या रीता दुबे ने यात्रा का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि संविधान दिवस सिर्फ एक दिन ही नहीं है, बल्कि हमारे देश की सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज यानी संविधान को याद करने का दिन है। इस दस्तावेज को बनाने में डा0 भीमराव अंबेडकर जैसे महान लोगों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने हमारे देश के सबसे पहले कानून मंत्री के रूप में काम किया। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य देश में लोगों को संविधान की जानकारी देना है। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने कहा कि हर भारतीय को संविधान के बारे में लोगों को जागरूक करने और संविधान के महत्व व बाबा भीमराव अंबेडकर के विचारों और अवधारणाओं को फैलाने के उद्देश्य से संविधान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पदयात्रा के दौरान भारत माता एवं अंबेडकर के स्वरूप में बच्चों ने प्रदर्शन किया। बच्चों ने मुख्य मार्गों पर संविधान के नारों से लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं युवा साथी उपस्थित रहे।




पदयात्रा में भाग लेती छात्रायें व शिक्षिकायें

# डीएन कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत संगोष्ठी आयोजित




संगोष्ठी में विचार व्यक्त करती छात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. श्याम मिश्रा के निर्देशन में महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार सिंह ने भारतीय संविधान की विशेषताओं एवं संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग ने संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए शपथ दिलायी।

संचालन डॉ. एचएसएन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर शिक्षक डॉ. अजहर जुनैद आलम, डॉ. पंचम सिंह, विनय कुमार बाथम, प्रियांशु सिन्हा, अनामिका मिश्रा, शीतल त्रिवेदी व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत तम्बाकू मुक्त युवा अभियान कार्यक्रम विद्यालय में प्राचार्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ और उन्होंने तम्बाकू की हानियों पर प्रकाश डाला।

# कांग्रेसियों ने संविधान दिवस पर भाजपा सरकार की नीतियों का किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा टाउन हाल स्थित नगर पालिका परिषद कार्यालय के पीछे गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।

गोष्ठी में शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार आम नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक व असमानता पूर्ण नीतियों के विरुद्ध विचार व्यक्त किये गये।

उन्होंने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा जांच एजेंसियों का दुरुपयोग, पूंजीपतियों का संरक्षण व जातिगणना न कराना, संविधान विरुद्ध कार्य करना, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन करना आदि बिन्दुओं पर विचार व्यक्त किये। सभी ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, दीपक मिश्रा, कौशलेन्द्र सिंह चौहान हिलाल सफीकी, खालिद हुसैन, वरुण त्रिपाठी, निक्की, सुनीता, पप्पी, वीरेन्द्र मिश्रा, प्रभात कटियार, मोहम्मद जुबैर, राशिद आदि लोग मौजूद रहे।




गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान मौजूद कांग्रेसी

## संविधान समता का अधिकार देता है: मिस्टर फर्रुखाबाद हर्ष दुबे

**फर्रुखाबाद।** मिस्टर फर्रुखाबाद हर्ष दुबे ने संविधान दिवस मनाते हुए विचार व्यक्त किये और कहा कि भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद एवं संविधान के जनक डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने लिखित निर्माता के रूप में अपनी अहम भूमिकाओं को निभाया और संविधान को एक नया अर्थ दिया। भारतीय संविधान आम जन हित, सम्मान, मान, प्रतिष्ठा, शौर्य आदि का दर्पण है, जो जन हित के सम्मान, अधिकारी एवं कर्तव्यों को सम्मान देता है और गरीब व अमीर में एक समान रखने का कार्य कार्य है, समता का अधिकार देता है, स्वतंत्रता का अधिकार आदि तरीकों से जन को कल्याण हेतु एक नई शक्ति देता है, सरकारें भी संविधान के अनुरूप ही चलती है और न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका कार्य करती है। संसद की शक्ति, संविधानिक निकायों एवं आयोगों की शक्ति भी निहित है। जो सर्वोपरि है और संविधान के अनुरूप रहकर संपूर्ण भारत वासियों को जन हित में कार्य करें और समाज का कल्याण कर नए राष्ट्र का निर्माण करें।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की इंजीलवादी डॉ केएम पॉल की जनहित याचिका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा इंजीलवादी डॉ. केए पॉल द्वारा दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया गया। जिसमें भारतीय चुनावों में फिजिकल बैलेट पेपर से मतदान फिर से शुरू कराने मॉग की गयी थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता डॉ. पॉल ने तर्क दिया कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। न्यायमूर्ति ने याचिकाकर्ता के ईवीएम से छेड़छाड़ के दावों को खारिज कर दिया और उजागर किया जो केवल चुनाव हारने पर ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हैं। यदि आप चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं की जाती है। जब आप चुनाव हारते है तो ईवीएम से छेड़छाड़ की जाती है। जब चंद्रबाबू नायडू हार गए तो उन्होंने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। अब इस बार जगन मोहन रेड्डी हार गए। उन्होंने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ की जा सकती है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पीबी वराले को याचिकाकर्ता डॉ. पॉल के तर्को में कोई योग्यता नहीं मिली। जिस कारण याचिका पर विचार नहीं किया गया और जनहित याचिका को खारिज कर दिया गया।

**कार्यालय ग्रा0पं0 वीरपुर हरिहरपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2024-25 दिनांक 26/11/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2024-25 अन्तर्गत ग्राम पंचायत वीरपुर हरिहरपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 27/11/2024 से दिनांक 03/12/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 03/12/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | श्रीकृष्ण यादव के घर से मनोज यादव के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.86 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें:-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर हरिहरपुर विकास खण्ड राजेपुर, जनपद फर्रुखाबाद।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ के वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरुआत करते हुए कहा

# भारतीय संविधान है जीवंत व प्रगतिशील दस्तावेज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय संविधान को जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज बताते हुए आज कहा कि इसके माध्यम से हमने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़े कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं।



राष्ट्रपति मुर्मु संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ के वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरुआत करने के लिए संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में ने मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने देशवासियों से अपने आचरण में संवैधानिक आदर्शों को शामिल करने, मौलिक कर्तव्यों का पालन करने और वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। हमारे दूरदर्शी संविधान निर्माताओं ने बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुसार नए विचारों को अपनाने की व्यवस्था प्रदान की थी। हमने संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़े कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं। एक नई सोच के साथ हम विश्व समुदाय में भारत को नई पहचान दिला रहे हैं। हमारे संविधान निर्माताओं ने भारत को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का निर्देश दिया था। आज हमारा देश एक अग्रणी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ विश्व बंधु के रूप में भी अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान हमारे लोकतांत्रिक गणतंत्र की मजबूत आधारशिला है। हमारा संविधान हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत गरिमा सुनिश्चित करता है।

### हमारे संवैधानिक आदर्शों को सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से मिलती है ताकत

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे संवैधानिक आदर्शों को कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के साथ-साथ सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ताकत मिलती है। हमारे संविधान में प्रत्येक नागरिक के मौलिक कर्तव्यों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करना, समाज में समरसता को बढ़ावा देना, महिलाओं के सम्मान को सुनिश्चित करना, पर्यावरण की रक्षा करना, वैज्ञानिक सोच विकसित करना, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना और राष्ट्र को उपलब्धियों के नए स्तर पर ले जाना नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि संविधान की भावना के अनुसार कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका का मिलकर यह दायित्व है कि वे सामान्य लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए मिलजुल कर काम करें। उन्होंने कहा कि संसद द्वारा पारित अनेक अधिनियमों से लोगों की आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर वर्गों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं। ऐसे निर्णयों से लोगों के जीवन में सुधार हुआ है और उन्हें विकास के नए अवसर मिल रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि लगभग तीन-चौथाई सदी की संवैधानिक यात्रा में राष्ट्र ने उन क्षमताओं को अर्जित करने और सार्थक परंपराओं को विकसित करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमने जो सबक सीखे हैं, उन्हें अगली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2015 से हर साल 'संविधान दिवस' के समारोहों से हमारे युवाओं में देश के बुनियादी दस्तावेज यानी संविधान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली है।

उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर सभी देशवासियों ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। अगले वर्ष 26 जनवरी को हम अपने गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। उन्होंने कहा कि एक अर्थ में भारत का संविधान कुछ महानतम लोगों द्वारा लगभग तीन वर्षों के विचार-विमर्श का परिणाम था लेकिन सही अर्थों में यह हमारे लंबे स्वतंत्रता संग्राम का परिणाम था। उस अतुलनीय राष्ट्रीय आंदोलन के आदर्शों को संविधान में शामिल किया गया। उन आदर्शों को संविधान की प्रस्तावना में संक्षेप में शामिल किया गया है। वे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता हैं। इन आदर्शों ने सदियों से भारत को परिभाषित किया है।

## सीपीएचआई व पी-मेक इंडिया का 17वां संस्करण इंडिया एक्सपो सेंटर में शुरू




समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** इन्फोर्मा मार्केट्स इंडिया द्वारा आयोजित सीपीएचआई और पी-मेक इंडिया का 17वां संस्करण आज ग्रेटर नोएडा, दिल्ली-एनसीआर के इंडिया एक्सपो सेंटर में शुरू हुआ जो 26 से 28 नवंबर 2024 तक चलेगा, जिसमें भारतीय फार्मा उद्योग की मजबूत क्षमता का प्रदर्शन किया गया। 2030 तक भारतीय फार्मा बाजार के 130 बिलियन अमरीकी डॉलर और 2047 तक 450 बिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ने के अनुमान के साथ, इस आयोजन ने वैश्विक स्वास्थ्य को आकार देने में उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया।

अमेरिका, यूएई, दक्षिण कोरिया, जापान और यूनाइटेड किंगडम सहित 120 से अधिक देशों के 2,000 से अधिक प्रदर्शकों और 50,000 से अधिक विज़िटर्स को एक साथ लाते हुए, यह एक्सपो नवाचार और सहयोग के लिए एक गतिशील केंद्र के रूप में कार्य करता है। इस अवसर पर के. राजा भानु, महानिदेशक, फार्मेक्सिल, हरीश के. जैन, अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ फार्मा उद्यमी, नमित जोशी, उपाध्यक्ष, फार्मेक्सिल, एवीपीएस चक्रवर्ती, वैश्विक राजदूत, विश्व पैकेजिंग संगठन, राकेश कुमार, अध्यक्ष, इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड और महानिदेशक, हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद , योगेश मुद्रास, प्रबंध निदेशक, इन्फोर्मा मार्केट्स इंडिया, एडम एंडरसन, कार्यकारी उपाध्यक्ष - फार्मा, इन्फोर्मा मार्केट्स बी.वी आदि ने भारत के फार्मा क्षेत्र को आगे बढ़ाने और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने में आयोजन के योगदान की सराहना की।

# कांग्रेस ने संविधान की आत्मा को कमजोर किया : नड्डा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज कहा कि हमारे संविधान की व्याख्या को दुर्भावनापूर्ण प्रयासों के माध्यम से विकृत और गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत एजेंडों को पूरा करना और संविधान की आत्मा को कमजोर करना है। नड्डा यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।



नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो लंबे समय तक सत्ता में रही, उसने बाबा साहब आंबेडकर का हमेशा अपमान किया। कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में ही दो साल के लिए आपातकाल लगाया गया था। हम सभी जानते हैं कि आपातकाल के दौरान अनुच्छेद 19, 21 और 22 को निलंबित कर दिया गया था। इन मौलिक अधिकारों को प्रभावी ढंग से छीन लिया गया था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबा दिया गया था और धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता से वंचित किया गया था। उन्होंने कहा कि देश को पता होना चाहिए कि देश के सामने संविधान को सही तरीके से पेश करने में किस पार्टी का योगदान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान की रक्षा की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर को कांग्रेस ने भारत रत्न नहीं दिया जबकि देश में लंबे समय तक कांग्रेस सत्ता में थी लेकिन बाबा साहब को भारत रत्न तब मिला, जब भाजपा सत्ता में आई। उन्होंने कहा कि संविधान गौरव यात्रा की शुरुआत नरेन्द्र मोदी (मौजूदा प्रधानमंत्री) ने उस वक्त की थी, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

### देश को आगे बढ़ाने का काम हमारी जिम्मेदारी

जेपी नड्डा ने कहा कि आज के दिन हम बाबा साहब आंबेडकर को याद करते हैं। आज के ही दिन जब हम 26 नवंबर को याद करते हैं तो आवश्यक यह भी हो जाता है कि हम 26/11 को भी याद करें। आज के ही दिन मुंबई में जो हमले हुए, उसमें आम लोग, हमारे नागरिक बंधु और विदेशी पर्यटक भी कुछ हताहत हुए। साथ में कुछ सुरक्षा कर्मचारी भी शहीद हुए। आज उनको भी याद करना आवश्यक है। अगर हम संविधान दिवस की बात करें तो बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की तरफ से हम लोगों को संविधान बहुत बड़ा गिफ्ट है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम उसका सदुपयोग करते हुए देश को आगे बढ़ाने का काम करें।

## इस्लामाबाद के डी-चौक पर खूनखराबा, पीटीआई के तीन कार्यकर्ताओं की मौत

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद का डी-चौक आज खूनखराबे का गवाह बना। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करो या मरो के आह्वान पर सरकारी बाधाओं को पार कर डी-चौक के पास पहुंचे हजारों कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हुई है। पीटीआई ने दावा किया कि इस झड़प में उसके तीन कार्यकर्ताओं की मौत हो गई। जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार एक्स पर एक पोस्ट में पीटीआई ने कहा कि पुलिस ने इस्लामाबाद विरोध प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों पर सीधे गोलीबारी की। इसमें तीन लोग मारे गए और कई घायल हो गए। संघीय सरकार के गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि सरकार ने पीटीआई नेताओं को हर तरह से मनाने की कोशिश की। वे नहीं माने। वह संघीय राजधानी की ओर आगे बढ़े।

## हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव : क्लार्क द रॉक बैंड की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या पर मंगलवार को आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा द्वारा सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के आठवें दिन रंगमंच से एक बार फिर क्लार्क द रॉक बैंड ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दर्शकों का दिल जीत लिया। तपन पात्रा - बैस गिटारवादक, अरूप चटर्जी-इलेक्ट्रॉनिक ड्रमर, पंकज त्रिवेदी-स्पेनिश इलेक्ट्रिक गिटारवादक, पुनीत शर्मा-इलेक्ट्रॉनिक कीबोर्ड, प्रदीप भारद्वाज शुक्ला- प्रमुख गिटारवादक। इस क्रम में सांस्कृतिक रंगमंच की संध्या का आगाज किया गया इस दौरान मंच से स्वरा त्रिपाठी ने ये शाम मस्तानी ...... गीत प्रस्तुत कर दर्शको का मन मोहा व खूब झुमाया नचाया। इस अवसर पर महोत्सव समिति के रणवीर सिंह, विनय दुबे, हेमू चौरसिया, मनोज सिंह चौहान, विवेक सिंह उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवम मनीष पंडित ने किया। आठवें दिन महोत्सव में लगी भारी भीड़, बच्चो में फन जोन का रहा उत्साह। आशियाना क्षेत्र में आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में भारी संख्या में बड़े बुजुर्ग बच्चे संग स्थानीय एवं दूरदराज से आये लोगो ने महोत्सव का लुत्फ़ लिया। महोत्सव में 28 राज्यों के उत्पाद लगाए गए है जिसे लेकर लोगो में काफी उत्साह रहा। वहीं फनजोन में बच्चो ने जमकर झूले एवं टॉय ट्रैन का मजा लुटे और खूब मौज मस्ती की।




## खबरें एक नजर में

### पहले टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पदार्पण करेंगे जैकब बेथेल

**लंदन।** जैकब बेथेल गुरुवार को हेगले ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में नंबर 3 पर इंग्लैंड के लिए अपना टेस्ट डेब्यू करेंगे, हालांकि उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कभी भी यह भूमिका नहीं निभाई है। जॉर्डन कॉक्स के अंगूठे में चोट लगने के बाद बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल किया गया है, जो पहले जेमी स्मिथ के पितृत्व अवकाश पर दौरे से बाहर होने के कारण डेब्यू करने वाले थे, वारविकशायर के मध्य क्रम के बल्लेबाज ओली पोप को विकेटकीपिंग करने की अनुमति देने के लिए पहले ड्रॉप पर आएंगे। जो रूट अपने 150वें मैच में नंबर 4 पर बने रहेंगे। बेथेल को इस तरह की जिम्मेदारी के पद पर चुना जाना चयनकर्ताओं द्वारा उनकी प्रतिभा के प्रति सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने घरेलू गर्मियों के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टी20 और ओडीआई डेब्यू किया, और उस सफ़ेद गेंद के दौरे पर दोनों प्रारूपों में तीन अर्धशतक लगाकर कैरेबियाई टीम को प्रभावित किया। इसके बाद उन्होंने सोमवार कोआईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने साथ 2.6 करोड़ रुपये के सौदे के साथ अपने साथ जोड़ा।। बेथेल वेस्टइंडीज सीरीज के बाद घर पर छुट्टी लेकर रविवार को ही न्यूजीलैंड पहुंचे। नतीजतन, उन्होंने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच में कोई भूमिका नहीं निभाई। पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग एकादश- जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक, ओली पोप (विकेट कीपर), बेन स्टोक्स (कप्तान), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्से, शोएब बशीर।

### जापानी अंतरिक्ष केंद्र में लगी आग, रॉकेट इंजन का परीक्षण रोका

**टोक्यो।** जापान की अंतरिक्ष एजेंसी एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन (जेएएक्सए) ने दक्षिण-पश्चिमी जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र में आग लगने के बाद एप्सिलॉन एस रॉकेट इंजन का परीक्षण रोक दिया। एस रॉकेट इंजन का प्रक्षेपण अगले साल मार्च के अंत में होना था। इस विफलता के कारण अब इस प्रक्षेपण में देरी हो सकती है। तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र में इंजन का जमीनी दहन परीक्षण शुरू होने के तुरंत बाद विस्फोट हुआ। इंजन परीक्षण में प्रज्ज्वलन के 49 सेकेंड बाद फ्दहन असामान्यताफ् का सामना करना पड़ा। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने नियमित प्रेस ब्रीफिंग में कहा, जेएएक्सए समस्या के कारणों की गहन जांच करेगा और उपायों पर विचार करेगा। शीर्ष सरकारी प्रवक्ता हयाशी ने कहा कि जापान के अंतरिक्ष कार्यक्रम की स्वायत्तता सुनिश्चित करने के लिए रॉकेट विकास फ्अत्यंत महत्वपूर्णफ् है ।उल्लेखनीय है कि जेएएक्सए ने एप्सिलॉन ठोस-ईंधन छोटे रॉकेट श्रृंखला में अगली पीढ़ी के एप्सिलॉन एस विकसित करने के लिए भारी मशीनरी निर्माता आईएचआई की एयरोस्पेस इकाई के साथ साझेदारी की है। एयरोस्पेस के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी कारणों की जांच कर रही है।

### शशि रुइया के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारतीय कारोबार परिदृश्य को बदला

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एस्सार समूह के सह-संस्थापक शशिकांत रुइया (शशि रुइया) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री रुइया के दूरदर्शी नेतृत्व और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने भारत के व्यापार परिदृश्य को बदल दिया। श्री मोदी ने मंगलवार को सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, श्री शशिकांत रुइया जी उद्योग जगत में एक महान हस्ती थे। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने भारत के व्यापार परिदृश्य को बदल दिया। उन्होंने नवाचार और विकास के लिए उच्च मानक भी स्थापित किए। वे हमेशा विचारों से भरे रहते थे, हमेशा इस बात पर चर्चा करते थे कि हम अपने देश को कैसे बेहतर बना सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, शशि जी का निधन बेहद दुखद है। इस दुख की घड़ी में उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति।

### जाति जनगणना से सबकी भागीदारी व मतपत्रों से मतदान जरूरी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने संविधान दिवस के अवसर पर देश में जातीय जनगणना और आनुपातिक आरक्षण के साथ-साथ मतदान प्रणाली में मतपत्र की वापसी को आवश्यक बताते हुए कहा है कि इससे लोगों को अधिकार मिलेंगे और लोकतंत्र मजबूत होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में फ्संविधान रक्षक अभियान-मेरी जान मेरा अभियानफ् कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सबको उनका अधिकार दिलाकर बहुसंख्यकों को न्याय देने के लिए जाति जनगणना आवश्यक है और इसके लिए कांग्रेस का संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक संसद में इसे पारित नहीं कराया जाता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को मजबूत बनाया है और उनकी संपत्ति को कई गुना बढ़ाया है।

## सुएज इंडिया ने कैम्प लगाकर सीवर सम्बन्धी समस्या का किया समाधान




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** वन सिटी वन ऑपरेटर योजना के तहत सीवर मेंटेनेंस का कार्य कर रही संस्था सुएज इंडिया ने मंगलवार को जोन - 1,2,3,4,6,7 में जनसुनवाई कैम्प का आयोजन किया। इस जनसुनवाई कैम्प में सभी 6 जोन के वार्ड के निवासियों ने शामिल होकर अपनी समस्या बताई।

सुएज इंडिया के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने बताया की जनसुनवाई कैम्प का आयोजन हर महीने किया जाता है। इस जनसुनवाई कैम्प के माध्यम से लोगो की सीवर सम्बन्धी समस्याओ का समाधान होता है। जनसुनवाई में लोगो ने विभिन्न प्रकार की शिकायते दर्ज़ कराई जिनमे क्षतिग्रस्त मैनहोल, सीवर ओवरफ्लो आदि शामिल है। श्री मठपाल ने बताया की बड़े कार्यो से सम्बंधित शिकायतों को छोड़कर इन शिकायतों को हल करने के लिए न्यूनतम 24 घंटे का समय दिया जाता है। सुएज इंडिया शहर में सीवर व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और लोगो की शिकायतों का त्वरित समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। जनसुनवाई कैम्प का आयोजन लोगो की समस्या को सुनने और उसका समाधान करने का एक महत्वपूर्ण तरीका है।

## चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी अलोकतांत्रिक

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय महा-मंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने मंगलवार को एक वीडियो जारी कर बांग्लादेश प्रशासन द्वारा वहां के इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी की गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इसे वहां के प्रशासन की कायरता पूर्ण और अलोकतांत्रिक कार्रवाई बताया है। उन्होंने कहा कि विहिप वहां के प्रशासन की इस कायरता पूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना का पुरजोर विरोध करती है। इस्कॉन ने या अन्य हिंदू समाज के संगठनों ने अभी तक अपने उत्पीड़न के विरोध में लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन किया है। किसी भी प्रकार की हिंसा का उन्होंने प्रतिहिंसा के रूप में अभी तक कोई उत्तर नहीं दिया है। बजरंग लाल बागड़ा ने आगे कहा कि इस प्रकार के पूर्ण शांतिप्रिय और लोकतांत्रिक रूप से अपनी बात रखने वाले समाज के किसी नेतृत्व को, जो एक वर्ग का भी नेतृत्व करते हैं, इस प्रकार से अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बंद करना, उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अलोकतांत्रिक है।

# लोक सांस्कृतिक उत्सव व कार्यशाला का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** कल्याणपुर लखनऊ स्थित आर्टस एण्ड कल्चरल सोसाइटी द्वारा कु. कामना बिष्ट के निर्देशन में भारतीय लोक संस्कृति तीज त्योहारों एवं परम्पराओं पर आधारित तीन दिवसीय भारतीय लोक सांस्कृतिक उत्सव एवं कार्यशाला का आयोजन वरसाना उपवन शिवपुरी, कल्याणपुर लखनऊ उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. राजेश कुमार प्रजापति, विशेष सचिव उ.प्र. शासन (आई.एस.एस) एवं विशिष्ट अतिथि उमेश सनवाल सभासद, डा. के. के. पाण्डेय तथा डा. श्रेया प्रजापति के कर कमलो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।




संस्था के अध्यक्ष भरत सिंह बिष्ट एवं कोषाध्यक्ष महेन्द्र सिंह नेगी द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र तथा पंतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सुन्दर संचालन सुरेन्द्र राजेश्वरी वरिष्ठ उद्घोषक आकाशवाणी द्वारा किया गया। मौके पर दीवान सिंह अधिकारी, हरीश चन्द्र पंत, रमेश रावत, मदन सिंह बिष्ट उपस्थित रहे। उत्सव में सर्वप्रथम कामना बिष्ट के निर्देशन तथा शोभा पटवाल के सहायक निर्देशन में मॉ नन्दा सुनन्दा का डोला लेकर सुन्दर प्रदर्शन किया गया जिसमें उत्तराखण्ड के वाद्यय ढोल दमऊॅ एवं रणसिंहा लेकर कलाकारों ने विहंगम एवं भक्तिमय प्रदर्शन कर श्रोताओं को भक्तिमय आनन्द दिया। जिसके कलाकार - कामना बिष्ट, एण्ड्री बिष्ट, क्रितिका रावत, गरिमा देवडी, शोभा पटवाल, खुशी सिंह, स्नेहा बिष्ट, ज्योति जोशी, गार्गी घुगतियाल, रिया सिंह, जयदीप नेगी, विजय, वर्तिका, निहारिका, मदन सिंह बिष्ट, महेन्द्र सिंह नेगी तथा लाल सिंह बिष्ट थे। उत्सव में प्रस्तुतियों में उत्तराखण्ड के लोकप्रिय लोकनृत्य की सुन्दर प्रस्तुति, भारतीय लोक संस्कृति पर आधारित असम का बिहू लोक नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति, उत्तराखण्ड का पारम्परिक पौराणिक लोक संस्कृति पर आधारित झोडा लोकनृत्य, उत्तराखण्ड का पारम्परिक लोकनृत्य, बाल कलाकारों द्वारा कुमाऊॅ के अनेको गीतों का रिमिक्ष पर लोकनृत्य की प्रस्तुति बाल कलाकार हंसिका गोस्वामी, भूमि जोशी, भूमि पाण्डे, जीविका, उन्नति मौर्या, रिशिता एवं साथी कलाकार। शोभा पटवाल के निर्देशन में उत्तराखण्ड का पारम्परिक झोड़ा लोकनृत्य जिसके कलाकार, शोभा पटवाल, हेमा बिष्ट तथा जगत सिंह धपोला ने पारम्परिक लोकगीतों से श्रोतोओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

# महाकुंभ के लिए गोरखपुर से होकर गुजरेंगी 2100 बसें

**शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा कराने की व्यापक तैयारी, सभी डिपो को अभी से किया गया अलर्ट**

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** विश्व के अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में शामिल महाकुंभ में श्रद्धालुओं को तीर्थराज प्रयागराज तक सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के योगी सरकार कमर कसकर तैयार है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपी रोडवेज) की 2100 महाकुंभ स्पेशल बसें पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर परिक्षेत्र से होकर प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 के लिए गुजरेंगी। ये बसें गोरखपुर परिक्षेत्र के 38 स्थानों से होकर प्रयागराज महाकुंभ मेला के लिए आएंगी-जाएंगी। महाकुंभ के लिए गुजरने वाली बसों में से 390 महाकुंभ स्पेशल बसें गोरखपुर परिक्षेत्र के विभिन्न डिपों से चलाई जाएंगी। इसे लेकर परिक्षेत्र के सभी बस डिपो को अभी से अलर्ट कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यूपी रोडवेज, प्रयागराज महाकुंभ 2025 के लिए प्रदेश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं को सुगम, सस्ती एवं आरामदायक सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी में जुटा हुआ है। चूंकि प्रयागराज महाकुंभ में पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सड़क मार्ग से आते हैं इसलिए इस अंचल के हर कस्बे को महाकुंभ क्षेत्र से जोड़ते हुए बस चलाने की व्यापक योजना बनाई गई है। इसके लिए यूपी रोडवेज के गोरखपुर परिक्षेत्र से होकर 2100 बसों के संचलन का खाका तैयार कर लिया गया है। इस परिक्षेत्र में गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर जिलों में आने वाले बस डिपो शामिल हैं।




### गोरखपुर परिक्षेत्र में 38 मेला बिंदु तय

यूपी रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक (गोरखपुर परिक्षेत्र) लव कुमार सिंह बताते हैं कि प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 के लिए गोरखपुर परिक्षेत्र में 38 मेला बिंदु तय किए गए हैं। इन मेला बिंदुओं से महाकुंभ जाने वाले यात्रियों की संभावित संख्या का आकलन कर बसों का आवंटन किया गया है। मेला बिंदु बड़हलगंज से 140, गगहा से 30, गोरखपुर से 190, नौसढ़ से 20, हाटा से 20, कौड़ीराम से 70, मझगांवा से 20, सेंवई बाजार से 20, पडरौना से 35, कसया से 20, खलीलाबाद से 50, रुद्रपुर से 10, महराजगंज से 50, निचलौल से 20, ढूठीबारी/सिसवा से 20, पनियरा से 20, नौतनवा/आनंदनगर से 20, सोनौली से 15, गोला से 250, खजनी से 130, उरुवा से 159, कलवारी से 68, मुखलिसपुर से 50, बांसगांव से 55, बरहज से 50, लार से 20, देवरिया से 60, बांसी से 30, डुमरियागंज से 20, बस्ती से 80, बढ़नी से 30, सिद्धार्थनगर से 20, मेहदावल से 60, बेलघाट/धनघटा से 45, शोहरतगढ़ से 33 और गायघाट से 10 बसों का संचलन महाकुंभ मेला के लिए गुजरेंगी। इन बसों में से गोरखपुर परिक्षेत्र के राप्तीनगर, सोनौली, गोरखपुर, बस्ती, पडरौना, देवरिया, महराजगंज, सिद्धार्थनगर डिपो की 390 बसें भी शामिल हैं।

प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 में यात्रियों को सुगम आवागमन की सुविधा के लिए यूपी रोडवेज के गोरखपुर परिक्षेत्र के बेड़े में 203 नई बसें भी शामिल होंगी। यूपी रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक (गोरखपुर परिक्षेत्र) लव कुमार सिंह के मुताबिक इन नई बसों में 10 वोल्वो, 20 एसी स्लीपर बसें भी होंगी। नई बसें दिसंबर अंत तक आ जाएंगी।

## रक्षा मंत्री 8-10 दिसंबर को रूस यात्रा पर

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 8-10 दिसंबर को रूस यात्रा पर जाएंगे। मॉस्को और कैलिनिनग्राद का दौरा करके 9 दिसंबर को गाइडेड-मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशील को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल करेंगे। यह युद्धपोत भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे चार फ्रिगेट में से पहला होगा। इसके शामिल होने से इंडो-पैसिफिक में उभरती रणनीतिक चुनौतियों के बीच इससे भारत की नौसैनिक शक्ति को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। राजनाथ सिंह इस दौरान अपने रूसी समकक्ष एंड्री बेलौसोव के साथ बातचीत करेंगे। भारत ने रूस से चार गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट को लेकर 2016 में डील की थी। पहले दो फ्रिगेट की सीधी खरीद के लिए 1 बिलियन डॉलर का अनुबंध अंतिम रूप दिया गया था। इसके बाद नवंबर, 2018 में भारतीय साझेदारी के माध्यम से गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) ने शेष दो जहाजों को घरेलू स्तर पर बनाने के लिए सामग्री, डिजाइन और तकनीकी सहायता के लिए रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 500 मिलियन डॉलर का सौदा किया था।

# मर्यादा से सहमति या असहमति जताएं सांसद

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को आज नसीहत दी कि जिस प्रकार से संविधान सभा में अलग अलग विचार धारा वाले विद्वानों ने एक एक अनुच्छेद पर विचार मंथन करके पूरी गरिमा एवं मर्यादा से सहमति या असहमति व्यक्त की, हमें भी उसी उत्कृष्ट परंपरा को सदनों में अपनाना चाहिए।

श्री बिरला ने संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित ऐतिहासिक संविधान दिवस कार्यक्रम में अपने स्वागत उद्बोधन में यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में संविधान दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेतागण और सांसदों का अभिनंदन करते हुए कहा, आज संविधान दिवस का उत्सव मना रहे करोड़ों भारतीयों का मैं हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करता हूँ। 75 वर्ष पहले आज ही के दिन इस पवित्र स्थान पर हमारे संविधान को अंगीकृत किया गया था। राष्ट्रपति महोदया के नेतृत्व में सम्पूर्ण देश एक साथ मिलकर आज संविधान के प्रति कृतज्ञता प्रकट कर रहा है। आज करोड़ों देशवासी संविधान की प्रस्तावना का पाठ करके देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लेंगे।



लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा से वर्ष 2015 में हमने हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। हमारा संविधान हमारे मनीषियों के वर्षों के तप, त्याग, विद्वता, सामर्थ्य और क्षमता का परिणाम है। इसी केन्द्रीय कक्ष में लगभग 3 वर्षों के कठिन परिश्रम के बाद उन्होंने देश की भौगोलिक और सामाजिक विविधताओं को एक सूत्र में बांधने वाला संविधान बनाया। उन्होंने कहा, संविधान सभा में अलग अलग विचारधारा वाले सदस्य थे। इसके बावजूद उन्होंने एक-एक अनुच्छेद पर विचार मंथन किया, पूरी गरिमा और मर्यादा से अपनी सहमति असहमति व्यक्त करते हुए हमारे संविधान की रचना की। सार्थक एवं गरिमापूर्ण संवाद की इसी उत्कृष्ट परंपरा को हमें अपने सदनों में अपनाना चाहिए। श्री बिरला ने कहा कि हमारा संविधान देश में सामाजिक-आर्थिक बदलावों का सूत्रधार रहा है। कर्तव्यकाल में हम सामूहिक प्रयासों से विकसित भारत की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। इन 75 वर्षों में हमारी संसद के माध्यम से आम जनता के जीवन में सामाजिक आर्थिक परिवर्तन लाए गए हैं जिससे लोकतंत्र में जनता की आस्था मजबूत हुई है। संविधान ने हमारे लोकतंत्र के तीनों स्तंभों, विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को आपसी समन्वय के साथ सुचारु रूप से कार्य करने की व्यवस्था दी है। इन 75 वर्षों में इन तीनों अंगों ने श्रेष्ठता से कार्य करते हुए देश के समग्र विकास में अपनी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था- ÷हमारा संविधान एक ऐसा दस्तावेज होना चाहिए जो न केवल हमारे देश की स्वतंत्रता और समानता की रक्षा करें।